सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 15 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 308, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 84 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से बीएसई सेंसेक्स 84 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही। } 14

## राजग की ऐतिहासिक जीत, कल्याणकारी नीतियों पर मुहर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी और कल्याणकारी नीतियों के प्रति विश्वास की मुहर है। } 16

# बिहार में मोदी-नीतीश की सुनामी

## 243 विधानसभा सीटों में राजग को 203, महागठबंधन को 35 व अन्य को मिली 5 सीटें

### जंगलराज वालों का सांप्रदायिक फॉर्मूला ध्वस्त : मोदी

नयी दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि इस जीत ने एक नया एमवाई - महिला और यूथ फॉर्मूला दिया है और जनता ने जंगल राज वालों के सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूले को खारिज कर दिया है। मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार वह धरती है जिसने भारत को लोकतंत्र की जननी होने का गौरव दिया और आज इसी धरती ने यह सुनिश्चित किया कि लोकतंत्र पर हमला करने वाले लोगों को धूल चटायी जाए। मोदी ने कहा बिहार ने एक बार फिर दिखा दिया है कि झूठ की हार हुई है और लोगों का विश्वास जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत से निर्वाचन आयोग में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की भी सराहना की और चुनावी जीत के लिए राजग सहयोगियों को बधाई दी। उन्होंने कहा बिहार की जनता ने इस भारी जीत और अपने अटूट विश्वास के साथ राज्य में गर्दा उड़ा दिया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुस्लिम-यादव समर्थन आधार का स्पष्ट संदर्भ देते हुए मोदी ने कहा कि बिहार में कुछ पार्टियों ने एमवाई फार्मूला तैयार किया था, लेकिन आज की जीत ने एक नया सकारात्मक एमवाई - महिला और यूथ फार्मूला दिया है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा आज बिहार उन राज्यों में से एक है जहां युवा आबादी अधिक है और ये युवा सभी धर्मों और जातियों से हैं। उनकी इच्छाओं, आकांक्षाओं और उनके सपनों ने जंगल राज वाले लोगों के सांप्रदायिक एमवाई फार्मूले को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनावों ने यह भी दिखाया है कि मतदाता, विशेषकर युवा मतदाता, मतदाता सूची की गड़बड़ियों को दूर करने की कवायद को गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं ने भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को जबरदस्त समर्थन दिया है। मोदी ने निर्वाचन आयोग की भी सराहना की कि उसने सुनिश्चित किया कि चुनाव सुचारू रूप से संपन्न हों। उन्होंने राजद के शासनकाल का स्पष्ट रूप से संदर्भ देते हुए याद दिलाया कि कैसे जंगल राज के दौरान चुनाव में हिंसा होना आम बात होती थी।



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 243 में से करीब 203 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि लगभग 90 प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश की 243 विधानसभा सीटों में राजग 203 पर जीत चुकी है। दूसरी तरफ, विपक्षी महागठबंधन 35 सीटें जीत रही है। राजग के कई प्रमुख नेता और प्रदेश सरकार के मंत्री चुनाव जीत गए हैं।

कृषि मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार ने गया शहर सीट पर अपने लगातार जीत के क्रम को बरकरार रखा। 1990 से इस सीट पर काबिज कुमार ने कांग्रेस उम्मीदवार अखौरी ओंकार नाथ को 26,000 से अधिक मतों से हराया। जनता दल (यूनाइटेड) के नेता एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने कल्याणपुर (सु) सीट पर चौथी बार जीत दर्ज की। उन्होंने भाकपा (माले) लिबरेशन के उम्मीदवार रंजीत कुमार राम को 38,000 से ज्यादा मतों के अंतर से हराया। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने दरभंगा सीट पर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। मरवाड़ी समाज से आने वाले सरावगी ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) उम्मीदवार उमेश साहनी (वीआईपी) को 24,500 से अधिक मतों से मात दी। अन्य प्रमुख विजेताओं में पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह शामिल हैं, जिन्होंने 2020 में वीआईपी टिकट पर चुनाव जीता था लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने इस बार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी पृथ्वी नाथ राय को 13,000 से अधिक मतों से हराकर सीट बरकरार रखी। मधुबन से पूर्व मंत्री और भाजपा के राणा रणधीर सिंह और मोकामा से जदयू के बाहुबली नेता अनंत सिंह भी विजयी रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान जन सुराज पार्टी समर्थक दुलार चंद्र यादव की हत्या मामले में जेल में बंद आनंद सिंह ने राजद प्रत्याशी वीणा देवी को हराया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने भी गोविंदगंज सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। तिवारी ने 2015 में यह सीट जीती थी लेकिन 2020 में हार गए थे। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार शशि भूषण राय को 32,000 से अधिक मतों से हराकर सीट दोबारा हासिल की। इस चुनाव में जनता दल (यूनाइटेड) को भी काफी फायदा मिलता दिख रहा है। साल 2020 के चुनाव में केवल 43 सीटें जीतने वाली नीतीश की पार्टी इस बार लगभग 19 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 84 से अधिक सीटों पर आगे है। खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 19 सीटों पर आगे है। पिछले विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी का तमगा हासिल करने के बावजूद प्रमुख विपक्षी पार्टी रही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक दिख रहा है और वह केवल 26 ...शेष पृष्ठ 14 पर



### विकासोन्मुखी प्रदर्शन से बिहार में लहराया भाजपा का परचम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी सफलता के लिए मतदाताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बधाई दी। योगी ने इसको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासोन्मुखी मार्गदर्शन में बिहार की जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा-राजग गठबंधन की प्रचंड विजय की समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं जनता-जनार्दन का अभिनंदन। उन्होंने कहा यह ऐतिहासिक विजय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों पर बिहार की जनता के अटूट विश्वास की मुहर है। योगी ने कहा यह जनादेश विकास, सुशासन, समृद्धि और स्थिरता के उस मार्ग का समर्थन है, जिस पर नया बिहार आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मगध जीता, अवध भी जीतेंगे। 2027 में 2017 दोहराएंगे। उप्र में 2017 के विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन ने राज्य की 403 सीट में से 325 सीट पर जीत हासिल की थी। तब मौर्य उप्र भाजपा के अध्यक्ष थे। मौर्य ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, बिहार ने आज स्पष्ट कर दिया है कि उसका भरोसा काम, सुशासन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

#### तीन बच्चों समेत परिवार के पांच सदस्य मृत मिले

श्रावस्ती। श्रावस्ती जिले के कैलाशपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक परिवार के तीन छोटे बच्चों सहित पांच लोगों के शव संदिग्ध हालत में घर से बरामद किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि जिले के इकौना थाना अंतर्गत कैलाशपुर गांव से सूचना मिली कि एक परिवार के पांच लोग घर के कमरे में मृत पाए गये हैं। मृतकों की पहचान रोज अली (35), रोज अली की पत्नी शहनाज (30), इनके तीन छोटे बच्चे तबस्ससुम (06), गुलनाज (04) व मोइन (02) के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि सभी घर के एक कमरे में सोए थे, लेकिन सुबह इनके शव पाए गए। सूचना मिलने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### एच-1बी वीजा समाप्त करने की तैयारी में अमेरिका

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका की एक सांसद ऐसा विधेयक पेश करने जा रही हैं जिसका उद्देश्य एच-1बी वीजा कार्यक्रम को पूरी तरह समाप्त करना और इससे मिलने वाली नागरिकता खत्म करना है, जिससे वीजा समाप्त होने पर लोगों को वापस घर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

जॉर्जिया से कांग्रेस सदस्य मार्जरी टेलर ग्रीन ने बृहस्पतिवार को एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मेरे प्रिय अमेरिकी साथियो, मैं एक विधेयक पेश कर रही हूं जिसमें एच1बी वीजा कार्यक्रम को पूरी तरह समाप्त करने का प्रस्ताव है। यह कार्यक्रम लंबे समय से धोखाधड़ी और दुरुपयोग से भरा रहा है और दशकों से अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीनता रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विधेयक में



❍ वीजा समाप्त होने पर अपने देश लौटने पर होंगे मजबूर लोग

सिर्फ एक छूट होगी और अमेरिकियों को जीवनरक्षक सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों और नर्स जैसे चिकित्सा पेशेवरों के लिए प्रति वर्ष 10,000 वीज़ा की सीमा होगी।

ग्रीन ने यह भी कहा कि इस 10,000 की सीमा को भी अगले 10 वर्षों में धीरे-धीरे समाप्त कर दिया जाएगा। अमेरिकी सांसद ने कहा कि उनका विधेयक नागरिकता का रास्ता भी बंद कर देगा, जिससे वीज़ा धारकों को इसकी अवधि समाप्त होने पर स्वदेश लौटना होगा।

उन्होंने कहा ये वीजा किसी विशेष समय पर विशेषज्ञता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए शुरू किए गए थे। लोगों को यहां आकर हमेशा के लिए रहने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। हम उनकी विशेषज्ञता के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं लेकिन साथ ही हम चाहते हैं कि वे अपने देश लौट जाएं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एच-1बी वीज़ा के दुरुपयोग को रोकने के लिए, खासकर प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा इसके इस्तेमाल को लेकर कड़ा अभियान शुरू किया है। भारतीय पेशेवर खासतौर से प्रौद्योगिकी कर्मचारी और चिकित्सक एच-1बी वीज़ा धारकों का सबसे बड़ा समूह हैं।

### वायुसेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

चेन्नई। नियमित प्रशिक्षण मिशन पर निकला भारतीय वायुसेना का एक विमान शुक्रवार दोपहर तांबरम के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वायुसेना ने बताया कि पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया और नागरिक संपत्ति को किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 14 नवंबर को नियमित प्रशिक्षण मिशन पर निकला भारतीय वायुसेना का विमान पीसी-7 एमके2 चेन्नई के तांबरम के पास दोपहर करीब 1:25 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया। इससे पहले, एक अधिकारी ने बताया था कि यह घटना अपराह्न करीब दो बजे हुई। विज्ञप्ति में कहा गया है, दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं।

### सीएम धामी ने गौचर मेले का किया उद्घाटन

प्रमुख संवाददाता

चमोली (उत्तराखंड)। मेलों के माध्यम से जहां लोकल फॉर वोकल, मेड इन इंडिया जैसी योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं, हमारी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को चमोली के गौचर में 73वां राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई योजनाओं और नीतियों को सफलता पूर्वक लागू किया गया है, जिससे राज्य का चहुमुखी विकास सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा आज तमाम परेशानियों और चुनौतियों के बाद भी हमारी मातृशक्ति शानदार उत्पाद बना रही हैं। उनके उत्पाद बहुराष्ट्रीय



कंपनियों को भी पीछे छोड़ रही है। उन्होंने आमजन से स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए कहा यदि हम स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देंगे तो हमारा यह कदम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार के प्रयासों से आज उत्तराखंड फिल्म शूटिंग का बेस्ट डेस्टिनेशन बन रहा है। अब उत्तराखंड तेजी से वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने गौचर में पिथौरागढ़ की तर्ज पर 18-सीटर हेलीसेवा प्रारम्भ किये जाने, ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ डिजिटल तकनीकी से प्रशासन में आयी पारदर्शिता (पृष्ठ-02)
❍ बीज व उर्वरक प्रदेश भर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध (पृष्ठ-02)
❍ देश का विदेशी मुद्रा भंडार 687 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ रुपया तीन पैसे टूटकर 88.73 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
❍ थोक मुद्रास्फीति में 1.21 प्रतिशत की गिरावट (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्ताव पास**

### 10 वर्ष तक किरायेदारी पर स्टाम्प शुल्क व रजिस्ट्रेशन फीस में बड़ी राहत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने राज्य में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। अब पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

राज्य में किरायेदारी को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कैबिनेट ने निर्णय लिया है। कैबिनेट ने 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट मंजूर कर दी है। इसका उद्देश्य यह है कि भवन स्वामी और किरायेदार दोनों किरायानामा लिखित रूप में तैयार करें और रजिस्ट्री कराएं, जिससे विवाद कम हों और



**निर्धारित अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस**

औसत वार्षिक किराया 2,00,000 रुपये तक:-

❍ 01 वर्ष तक 500 रुपये, 1-5 वर्ष 1500, 5-10 वर्ष 2000

औसत वार्षिक किराया 2,00,001 से 6,00,000 रुपये

❍ 01 वर्ष तक 1500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 4500 रुपये, 5 से 10 वर्ष 7500 रुपये

औसत वार्षिक किराया 6,00,001 रुपये से 10,00,000

❍ 01 वर्ष तक 2500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 6000 रुपये, 5 से 10 वर्ष 10000 रुपये

❍ बुर्जुगों को अब बिना आवेदन वृद्धावस्था पेंशन देगी सरकार

❍ अलग से नहीं करना होगा आवेदन, विभाग करेगा सम्पर्क

किरायेदारी विनियमन अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जानकारी देते हुए बताया कि फैमिली आईडी एक परिवार-एक पहचान प्रणाली से पात्र लाभार्थियों का स्वतः चिन्हीकरण होगा और उनकी सहमति मिलने पर पेंशन सीधे स्वीकृत की जाएगी। वर्तमान में 67.50 लाख वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ ले रहे हैं, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जो प्रक्रिया पूरी न कर पाने के कारण पेंशन से बाहर रह जाते हैं। नया फैसला इसी समस्या को हल करने पर केंद्रित है। नई व्यवस्था में फैमिली आईडी के आधार पर उन नागरिकों की सूची स्वतः तैयार होगी, जिनकी आयु अगले 90 दिनों में 60 वर्ष होने जा रही है। यह सूची एपीआई के माध्यम से समाज कल्याण विभाग के पेंशन पोर्टल पर भेजी जाएगी। विभाग सबसे पहले एसएमएस, व्हाट्सऐप और फोन कॉल जैसे डिजिटल माध्यमों से पात्र नागरिकों से ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने 26 आतंकियों को किया ढेर

एजेंसी

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान में सुरक्षा बलों ने 26 आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

ये तीनों अभियान बृहस्पतिवार को बाजौर, कोहाट और करक जिलों में चलाये गए। गद्दार गांव में बड़ी संख्या में आतंकवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद बाजौर में यह ऑपरेशन चलाया गया। सुरक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया, सूचना मिलते ही सुरक्षा बलों ने एक बेहद प्रभावी और लक्षित अभियान चलाया, जिसमें 22 आतंकवादी मार गिराये गए। उन्होंने बताया कि आतंकवादी उस गांव में छिपे हुए थे, जिसे स्थानीय लोगों ने कबायली बुजुर्गों के सहयोग से पहले ही खाली करा लिया था। सुरक्षा अधिकारी ने बताया, सैन्य अभियान के समय लक्ष्य के आसपास के सभी घर खाली थे, जिससे किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अधिकारी ने बताया, पाकिस्तान राष्ट्र और उसकी सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद के इस अभिशाप को पूरी तरह से खत्म करने के लिए एकजुट हैं और ये अभियान तब तक जारी रहेंगे जब तक कि आतंकवाद का नामोनिशान नहीं मिट जाता। कोहाट के जिला पुलिस अधिकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# अब चैनमैन भी बन सकेंगे लेखपाल, नयी नियमावली को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश कैबिनेट ने लेखपाल सेवा नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए चैनमैन के लिए लेखपाल पद पर पदोन्नति का मार्ग खोल दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पंचम संशोधन नियमावली 2025 के तहत अब लेखपाल के कुल पदों में से दो प्रतिशत पद योग्य चैनमैन को पदोन्नति के आधार पर दिए जा सकेंगे। यह पहली बार है जब चैनमैन को सीधी भर्ती व्यवस्था से बाहर निकलकर लेखपाल पद तक प्रमोशन का अवसर मिलेगा।

वर्तमान में लेखपाल के सभी पदों पर भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से की जाती है। प्रदेश में

**कैबिनेट के फैसले**

कुल 30837 स्वीकृत पदों में से 21897 पर तैनाती है, जबकि 8940 पद रिक्त हैं। नई व्यवस्था के तहत वे चैनमैन पदोन्नति के लिए पात्र होंगे जो मौलिक रूप से इसी पद पर नियुक्त हों, भर्ती वर्ष के पहले दिन तक छह वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हों और इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा पास कर चुके हों। इन पात्र चैनमैन का चयन चयन समिति की सिफारिश पर किया जाएगा। सरकार का कहना है कि अनुभवी चैनमैन को लेखपाल के रूप में पदोन्नत करने से न सिर्फ विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन भी और तेज होगा। इससे आम जनता को राजस्व विभाग की सेवाएं समय पर और अधिक दक्षता से मिल सकेंगी।

**बागपत में पीपीपी मोड पर बनेगा मेडिकल कॉलेज, निःशुल्क मिलेगी 5.07 हेक्टेयर भूमि :** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने जनपद बागपत में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए 5.07 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह भूमि ग्राम मीतली में स्थित है और मत्स्य विभाग के पास थी। विवादित 0.53 हेक्टेयर हिस्से को छोड़कर शेष भूमि पर कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में राजकीय और निजी क्षेत्र के कुल 80 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, लेकिन बागपत अब तक इस सुविधा से वंचित था।

**दिल्ली में हाल की आतंकी घटना की निंदा और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना :** प्रदेश कैबिनेट ने दिल्ली में हाल ही में हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की है। बैठक में कहा गया कि यह घटना देश की शांति और सुरक्षा पर हमला है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट ने हमले में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

**ग्रेटर नोएडा से बलिया तक आठ लेन के एक्सप्रेस-वे नहीं बनेगा :** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराने वाली कंपनी को 3,26,96,764 रुपये की राशि वापस करने के निर्देश दिए गए हैं। इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण मेसर्स जेपी गंगा इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड को कराना था। इसके लिए वर्ष 2008 में कंपनी के साथ अनुबंध किया गया था। चार वर्षों के भीतर कंपनी को एक्सप्रेस-वे के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कंपनी ने एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर संबंधित विभाग को करीब 38 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, लेकिन उच्च न्यायालय ने पर्यावरण विभाग से क्लीयरेंस मिलने तक इस परियोजना पर रोक लगा दी थी। इसके बाद से यह परियोजना अधर में लटकी थी।

## दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान कानून अब पूरे प्रदेश में लागू

लखनऊ। प्रदेश कैबिनेट ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी देते हुए इसकी सीमा नगरीय क्षेत्रों से बढ़ाकर पूरे प्रदेश तक कर दी है। अब राज्य के सभी जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिष्ठान भी इस कानून के दायरे में आएंगे। इससे अधिकतम श्रमिक कानूनी संरक्षण के दायरे में आएंगे और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि संशोधन के तहत यह अधिनियम अब उन प्रतिष्ठानों पर लागू होगा जिनमें 20 या उससे अधिक कर्मकार कार्यरत हैं। इससे छोटे प्रतिष्ठान बिना अतिरिक्त बोझ के अपनी आर्थिक गतिविधि को सुचारू रख सकेंगे, जबकि बड़े प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को अधिनियम के तहत मिलने वाले सभी लाभ मिलेंगे। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियां और तेज होंगी। उन्होंने बताया कि संशोधन का दायरा बढ़ाते हुए सरकार ने चिकित्सकीय इकाइयों जैसे क्लीनिक, पॉलीक्लीनिक, प्रसूति गृह, आर्किटेक्ट, कर सलाहकार, तकनीकी सलाहकार, सेवा प्रदाता, सेवा मंच और इसी तरह के अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी कानून के अंतर्गत शामिल कर दिया है। इससे इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी सुरक्षित कार्य परिस्थितियों और लाभों का अधिकार प्राप्त होगा।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वनडे विश्वकप जीत पर बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप में मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी गई। बैठक में टीम के जज्बे, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा गया कि खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह जीत न केवल भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है बल्कि देश की युवा बेटियों के लिए प्रेरणा का भी स्रोत है।

## पेराई सत्र 2025-26 के लिए राज्य परामर्शित मूल्य को मंजूरी

लखनऊ। पेराई सत्र 2025-26 में हाल ही में घोषित गन्ने के राज्य परामर्शित मूल्य (एस.ए.पी.) को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे अब पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने की अगेती प्रजातियों के लिए 400 रुपये प्रति कुन्तल, सामान्य प्रजाति के लिए 390 रुपये प्रति कुन्तल तथा अनुपयुक्त प्रजाति के लिए 355 रुपये प्रति कुन्तल के निर्धारित मूल्यों को विधिवत मंजूरी मिल गई। इस संबंध में गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) के आधार पर गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिलों द्वारा किया जाएगा। श्री चौधरी ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के लिए चीनी मिलों के वाह्य क्रय केन्द्र से गन्ने का परिवहन मिल गेट तक कराए जाने में होने वाली ढुलाई कटौती की दर 60 पैसे प्रति कुन्तल प्रति किलोमीटर, अधिकतम रु.12.00 प्रति कुन्तल निर्धारित की गई है। गन्ना कृषकों की संस्था सहकारी गन्ना विकास समितियों के हितों के दृष्टिगत गन्ना समितियों एवं गन्ना विकास परिषदों के लिए अंशदान की दर रु.5.50 प्रति कुन्तल निर्धारित की गई।

# प्लेज योजना संशोधन नीति को मंजूरी

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्लेज पार्क सात मीटर चौड़ी सड़क पर बनाने की सुविधा दे दी है। अभी तक 12 मीटर चौड़ी सड़क पर बनाने की अनिवार्यता थी। योगी कैबिनेट डीएम द्वारा सर्किल रेट पर जमीन मूल्य का 90 प्रतिशत धनराशि देने की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। प्रदेश भर के डीएम अब ऐसा नहीं कर पाएंगे। कैबिनेट मीटिंग में प्लेज पार्क में अधिकतम 10 प्रतिशत भूमि पर व्यापारिक व वाणिज्यिक सुविधा की अनुमति दे दी गई है। मुख्समंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट ने प्लेज योजना संशोधन नीति को मंजूरी दी। प्रस्ताव के मुताबिक सात मीटर ब्लैक टॉप रोड और कम से कम 1.50 मीटर फुटपाथ होना चाहिए। संपर्क मार्ग की चौड़ाई सात मीटर होने पर प्लेज पार्क में सिर्फ ग्रीन व आरेंज कटेगरी के उद्योगों को अनुमति दी जाएगी। संपर्क मार्ग की चौड़ाई 12 मीटर या उससे अधिक होने पर सभी कटेगरी के उद्योगों को लगाने की अनुमति दी जाएगी। प्लेज पार्क का क्षेत्रफल 15 एकड़ से 50 एकड़ होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा प्लेज पार्क तक 2.5 किमी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। एमएसएमई विभाग से विकसित होने वाले और पूर्व में विकसित ऐसे सभी प्लेज पार्कों पर 25 प्रतिशत विकास शुल्क लिया जाएगा। अधिसूचित क्षेत्र से बाहर विकसित होने वाले प्लेज पार्कों पर किसी प्रकार का विकास शुल्क नहीं लगेगा। प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्रों

**कैबिनेट के फैसले**

के अंदर विकास प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास किया जाएगा और बाहर के सभी क्षेत्रों में आयुक्त एवं निदेशक उद्योग या उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा नक्शा पास किया जाएगा। प्लेज पार्क की सभी औद्योगिक इकाई को एक माना जाएगा और इसके आधार पर स्टांप शुल्क लिया जाएगा। सात मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित औद्योगिक भूमि के मूल्यांकन के लिए एक समान सर्किल दर तय की जाएगी। पार्क को विकसित करने के बाद डीएम द्वारा इसमें स्थित भूखंडों का मूल्यांकन करके न्यूनतम सर्किल दर निर्धारित की जाएगी और न्यूनतम दर निर्धारित करने के पूर्व डीएम द्वारा सभी हितधारकों से बातचीत कर फैसला किया जाएगा। रजिस्ट्री की पुष्टि और छूट के लिए साक्षी के रूप में डीएम या उनके द्वारा अनुमोदन पर उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास करेगा।

**अशोक लीलैंड को निवेश बढ़ाने पर नया एलओसी देने को मंजूरी :** अशोक लीलैंड की ओर से लखनऊ में स्कूटर इंडिया की भूमि पर स्थापित किए जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहन संयंत्र के लिए निवेश 186 करोड़ से बढ़ाकर 252 करोड़ रुपये करने पर नया लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) जारी किया जाएगा। फारेन डायरेक्ट इंवेस्टमेंट (एफडीआई) विदेशी पूंजी निवेश फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत यह फैसला किया है। अशोक लीलैंड लिमिटेड ने इस नीति के तहत लखनऊ में इंटीग्रेटेड कामर्शियल व्हिकल निर्माण के लिए नई परियोजना स्थापित करने के लिए 186 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव उपलब्ध कराया था। इसके आधार पर कंपनी को 6 अगस्त 2024 को एलओसी प्रदान की गई।

# उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से अलग हुआ खाद्य प्रसंस्करण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण को अब दो अलग-अलग विभागों में बांट दिया गया है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण में से खाद्य प्रसंस्करण विभाग को पृथक विभाग बनाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने पास कर दिया है। अब दोनों विभागों के अलग-अलग निदेशक एवं उनसे नीचे के अधिकारी और स्टाफ होंगे। पिछले दिनों बिना कैबिनेट की मंजूरी के अचानक से खाद्य प्रसंस्करण निदेशक के पद पर पृथक रूप से विभाग की विशेष सचिव को तैनात कर दिए जाने से शासन से लेकर विभाग तक में बवाल मचा हुआ था। इसी बात की चर्चा थी कि बिना नियमावली में संशोधन किए तथा कैबिनेट और सदन की मंजूरी के बिना ही विभाग का बंटवारा कैसे कर दिया गया। 14 नवम्बर को उप मुख्यमंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के विभागीय मंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर आए प्रस्ताव को कैबिनेट ने सहमति देकर पूरे विभाद का पटाक्षेप कर दिया। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय से खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय को अलग कर पृथक से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय को स्थापित किया जाएगा ताकि खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके एवं व्यवस्थित धनराशि का समुचित उपयोग हो सके। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के लिए स्थान, भवन तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नए पदों के सृजन की अतिरिक्त आवश्यकता नहीं है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 300 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। अलग खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय गठित होने से खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा एवं व्यवस्थित धनराशि का समुचित उपयोग हो सकेगा, जिसका लाभ प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमियों को मिलेगा। अलग खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय गठित होने से खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमियों को अनुदान के रूप में मिलेगा। खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय गठित होने से खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित योजनाओं के तहत प्रदेश के जनमानस को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

**पीएम कुसुम योजना के अवशेष कार्य पूरे होंगे :** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान

**कैबिनेट के फैसले**

महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत कृषकों के प्रक्षेत्रों पर स्टैण्ड एलोन सोलर पम्पों की स्थापना के लिए वर्ष 2024-2025 के अवशेष लक्ष्यों की वर्ष 2025-2026 में पूर्ति की कार्ययोजना को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी। इस योजना के तहत वर्ष 2020-21 से मार्च 2025 तक कुल 63345 सोलर पम्पों की स्थापना कृषकों के प्रक्षेत्रों पर कराई गई है। स्थापित हो चुके सोलर पम्पों से 1.49 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता का सृजन, 5483.98 लाख यूनिट प्रति वर्ष ऊर्जा की बचत, 1.26 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा सोलर पम्पों की स्थापना से डीजल पम्प सेट को परिवर्तित करते हुए कुल 877.50 लाख लीटर प्रतिवर्ष डीजल की बचत हुई है। साथ ही पर्यावरण को भी लाभ पहुंचा है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 में कुल 40521 सोलर पम्पों की स्थापना कराया जाना है। प्रदेश में अधिक से अधिक कृषकों के प्रक्षेत्रों पर सोलर पम्प की स्थापना के लिए सोलर पम्प के कुल मूल्य (टेण्डर मूल्य) पर 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाना है जबकि वर्ष 2025-26 में कुल 40521 सोलर पम्पों की स्थापना कराया जाना है। इसमें कृषकों का चयन कृषि विभाग के पोर्टल के माध्यम से टोकन प्रक्रिया के आधार पर ह्यह्यपहले आओ-पहले पाओह्लह्ल के आधार पर किया जाएगा। आवेदन के समय कृषक को 5000/- रुपये टोकन मनी के रूप में आनलाइन जमा करना होगा। सोलर पम्प के लिए बुकिंग जिलेवार एवं क्षमतावार आवंटित लक्ष्यों की सीमा के तहत की जाएगी।

**न्यायिक सेवा से जुड़े दो प्रस्तावों को सहमति :** यूपी कैबिनेट में सुरक्षा और न्याय व्यवस्था से जुड़े कई अहम फैसले भी लेते हुए उच्च न्यायालय के 156 निजी सचिवों को ग्रेड-1 में प्रमोशन देने को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, न्यायिक सेवा के अधिकारियों को सुविधा देते हुए यह निर्णय लिया गया कि वे 10 लाख रुपये तक की कार केवल 5% ब्याज दर पर खरीद सकेंगे, जिससे न्यायिक अधिकारियों को बेहतर गतिशीलता का लाभ मिलेगा। इससे सरकार पर 10 करोड़ रुपये का सालाना का व्यय भार पड़ेगा। वहीं, एक अन्य प्रस्ताव में उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारियों को कार खरीदने के लिए सरकार की ओर से अधिक कर्ज देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा उप्र अभियंता सेवा (पीडब्ल्यूडी) (उच्चतर) नियमावली 1990 के नियम 4, 5, 8 और 13 में संशोधन, राज्य संपत्ति विभाग की ओर से नीलाम वाहनों की जगह नए वाहन खरीदने, त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन 2019-20 को विधानमंडल में पेश करने समेत कई अन्य प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है।

# 60 साल पूरा होते ही खाते में आने लगेगी पेंशन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अब वृद्धावस्था पेंशन के लिए बुजुर्गों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। यूपी में अभी 67.50 लाख बुजुर्गों को हर महीने एक-एक हजार रुपये वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है। अब 8.25 लाख और वृद्धजनों को इस योजना लाभ मिलेगा।

- **राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के पात्रों की सूची स्वतः तैयार होगी**

वृद्धावस्था पेंशन के लिए अलग से आवेदन की जरूरत नहीं होगी। फैमिली आईडी एक परिवार-एक पहचान प्रणाली की मदद से राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के पात्रों की सूची स्वतः तैयार होगी। यह सूची समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर जाएगी और फिर विभाग इन बुजुर्गों से संपर्क कर उन्हें इसका लाभ दिलाएगा। पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी।

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि सबसे पहले पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में पांच जिलों गोरखपुर, गाजियाबाद, हरदोई, कन्नौज व ललितपुर में शुरू कर पूरे प्रदेश में लागू कर दिया जाएगा। ऐसे नागरिक जो अगले तीन महीने यानी 90 दिनों में 60 वर्ष की आयु पूरी करने जा रहे हैं, उनका नाम फैमिली आईडी के आधार पर स्वतः ही सूची में आ जाएगा। समाज कल्याण विभाग के पेंशन पोर्टल पर आनलाइन आगे बढ़ा दिया जाएगा। जिससे उन्हें समय पर पेंशन की स्वीकृति व भुगतान हो सकेगा। समाज कल्याण विभाग इसके लिए मोबाइल एप तैयार करेगा। वृद्धजन अपनी पेंशन के भुगतान की



जानकारी ऑनलाइन ही ले सकेंगे। बैंक पासबुक की तरह पेंशन पासबुक होगी जिस पर प्रत्येक भुगतान की इंट्री दर्ज की जाएगी। बुजुर्ग ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र मोबाइल एप की मदद से जमा कर सकेंगे। ऐसे बुजुर्ग जो हर वर्ष दिए जाने वाले जीवित प्रमाण पत्र नहीं देंगे तो पेंशन बंद होगी। निर्धारित सीमा से अधिक आय प्रमाण पत्र जारी होना, लाभार्थी की मृत्यु होने या फिर उसके स्वयं वृद्धावस्था पेंशन लेने से मना करने पर पेंशन बंद की जाएगी। अगर किसी लाभार्थी की आय अधिक होने का शक होगा तो उसकी जांच की जाएगी। जांच में उसकी पात्रता सही पाए जाने पर तत्काल पेंशन जारी की जाएगी। अभी गुणवत्ता नियंत्रण व आडिट की पुष्ट व्यवस्था न होने के कारण कई बार अनियमितता की शिकायतें आती हैं। अब इसे रोकने के लिए कार्रवाई की जाएगी। अनियमितता रोकने के लिए विभाग डाटा विश्लेषण, गुणवत्ता नियंत्रण और शिकायतों को गंभीरता से लेने जैसे कार्य करेगा। अभी प्रदेश में 67.50 लाख लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है। अब नई व्यवस्था लागू होने से 8.25 लाख नए लाभार्थी जुड़ेंगे। अभी वृद्धावस्था पेंशन देने पर हर वर्ष 8100 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अब नए लाभार्थी जुड़ने से 990 करोड़ और व्ययभार बढ़ेगा।

## पीएम मत्स्य संपदा योजनान्र्गत महिला वर्ग के लिए धनराशि मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत महिला वर्ग के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 36 करोड़ 95 लाख 65 हजार 02 सौ 07 मात्र रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में मत्स्य विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, मत्स्य विभाग को योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना एवं मदों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चि करते हुए उपलब्ध धनराशि का व्यय सीमान्तर्गत किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगें।

# स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव के अनुसार मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित शैक्षणिक इकाइयों को उच्चीकृत करते हुए स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर के रूप में एक नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि योगी सरकार प्रदेश में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिनमें यह निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, जो कि उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-29 सन-1974 द्वारा पुनः अधिनियमित तथा संशोधित है, उसी के अंतर्गत संशोधन करते हुए नए विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मुमुक्ष आश्रम

- **मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट की इकाइयों का उच्चीकरण, शाहजहांपुर को मिला नया राज्य विश्वविद्यालय**

**कैबिनेट के फैसले**

ट्रस्ट के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती द्वारा ट्रस्ट की समस्त चल-अचल परिसम्पत्तियों को निःशुल्क राज्य सरकार को हस्तांतरित किया गया है, जिससे विश्वविद्यालय की स्थापना का आधार मजबूत हुआ है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश को शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का अग्रणी केंद्र बनाना है, और यह विश्वविद्यालय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय की स्थापना से शाहजहांपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के नए अवसर खुलेंगे तथा शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा। प्रदेश के युवाओं को अत्याधुनिक शैक्षिक सुविधाओं, अनुसंधान संसाधनों एवं नवाचार आधारित शिक्षण वातावरण का लाभ मिलेगा। इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-4, धारा-50 एवं धारा-52 तथा संबंधित अनुसूची में संशोधन प्रस्तावित है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 के प्रख्यापन का निर्णय लिया गया है।

# डिजिटल तकनीकी से प्रशासन में पारदर्शिता आई है : सूर्य प्रताप शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 72वें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह का शुभारम्भ आज लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान,

- **अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 72वें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह का शुभारम्भ**
- **एम-पैक्स में क्यूआर कोड आधारित भुगतान व्यवस्था लागू : जेपीएस राठौर**

मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता जेपीएस राठौर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लि. के सभापति जितेन्द्र बहादुर सिंह ने की।

इस अवसर पर श्री शाही ने कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध ने कहा था कि संघे शक्ति कलयुगे। संघ की शक्ति को देखना है तो, उसकी झलक सहकारिता विभाग में दिखाई देती है। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में सहकारिता विभाग की स्थिति अत्यन्त दयनीय थी। 2017 में योगी सरकार बनने के उपरान्त सहकारिता विभाग में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे है। प्रदेश के किसानों का विश्वास इसमें बढ़ा है। आप लोगों के सहयोग से सहकारिता निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र मोदी ने 2014 में डिजिटल इंडिया की नींव रखी। करोड़ों लोगों के जनधन के खाते खोले गये। किसान सम्मान निधि की अनुदान राशि अब सीधे किसानों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसमें 50 लाख सहकारी समितियों के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि मंत्री ने कहा कि आज डिजिटल तकनीकी के कारण प्रशासन में पारदर्शिता आई है तथा इससे यह जानकारी प्राप्त करना सरल है कि सहकारी समितियों के पास



कितनी खाद की उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि 08 साल पहले सहकारी बैंकों से किसान धनराशि अन्तरित करता था, परंन्तु आज वह सहकारी बैंकों में पैसा जमा कर रहा है। सहकारिता के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। जिलों में किसानों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान जेपीएस राठौर ने उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक द्वारा ह्लसहकार से समृद्धिह्ल की परिकल्पना को साकार करने के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में सहकारिता योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान-2025 की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक 20 लाख से अधिक सदस्य सहकारिता से जुड़े हैं तथा 38.47 लाख रुपये का अंशधन संकलित हुआ है। अभियान के अंतर्गत जिला सहकारी बैंकों में जमाराशि के रूप में 457 करोड़ रुपये की प्राप्ति सहकारिता तंत्र में जनविश्वास का मजबूत संकेत है। कार्यक्रम में सहकार सारथी पहल पर भी प्रकाश डाला गया। श्री राठौर ने बताया कि सहकारी बैंकों को ब्ठै, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, एईपीएस, ई-केवाईसी सहित अनेक तकनीकी सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर परींतमकै मतअपबम म्दजपजल (ै म-) का गठन किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक द्वारा 5.22 करोड़ रुपये का इक्विटी योगदान किया गया है। सहकारिता क्षेत्र को डिजिटल स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से एम-पैक्स में क्यूआर कोड आधारित भुगतान व्यवस्था लागू की गई है। इस सुविधा के माध्यम से प्रदेश भर के किसान एवं उपभोक्ता अपने मोबाइल से स्कैन कर भुगतान कर सकेंगे, जिससे लेन-देन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं सुरक्षित होगी। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान तथा प्रदेश सरकार की सहकारिता के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी क्रम में राज्य में 5686 एम-पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसे तीन चरणों में पूरा किया जा रहा है। कम्प्यूटराइजेशन से पैक्स के कार्यों में पारदर्शिता और कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक देश का पहला सहकारी बैंक है जिसे न्प्क।प् द्वारा आधार कार्ड बनाने हेतु त्महपेजतंत एवं म्दतवससउमदज ।हमदबल के रूप में अधिकृत किया गया है। बैंक द्वारा साइबर सुरक्षा के नए मानकों को अपनाते हुए ब्ठै प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 100.24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है तथा सभी 40 शाखाएँ लाभ में रही हैं, जो बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति एवं प्रभावी संचालन का प्रमाण है।

## बीज और उर्वरक प्रदेश भर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**लखनऊ।** रबी 2025-26 सीजन में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को बीज एवं उर्वरक की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। रबी 2024-25 में 7.86 लाख क्विंटल बीज अनुदान पर वितरित किया गया था, जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 11.12 लाख क्विंटल का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, तोरिया, सरसों/राई एवं अलसी सहित सभी प्रमुख फसलों हेतु लक्ष्य तय किए गए हैं, जिनके सापेक्ष 81 प्रतिशत बीज उपलब्धता तथा 69 प्रतिशत वितरण पूर्ण कर लिया गया है। दलहनी फसलों के प्रोत्साहन हेतु राज्य सेक्टर में 92,518 मिनीकिट (12,413 कु.) का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धता एवं 76,258 मिनीकिट (10,310 कु.) का वितरण सम्पन्न हो चुका है। केंद्र सेक्टर से प्राप्त 2,26,400 मिनीकिट (19,592 कु.) के लक्ष्य के विरुद्ध 1,14,697 मिनीकिट (10,044 कु.) की आपूर्ति भी की जा चुकी है। तिलहनी फसलों के अंतर्गत सरसों/राई के कुल 4.96 लाख मिनीकिट (9,931 कु.) के लक्ष्य के सापेक्ष 4.92 लाख मिनीकिट उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें से 3.94 लाख मिनीकिट (7,880 कु.) किसानों तक पहुँचाए जा चुके हैं। इसके साथ ही नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स कार्यक्रम के अंतर्गत क्लस्टर प्रदर्शन तथा गन्ने के साथ अंतःफसली खेती हेतु 5,700 कुं. सरसों का बीज किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति संतोषजनक है। 01 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक प्रदेश में 17.41 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 10.00 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 7.56 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 4.09 लाख मीट्रिक टन एसएसपी एवं 1.51 लाख मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध रहा।

संक्षेप

## डीएम ने राजकीय धान क्रय केंद्र शोहरतगढ़ बी का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारां राजकीय धान क्रय केन्द्र शोहरतगढ़ बी0 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने स्टाक रजिस्टर, बोरा रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, सम्पर्क रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानो से वार्ता कर धान को क्रय केन्द्र पर बेचने हेतु प्रोत्साहित करें तथा रजिस्टर में उसका अंकन भी करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों को बैठने, पीने के पानी, छाया आदि की व्यवस्था होना चाहिए। किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त क्रय केन्द्र प्रभारी एवं अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## लड़की ने घर जाने से किया इनकार, मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज

सिद्धार्थनगर- उस्का थाना क्षेत्र से गुमशुदा हुई एक बालिग लड़की को पुलिस ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। इस दौरान लड़की के माता-पिता भी वहां पहुंचे, लेकिन लड़की ने अपने बयान में स्पष्ट कहा कि वह फिलहाल घर नहीं जाना चाहती। लड़की के पिता ने बताया कि उनका परिवार पहले मुंबई में रहता था। वहां गांव का एक शादीशुदा युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया था। इस घटना के बाद मुंबई में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी जेल भी गया था और वर्तमान में जमानत पर बाहर है पिता का आरोप है कि जेल से छूटने के बाद आरोपी उनकी बेटी पर शादी करने का दबाव बना रहा है। इसी बीच, 22 अक्टूबर को लड़की अचानक घर से लापता हो गई थी, जिसके बाद पिता ने उसी दिन उस्का थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सदर (ट्रेनी आईपीएस) विश्वजीत सौर्यन के निर्देश पर पुलिस टीम ने तुरंत जांच शुरू की। तकनीकी और स्थानीय इनपुट्स के आधार पर लगातार तलाश के बाद पुलिस ने लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत लड़की को शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां उसके बयान दर्ज किए गए। बयान में लड़की ने साफ तौर पर कहा कि वह अपने माता-पिता के साथ घर नहीं जाना चाहती। क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौर्यन ने बताया कि लड़की बालिग है और कानून के अनुसार उसे अपनी इच्छा के अनुसार रहने का अधिकार है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस ने पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ लड़की को सुरक्षित बरामद कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया है। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि लड़की की सुरक्षा और उसके बयान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही, पुराने मामले से जुड़े आरोपी की जांच भी जारी है। किसी भी प्रकार के दबाव या शोषण की जानकारी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट की फटकार पर चोरी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोर्ट की फटकार पर सांगीपुर पुलिस ने घर में हुई चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गारापुर गांव निवासी रामखेलावन पुत्र रामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस फरवरी को घर में घुसकर चोर लाखों के जेवरात चुरा ले गये। पीड़ित की तहरीर पर जांच के नाम पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे परेशान पीड़ित ने कोर्ट में वाद दायर कर न्याय की गुहार लगायी। कोर्ट की फटकार पर पुलिस ने आरोपी सूरज वर्मा पुत्र रामजस वर्मा निवासी कटरा बलीपुर लालगंज के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# राजपुर में चकबंदी को लेकर उथल-पुथल

## सैकड़ों किसानों ने डीएम कार्यालय का घेराव किया



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के राजपुर गांव में चकबंदी को लेकर वर्षों पुराना विवाद अब विस्फोटक स्थिति में पहुंच गया है। गुरुवार को प्रशासनिक टीम गांव में सर्वेक्षण की तैयारी की समीक्षा करने पहुंची। शुक्रवार को सैकड़ों किसानों ने डीएम कार्यालय गेट पर प्रदर्शन कर चकबंदी अधिकारी पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के आरोप लगाए। कहा- यदि 17 नवंबर से चकबंदी प्रक्रिया शुरू की गई, वे सामूहिक आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। गुरुवार सुबह एडीएम न्यायिक डॉ. ज्ञान प्रकाश, एएसपी, सीओ और तहसीलदार की टीम राजपुर गांव पहुंची। उद्देश्य था- उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रस्तावित चकबंदी से पहले होने वाली समीक्षा और तैयारियों का जायजा लेना। प्रशासन की मौजूदगी देखते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में जुट गए और अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी व्यक्त की। आरोप लगाया कि चकबंदी अधिकारी रियाज अहमद खान ने गांव में अवैध वसूली का बड़ा नेटवर्क चला रखा है। प्रति बीघा 25 से 30 हजार रुपए तक वसूले गए और कुल 30 से 40 लाख रुपए लिए गए। पैसा लेने के बावजूद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया और नियमों के विपरीत बिना नोटिस दिए जबरन पैमाइश की तैयारी की जा रही है।

किसान वीरेंद्र शुक्ल ने अधिकारियों से कहा, न तो किसी किसान को नोटिस दिया गया और न ही चस्पा (सूचना) की गई। हमारी धान की फसल अभी खेतों में खड़ी है, रबी की बुवाई जारी है। 17 तारीख से चकबंदी कराना हमारा नुकसान करेगा। पहले पैसा वापस किया जाए, फिर बात करें। किसान भानमती ने कहा- चकबंदी अधिकारी ने हमारा पैसा खा लिया। हमें चकबंदी नहीं चाहिए। फसल बर्बाद हो जाएगी, हम क्या खाएंगे। एडीएम न्यायिक डॉ. ज्ञान प्रकाश ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि चकबंदी उच्च न्यायालय के आदेश पर हो रही है और उनकी शिकायतें उच्च अधिकारियों तक भेजी जाएंगी। उन्होंने अवैध वसूली के आरोपों की जांच कराने की बात कही। शुक्रवार सुबह राजपुर गांव के सैकड़ों किसान ट्रैक्टर और बाइक से सिद्धार्थनगर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। मुख्य गेट पर पहुंचते ही उन्होंने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। किसान चकबंदी रोको भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करो और हमारा पैसा वापस करो जैसे नारे लगाते रहे। किसान रविंद्र कुमार शुक्ल ने कहा, किसान अभी धान काटने में लगे हैं। गेहूं, आलू की बुवाई शुरू हो चुकी है। ऐसे समय चकबंदी कराना पूरी तरह गैरकानूनी है। नोटिस तक नहीं दिया गया। अगर प्रशासन नहीं माना, तो हम आत्मदाह करेंगे।

# राष्ट्रसेवा के साथ दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे खिलाड़ी

## कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता के हाथों पुरस्कार पाकर खिले युवाओं के चेहरे

प्रतापगढ़। स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के क्रीड़ा मैदान में शुक्रवार को युवा कल्याण विभाग द्वारा उ0प्र0 ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता में खिलाड़ियो का जौहर दिखलायी पड़ा। विधायक खेलकूद प्रतियोगिता में कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बतौर मुख्य अतिथि सफल खिलाड़ियों को शील्ड व प्रमाण पत्र मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि खेल के मैदान में खिलाड़ी अपने दम खम का प्रदर्शन करते हुए अन्र्तराष्ट्रीय जगत में आज सफलतापूर्वक भारत का मान बढ़ा रहे हैं। उन्होने कहा कि खिलाड़ी भी देश का नाम रोशन कर राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। विधायक मोना ने प्रतियोगिता में कबडडी तथा वालीवाल की जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान की विजेता सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज की टीम को शील्ड प्रदान किया। वही वालीवाल सीनियर बालक वर्ग में रानीगंज की टीम विजेता रही।



लम्बी कूद प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में उमेश यादव को प्रथम तथा रोशन वर्मा को द्वितीय व अखिलेश सिंह को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। सौ मीटर दौड़ में अभय प्रताप सिंह को प्रथम तथा शैलेन्द्र पटेल को द्वितीय व उज्ज्वल पटेल को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुगुणा पीजी कालेज की प्राचार्य डॉ0 रिचा सुकुमार व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराधा पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल ने आभार प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय दौरे में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पनखरी स्थित आरजी यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में भी शामिल हुई। कटरा में विधायक मोना ने रामेश्वर कामता प्रसाद पटेल इण्टर कालेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों को पारितोषिक प्रदान किया। बटौली में समाजसेवी स्व0 इन्द्रापति त्रिपाठी व बनवारी में संस्कृत विद्वान स्व0 रामकृष्ण ओझा के निधन पर विधायक मोना ने परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, राजीव सिंह, आशुतोष पाण्डेय आदि रहे।

# स्मार्ट क्लास का हुआ शुभारंभ



**प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज माडल प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को स्मार्ट क्लास का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह ने कहा कि नन्हें-मुन्हों को तकनीकी ज्ञान के क्षेत्र में स्मार्ट क्लास के संचालन से जागरूकता मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने करते हुए स्मार्ट क्लास की खूबियों को गिनाया। संचालन प्रधानाध्यापक डॉ0 वीरेश सिंह ने किया। प्रा0शि0संघ के मंत्री विष्णु कुमार सिंह ने स्वागत भाषण तथा अध्यक्ष संतोष मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। स्मार्ट क्लास में स्क्रीन पर बच्चों को गणित विषय की जानकारी दी गयी। नौनिहालों में इसे लेकर उत्साह का भी माहौल दिखा। इस मौके पर सभासद पन्नेलाल पाल, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अजय कुमार मिश्र, दीपक पाण्डेय, ममता सिंह, हिमांशु ओझा, शैलेश गुप्ता, मनीष पाण्डेय, ऋषि दुबे, श्याम मिश्र आदि रहे।

# एनडीए के प्रचंड बहुमत को लेकर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई



बांसी सिद्धार्थनगर। बिहार में एनडीए के प्रचंड बहुमत मिलने को लेकर बांसी में भाजपाइयों ने शुक्रवार शाम रोडवेज चौराहे पर मिठाई वितरित किया और पटाखा फोड़ कर खुशी का इजहार किया गया। भाजपा के लोगों ने नगर मंडल अध्यक्ष कुबेर बारी के नेतृत्व में रोडवेज चौराहे पर पहुंचकर योगी मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए और कहा कि केवल यूपी बिहार ही नहीं संपूर्ण भारत में भाजपा का कब्जा हर प्रदेश में होगा। इस दौरान युवा समाजसेवी अमय पांडेय मंगल चौरसिया, रामशरण मौर्य, मनोज कुमार, हरगोविंद , सौरभ सिंह, हरिकेश शाहिद काफी संख्या में भाजपाइयो मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री जय प्रताप सिंह ने किया भारत फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन

बांसी सिद्धार्थनगर। पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह ने दिलीप फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया, उन्होंने अपने पुत्र अभय प्रताप सिंह के साथ बांसी इटवा मार्ग स्थित बिसुनपुर चौराहे पर भारत फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गोल्हौरा और बांसी के बीच में इस पेट्रोल पंप के खुल जाने से क्षेत्र के लोगों और किसानो को काफी राहत होगी। पूर्व मंत्री और विधायक जय प्रताप सिंह का स्वागत शाल ओढ़ाकर और गुलदस्ता देकर पेट्रोल पंप के प्रबंधक नैयर आलम खान ने किया। इस दौरान कुंवर अभय प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जनपद में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध : डीएम



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ा आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत खेतों में फसल अवशेष जलाना अब स्वीकार्य नहीं होगा। यह कदम किसानों को पराली जलाने से होने वाले गंभीर नुकसानों के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उठाया गया है ! जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है, आवश्यक कार्बन समाप्त हो जाता है और लाभकारी सूक्ष्म जीव मर जाते हैं। इससे खेती योग्य भूमि की गुणवत्ता घट जाती है, फसलें उर्वरकों का पूरा लाभ नहीं ले पातीं और उत्पादकता सीधे प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त, पराली का धुआँ वातावरण को गंभीर रूप से प्रदूषित करता है, जिससे आँख, फेफड़ों और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। आदेश में किसानों से पराली न जलाने और इसके बजाय आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करने का आग्रह किया गया है। इनमें मल्चर, श्रेडर, हाइड्रोलिक एम.बी. प्लाऊ, रोटरी स्लेशर, जीरो सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल और सुपर सीडर शामिल हैं। इन यंत्रों की मदद से फसल अवशेषों को खेत में ही सड़ाकर कार्बनिक खाद तैयार की जा सकती है, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरता है और अगली फसल के लिए लाभ होता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (ठळ) ने पराली जलाने पर भारी आर्थिक दंड निर्धारित किया है। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार, पराली जलाते पकड़े जाने पर संबंधित किसान को तत्काल जुमार्ना देना होगा। यदि कोई किसान दोबारा ऐसी घटना में लिप्त पाया जाता है, तो उसे पुनः दंडित करने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के लाभ से भी वंचित कर दिया जाएगा।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम, हुए पुरस्कृत

## सिटी आइंसटीन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर हुआ भव्य समारोह

प्रतापगढ़। जनपद के सिटी स्थित आइंसटीन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बाल दिवस पर बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर मनमोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला व संरक्षक विभव शुक्ल ने पं0 जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बाल दिवस पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में प्रशांतमणि त्रिपाठी, सनी जोशी, उत्सव सिंह, शैलेन्द्र पटेल, रोशन वर्मा, शिवांक विजेता रहे। वहीं दौड़ प्रतियोगिता में सोमेश त्रिपाठी, शिवांश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र पटेल, नीरज सरोज, पतन यादव विजेता बनें। चार सौ मीटर के दौड़ में जूनियर वर्ग में दिव्यांश शुक्ला, निखिल मौर्य ने बाजी मारी। वही पन्द्रह सौ मीटर में नीरज



सरोज प्रथम रहे। लम्बी कूद बालिका वर्ग में शिवानी वर्मा व आरती वर्मा विजेता बनीं। प्रधानाचार्य हिमांशु शेखर सत्पथी, प्रधानाध्यापिका परोमिता कोईली सिंहा एवं अनूप दत्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं सौंपी। उन्होने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन सौहार्द और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। वहीं प्रतियोगिता के सफल मेधावियों को निदेशिका श्रुति व संरक्षक विभवभूषण शुक्ला ने समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया। इस मौके पर शिक्षक, अभिवावकगण मौजूद रहे।

# बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत पर मना जश्न

## जनविश्वास की ज्वाला, बिहार में जीत का उजाला

एस.पी.सिंह परिहार

श्रावस्ती। बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टीझ्रएनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक विजय ने एक बार फिर यह प्रमाणित कर दिया है कि राष्ट्र के प्रगति-पथ पर अग्रसर भारत की जनता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, निष्ठा, नवदृष्टि और नैतिकता पर अटूट विश्वास रखती है। यह जनादेश लोकतंत्र के स्वर्णिम अध्याय में अंकित होने वाली वह गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जिसने स्पष्ट कर दिया कि सुशासन, विकास और जनसेवा ही आज के जनमानस का सच्चा दर्शन, ध्येय और धर्म है। इस निर्णायक विजय का उत्साह आज भाजपा कार्यालय भिनगा, श्रावस्ती में उमंग, उल्लास और उत्थान के साथ मनाया गया। वरिष्ठ पदाधिकारी और समर्पित कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय का जयघोष किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कैराती, निवर्तमान जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, पुरुषोत्तम कौशल, जिला मंत्री अरुण प्रहलाद शुक्ल, मंडल अध्यक्ष वीरू श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने कहा– यह विजय परंपरा, पराक्रम और परिवर्तन की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति है। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास-मार्ग, पारदर्शिता और राष्ट्र-प्रथम नीति पर जो अटूट विश्वास व्यक्त किया है, वह




भारत के भविष्य को नई दिशा देने वाला है। यह जीत प्रत्येक कार्यकर्ता की तपस्या, संगठन की संवेदना और जनता की अटूट आस्था का परिणाम है। हम सभी पूरी निष्ठा के साथ राष्ट्रहित और जनकल्याण के कार्यों को और अधिक गति देंगे। नेताओं और कार्यकताओं ने कहा कि यह विजय केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि प्रेरणा, प्रतिबद्धता, पारदर्शिता, अवधारणा और अभिलाषा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और सुरक्षा-समृद्धि के राष्ट्रीय स्वप्न ने जनता के भीतर नई आशा, अर्चना और आदर का दीप प्रज्वलित किया है। गृह मंत्री अमित शाह की रणनीतिक दूरदृष्टि, संगठन की सक्रियता और कार्यकताओं के अथक परिश्रम ने इस जनादेश को निर्णायक बनाया। बिहार की जनता ने विकास, स्थिरता और सुशासन को देश की राजनैतिक यात्रा का अमृत-सूत्र स्वीकार करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्रहित ही सर्वोपरि है। इस प्रचंड जनादेश ने भाजपा के प्रति जनता की आस्था, प्रतिज्ञा और विश्वास को और अधिक गहरा किया है। विजय उत्सव में सभी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा संगठन के सभी समर्पित कार्यकताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह जीत भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में एक ऐतिहासिक शिलालेख सिद्ध होगी। जनता के इस भारी समर्थन ने यह प्रमाणित कर दिया है कि जब जनविश्वास और जनआशीर्वाद एक साथ खड़े हों, तो राष्ट्र की उन्नति, उत्कर्ष और उन्नयन को कोई भी शक्ति रोक नहीं सकती।

## एनसीसी ट्रैकिंग कैंप समापन समारोह संपन्न



श्रावस्ती। बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय घोघवा कला, सिरसिया में चल रहे साप्ताहिक ऑल इंडिया एनसीसी यूपी ट्रैकिंग कैंप का समापन समारोह शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नि0 अध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी एवं पूर्व संसद/अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा उपस्थित रहे, जिन्होंने कैडेट्स को प्रमाणपत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। 51वीं यूपी एनसीसी बटालियन बलरामपुर द्वारा आयोजित इस कैंप के सातवें दिन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल के निर्देशन में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें दिल्ली टीम ने दोझ्रएक सेट से जीत दर्ज की। वहीं रस्सा-कसी प्रतियोगिता में गुजरात डायरेक्टेड की टीम ने जम्मू-कश्मीर को मात देकर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रेनिंग जेसीओ नंद सिंह, रजनीश, रामकिशोर, लेफ्टिनेंट देवशरण, उदयभान पांडे, लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग गंजावर, एएसएम विनय घोष सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट मौजूद रहे। आयोजक कर्नल ए.पी.एस. पटवाल सहित पूरी टीम को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दी गईं।

## उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने कराया द्वितीय प्रशिक्षण



श्रावस्ती। जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइजरों का द्वितीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से किये जाने वाले विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रक्क़) की महत्ता, आयोग के अद्यतन निर्देशों तथा महत्वपूर्ण बिन्दुओं से अवगत कराते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

प्रथम शिफ्ट में उप जिलाधिकारी भिनगा तथा द्वितीय शिफ्ट में उप जिलाधिकारी श्रावस्ती द्वारा सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को पुनरीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया समझाई गई और समर्पण के साथ कार्य निष्पादन के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 289-भिनगा आशीष भारद्वाज, 290-श्रावस्ती पीयूष जायसवाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण आर्य, कनिष्ठ सहायक मकसूद अहमद सहित अन्य अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## यातायात जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न



श्रावस्ती। यातायात माह के अंतर्गत जिले में व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी यातायात भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम ने विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया। थाना सिरसिया क्षेत्रांतर्गत स्थित त्र्यंबकेश्वर आदर्श इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। राह-वीर योजना, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट, तेज गति पर नियंत्रण एवं नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी को जागरूक किया गया। पम्पलेट्स वितरण के साथ सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। इसी क्रम में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए विभिन्न मार्गों पर बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। जिले के चौराहों, तिराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित किया गया।

## आधुनिक भारत के निर्माण के नीति निर्धारण में पं. नेहरू का है अप्रतिम योगदान : मोना



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की। स्थानीय इंदिरा चौक पर स्थित पार्क मे विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्वयं तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की ओर से पं0 नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होने अमर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होने कहा कि पं0 नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण को लेकर पंचवर्षीय योजना की मजबूत शुरूआत की। उन्होने कहा कि पं0 जवाहर लाल नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखी। उन्होने कहा कि इसकी बदौलत आज दुनिया में भारत रक्षा, खेल, शिक्षा, निर्माण आदि क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संयोजन ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर आशीष उपाध्याय, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, शास्त्री सौरभ, प्रकाशचंद्र मिश्र, रामलोचन त्रिपाठी, भुवनेश्वर शुक्ला आदि रहे।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

प्रतापगढ़। श्रीमदभागवत कथा विश्राम के बाद आयोजित भण्डारे में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान वासुदेव का महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं भजन संकीर्तन में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे दिखे। सांगीपुर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा विश्राम के बाद शुक्रवार को आयोजित विशाल भण्डारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में पहुंची सांगीपुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष दीक्षा सिंह समेत व्यापारियों ने कथाव्यास का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का आयोजन जवाहर लाल केसरवानी ने किया। इस मौके पर जिपंस प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी, बबन पाण्डेय, राजेश कौशल, अनिल अग्रहरि, कुंवर बहादुर सिंह, रामशरण शुक्ल, अजीत मिश्र, शंकर मोदनवाल, बबलू केसरवानी आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

# बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत, जश्न में डूबा गोरखपुर

## बिहार में एनडीए की जबरदस्त जीत पर झूमे भाजपाई, जमकर मनाया जश्न





जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के सहयोगियों वाली एनडीए को प्रचण्ड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत मिलते ही सीएम योगी का गृह जनपद गोरखपुर जीत के जश्न में डूब गया। महानगर से लेकर गांव-कस्बों में भाजपा कार्यकताओं ने जगह-जगह मिठाइंया बांटी, ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर थिरकते हुए खूब रंग-गुलाल उड़ाए और पटाखे फोड़ जीत का जमकर जश्न मनाया। भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी व गृह मंत्री अमित शाह व नीतिश बाबू के साथ सीएम योगी को जीत का श्रेय देते हुए बधाई दिया। बिहार में राजग की प्रचंड जीत के बाद भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर जश्न का माहौल दिखा। बड़ी संख्या में जुटे भाजपा नेताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय व जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी की अगुवाई में पटाखा फोड़ा और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने सर्वप्रथम खुशी से लबरेज भाजपा नेताओं का मुंह मीठा कर बधाई दी। फिर शुरू हुआ पटाखा फोड़ने का सिलसिला और क्षेत्रीय कार्यालय आवाज से गूंज उठा। इस दौरान भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा का उदघोष किया। क्षेत्रीय कार्यालय पर जश्न मनाने वालों में पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष महराजगंज संजय पांडेय, जिला महामंत्री डॉ आरडी सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र सिन्हा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन, क्षेत्रीय संयोजक मीडिया संपर्क विभाग सिद्धार्थ शंकर पांडेय, ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार यादव, छोटेलाल मौर्य, संजय सिंह, राजाराम कन्नौजिया, हरिनारायण सिंह, धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, कृष्णपाल सिंह, के एम मझवार एडवोकेट, अजय श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी व सह मीडिया प्रभारी

### सुशासन और विकास पर जनता ने जीत का मोहर लगाया : कामेश्वर सिंह



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचण्ड जीत विकास की जीत है जनता ने सुशासन और विकास पर अपना मोहर लगाया है। यह विजय बिहार के जन-जन की आकांक्षाओं, विश्वास और ठऊअ द्वारा किए गए विकास कार्यों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए उत्साह के साथ बिहार अब विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा - कामेश्वर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश।

### विकास पर जनता का अट्टू विश्वास कायम : जनार्दन तिवारी



गोरखपुर। बिहार विधान सभा चुनाव में एनडीए की प्रचण्ड विजय समर्पित कार्यकताओं पदाधिकारियों के अथक परिश्रम का परिणाम है। यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों व विकास पर बिहार की जनता के अटूट विश्वास की मुहर है। यह जनादेश बिहार के विकास, सुशासन, समृद्धि की गति को और तीव्र करेगा। -जनार्दन तिवारी, जिलाध्यक्ष, भाजपा गोरखपुर।

### बिहार में हिट रही मोदी व नीतीश की जोड़ी



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बिहार में प्रचंड बहुमत से विजय होने पर बेनीगंज भाजपा महानगर कार्यालय पर कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदेश उपाध्यक्ष/विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह व महानगर संयोजक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया। तो जीत की खुशी में मिठाइयां बांटने के साथ ही ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर थिरकते हुए रंग-गुलाल उड़ाए और पटाखे फोड़ जीत का जश्न मनाया। प्रदेश उपाध्यक्ष डा धर्मेंद्र सिंह व महानगर संयोजक राजेश गुप्ता ने कहा कि बिहार की जनता ने मोदी जी-नीतीश जी की जोड़ी पर भरोसा जताया। यह प्रचण्ड जीत उसी का प्रतिफल है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पुष्पदत्त जैन व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजीतांशु सिंह आशु सहित भारी संख्या में महानगर के पदाधिकारी गण मंडल अध्यक्ष गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिहार में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न




गगहा, गोरखपुर। बिहार प्रदेश में भाजपा व एनडीए के प्रचंड बहुमत से जीत होने पर गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार में भाजपा नेता अंतरराष्ट्रीय पहलवान जिला पंचायत सदस्य माया शंकर शुक्ल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता, भाजपा कार्यालय पर एकत्रित हो कर एक दूसरे को मिष्ठान खिलने के साथ पटाखे फोड़कर जीत की खुशियां मनाई। सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने कहा कि एक बार फिर बिहार राज्य की जनता ने विकास के नाम पर फिर से एनडीए सरकार को पूर्ण बहुमत दिया। इस अवसर पर गगहा मण्डल अध्यक्ष अजीत वर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, संजय दुबे, शुभम सिंह, शिवप्रसाद राजभर, संदीप सिंह श्रीनेत, पीयूष धर द्विवेदी, राम दयाल गुप्ता, राजन दुबे, श्याम कुमार गुप्ता, शशांक शुक्ल, वीरेंद्र वर्मा, दीपक प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिहार में विकास व सुशासन की प्रचंड जीतः सहजानंद राय



गोरखपुर। बिहार विधानसभा में एनडीए की प्रचण्ड जीत पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि बिहार में राजग की प्रचंड जीत विकास और सुशासन की जीत है। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन को सराहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से बिहार के मतदाताओं को आभार जताते हुए कहा कि यहां लोगों ने कांग्रेस और राजद द्वारा एसआईआर को लेकर उड़ाई गई अफवाह का भी करार जवाब दिया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा है जिस तरह से बिहार में वहां की जनता का अपार स्नेह राजग को मिला है, उसी तरह 2027 में उत्तर प्रदेश में यहां के लोगों का मिलेगा और भाजपा की लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी।

## सीता मइया की धरती बिहार में जीती एनडीए तो 'छोटी अयोध्या' गोला में जमकर मनी दिवाली



गोला, गोरखपुर। सीता मइया की धरती बिहार विधान सभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत मिलने पर भगवान राम की स्मृतियों से जुड़ी 'छोटी अयोध्या' उपनगर गोला में भाजपाईयों ने दिवाली की तरह खुशियां मनाई। जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ भा कसौधन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया। भाजपा कार्यकताओं ने कैंप कार्यालय समेत कस्बे के चौक बाजार में ढोल-नगाड़े के बीच जमकर थिरकते हुए रंग-गुलाल उड़ाए और पटाखे फोड़ जश्न मनाया। जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत बिहार की आम जनता की जीत है। पीएम मोदी व मुख्यमंत्री नीतिश के सुशासन व विकास के राज की जीत है। जो बिहार के इतिहास में स्वर्णिम काल को दशार्ता है। बिहार की जनता किसी के बहकावे न आकर सीधे मोदी सरकार एवं नीतिश कुमार पर भरोसा करके पुनः शुसान की स्थापना के लिए बढ़चढ़ कर एनडीए के पक्ष में मतदान की। जिससे यूपी के तर्ज पर ही बिहार में डबल इंजन की सरकार काम करे ताकि सर्व समाज सुरक्षित एवं विकास के पथ पर अग्रसर हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, मण्डल अध्यक्ष संदीप सोनकर, सभासद सच्चिदानंद राय, देवेश निषाद, दीनानाथ कसौधन, संजय मध्येशिया, राजकुमार हिन्दुस्तानी आलोक पाण्डेय इमरान अंसारी देवानंद कन्नौजिया डा राजेश जायसवाल रमेश तिवारी रिंकू चौधरी बबलू जायसवाल विरेन्द्र मालाकार ऋषी साहनी पंकज सोनकर अर्जुन सोनकर आकाश जायसवाल बबलू सोनकर रमाशंकर बघेला जगदीश निगम आदि सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया जश्न



इटावा। बिहार चुनाव में भाजपा और सहयोगी दलों की प्रचंड जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता जी व भाजपाइयों ने जसवंतनगर चैराहा पर पटाखे चलाकर जश्न मनाया व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी।

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने कहा कि जनता ने विकास, स्थिरता और सुशासन के पक्ष में ऐतिहासिक समर्थन दिया है। यह विजय जनता के आशीर्वाद, मेहनतकश कार्यकताओं की निष्ठा और नेतृत्व की दृढ़ संकल्प शक्ति का परिणाम है। बिहार ने एक बार फिर नए विकास अध्याय की शुरूआत कर दी है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि बिहार की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जीत है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की ऐतिहासिक विजय है। महिलाओं और ओबीसी का समर्थन एनडीए को भरपूर मिला है। चुनाव नतीजों स्पष्ट बता रहें है कि एनडीए को महिलाओं, ओबीसी और ईबीसी वर्ग का मजबूत समर्थन मिला है। जश्न कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, मंडल प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, जिलामहामंत्री प्रशांत राव चैबे, विवेक शाक्य गुड्डु, जिलामंत्री रजत चैधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव, समीर सक्सेना, सनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय यादव शिबंदुश, शीलू तोमर, अलोक गुप्ता, विवेक गुप्ता, अवधेश चतुवेर्दी, अजय गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल राज वर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### मिशन शक्ति हक की बात का आयोजन




इटावा। नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति हक की बात जिलाधिकारी के साथ हिंसा पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा संवाद जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में आयोजित किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं हस्ताक्षर अभियान लैंगिक हिंसा, असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन व दहेज हिंसा आदि की पीड़ित महिलाओं के संरक्षण व सहायता हेतु न्यूनतम। पति द्वारा प्रताड़ित करना इन दोनों के साथ संबाद कर रिश्ते बनाये जाते है, पुलिस विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर बताये गये। 1076, 1090, बच्चा गुम- 1098, आग लगना अग्निशमन सेवा 101, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर लाइन- 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन 1098, गर्भवती महिलाएँ एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नम्बर-102, साइबर हेल्पलाइन- 1930 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम की जागरूकता अवश्य होनी चाहिए। मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी एसपी सिटी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक थाने में महिला थाने है वहां पर महिला मिलेगी वहां आप अपनी बात रख सकते है। महिला पुलिस अधिकारी को सारी समस्या बता सकते है, अगर आप अपना नाम गोपनीय रखना चाहते है तो आप का नाम गोपनीय रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि आप अकेले नहीं है आप के साथ पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि भ्रूण हत्या अगर कोई कराता है तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को अवश्य दी जाए आप का नाम गोपनीय रखा जायेगा। बालिकाओं को शिक्षा से अवश्य जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आयरन की दवा अवश्य लेनी चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। उन्होंने कहा कि सभी को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। उक्त अवसर के दौरान एसपी सिटी, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, समाज कल्याण विकास प्रिया शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम विद्यालय के अभिलेखों में ZIKRA RAEES तथा मेरा नाम RAEES AHMAD गलत रूप से दर्ज किया गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम ZIKRA RAIS तथा मेरा सही नाम MOHD RAIS AHMAD है, जो कि आधार कार्ड में अंकित है। मेरी पुत्री के विद्यालय के अभिलेखों में गलत नाम को सुधारते हुए सही नाम ZIKRA RAIS D/o MOHD RAIS AHMAD दर्ज किया जाए। **मो. रईस अहमद पुत्र मतीन अली निवासी 456/249 (101), दौलतगंज, साजन मैरिज हॉल के पास, हुसैनाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पति स्व. राम प्रकाश पुत्र स्व. सूरज प्रसाद की मृत्यु 12.02.2025 को हो चुकी है जिसके बाद भूखण्ड संख्या 19B/918 का नामान्तरण मृतक की पत्नी श्रीमती उर्मिला एवं श्री रामजीत यादव पुत्र स्व. सूरज प्रसाद व श्रीमती रामरती पत्नी शिवदास पुत्री स्व. सूरज प्रसाद के पक्ष में किया जाना है। यहि किसी पक्ष को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित कार्यालय में प्राप्त करा सकते हैं अन्यथा उसके पश्चात किसी का दावा मान्य नहीं होगा। **श्रीमती उर्मिला पत्नी स्व. राम प्रकाश निवासी- शीतल खेड़ा, हैवतमऊ, मवईया, रायबरेली रोड, लखनऊ।**

### दो अलग-अलग मामलों में दो को सजा

इटावा। जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इटावा पुलिस और अभियोजन विभाग को गुरुवार को दो बड़े मामलों में सफलता मिली। अदालतों ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों में तेजी से कार्रवाई कर अपराधियों को सजा दिलाने की कोशिश जारी है।

थाना जसवंतनगर में वर्ष 2017 में दर्ज मुकदमा में चेक बाउंस होने की शिकायत की गई थी। इस मामले में आरोपी संतोष कुमार पुत्र पातीराम, निवासी रेलवे क्रॉसिंग, सुघर सिंह इंटर कॉलेज के पास, जसवंतनगर को अदालत ने दोषी पाया। एडीजे-4 कोर्ट इटावा ने आरोपी को 6 माह की कैद और 10 हजार रुपये का अर्थदंड दिया। अदालत ने माना कि आरोपी द्वारा दिया गया चेक जानबूझकर बाउंस कराया गया और वह भुगतान से बचता रहा। थाना चैबिया क्षेत्र में वर्ष 2020 में दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की संदिग्ध मौत से जुड़ा था। इस मामले में आरोपी अखिलेश पुत्र रामनरेश, निवासी ग्राम टिसुआदेव को एफटीसी-1 कोर्ट इटावा ने दोषी माना।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-14.11.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- सेउर चमुरखा, विकासखंड कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक- 15.11.2025 से दिनांक- 21.11.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 21.11.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | राम उजागिर के घर से अंत्येष्टी स्थल तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 12.21 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- सेउर चमुरखा, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर।**

## सनशाइन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस




इटावा। सनशाइन स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में खूब धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कक्षा-नर्सरी से कक्षा-8 तक के समस्त छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर के सीओ अभय नारायण राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। इस अवसर पर पंजाब केसरी ब्यूरो चीफ मसूद तैमूरी, डीडी न्यूज जिला प्रतिनिधि अतुल वी एन चतुर्वेदी, विद्यालय के निदेशक प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी, उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अभय नारायण राय ने समस्त छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन से अनेक प्रकार की जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि उड़ने दो परिंदों को अभी शोक हवा में फिर लौट के बचपन के जमाने नहीं आते। तत्पश्चात उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक-प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर उनका धन्यवाद दिया।

### बकेवर में भी मनाया गया बाल दिवस

बकेवर, इटावा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती शुक्रवार को लखना बकेवर सहित ग्रामीण क्षेत्र की शैक्षिक संस्थानों में बाल दिवस के रूप में मनाई गई। यहां उत्सव के माहौल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कहीं मेला लगा तो कहीं प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपना हुनर दिखाया। लखना कस्बे में रायल हैप्पी किड्स सिनियर सेकेंडरी स्कूल में पंडित नेहरू की जयंती पर बाल मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया।

## पालिका चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने माथा टेक मांगी मन्नत

### दरगाह वारसी पर उर्स में हुई मौला अली की नजर



इटावा। दरगाह अबुल हसन शाह वारसी कटरा शहाब खाँ में चार दिवसीय सालाना उर्स के दूसरे दिन मौलाए कायनात हजरत अली अलैहिस्सलाम की नजर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

दूसरे दिन उर्स का शुभारंभ बाद नमाज फजर कुरआन ख्वानी के साथ हुआ, बाद नमाज जोहर दरगाह वारसी के ऑनरेरी सेकेट्री हसनैन वारिस हनी वारसी सहित ट्रस्ट के लोगों ने मजार शरीफ हाजी सैय्यदना महमूद शाह वारसी का गुस्ल किया जिसमें मुंबई से आये पारसी परिवार के खुसरो नरीमन वारसी व परवेज हवलदार की ओर से सन्दल व चादरें पेश की गईं। बाद नमाज असर महफिले समां का आयोजन हुआ जिसमें कव्वालों ने बेहतरीन कलाम पेश किए। इसके बाद मौलाए कायनात शेरे खुदा हजरत अली अलैहिस्सलाम की नजर हुई जिसमें कुरान पाक की तिलावत हाफिज दिलवर हुसैन, हाफिज हुसैन वारिस व मो. राशिद ने की और तबरेज वारसी कोलकत्ता ने मौलाए कायनात की शान में सलाम पेश किया, इसके बाद दरगाह वारसी के ऑनरेरी सेकेट्री हसनैन वारिस हनी वारसी ने नजर मौलाए कायनात पेश की। देर रात महफिले समां का आयोजन हुआ जिसमें कव्वाल अफ्फान वारसी देवा शरीफ, राजा सरफराज रामपुर व अली वारिस मुंबई ने बेहतरीन कलाम पेश किए। अंत मे कुल शरीफ हजरत सैय्यद अबुल हसन शाह वारसी हुआ। उर्स के दौरान नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने दरगाह पर पहुंचकर माथा टेका और मन्नत मांगी। ऑनरेरी सेकेट्री हनी वारसी ने चेयरमैन का शाल उढ़ाकर स्वागत किया। उर्स में साकिब मुईन चिश्ती खादिम दरगाह ख्वाजा मुईन उद्दीन चिश्ती अजमेर शरीफ सहित बाहरी प्रान्तों और जनपदों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उर्स में सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात रहा।

### ज्ञान स्थली स्कूल में बाल दिवस का आयोजन



इटावा। ज्ञानस्थली विद्यालय में आज बाल दिवस के शुभ अवसर पर बाल मेले के साथ-साथ विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्वयं विद्यालय समिति के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने की। विद्यालय के प्रातः सभा के पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पहार किया। विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि मुकेश यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने अध्यक्ष व मुख्य अतिथि को फूलों का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष व मुख्य अतिथि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सभी कक्षाओं में आयोजित विषयों के प्रारूपों का निरीक्षण किया। सभागार में एकत्रित कार्यक्रम में पधारे सभी अभिभावकों को संबोधित किया। प्रत्यक्ष रूप से हुए अनुभव को उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी एक ऐसा आयोजन होता है जहाँ विभिन्न वस्तुओं, कलाओं, विज्ञान, साहित्य, या अन्य शिल्पों का प्रदर्शन किया जाता है। प्रदर्शनी स्थल का वातावरण बेहद उत्साहजनक होता है। प्रदर्शनी में प्रवेश करते ही विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और उपकरणों की चमकती हुई झलकियां मन को मोहने लगती हैं। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों और आम जनता को विज्ञान के प्रति जागरूक करना और उन्हें नई-नई तकनीकों से अवगत कराना होता है। प्रदर्शनी के विभिन्न भागों में अलग-अलग विषयों को समर्पित किया जाता है। एक खंड में अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया गया था, जिसमें ग्रहों, उपग्रहों और अंतरिक्ष यानों के बारे में जानकारी दी गई। इन मॉडलों ने न केवल विज्ञान के छात्रों को, बल्कि सभी अभिभावकों को भी बहुत आकर्षित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल, खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### खेतों में दिखे अजगर से ग्रामीणों में भय व्याप्त

चकरनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र के एक गांव में घर के पास गुरुवार दोपहर समय एक विशाल अजगर दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद भी सैंक्चुअरी विभाग की टीम देरी से पहुंची, तब तक अजगर दूसरे खेतों में घुस गया। ग्रामीणों में अजगर को लेकर भय व्याप्त है। तहसील चकरनगर के गांव बंधा निवासी ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार दोपहर समय एक विशाल अजगर गांव के राजमिस्त्री कप्तान सिंह के घर के पास खेत में आ गया था, जिससे घर के पास बैठे बच्चों सहित महिलाओं में चीख पुकार मच गई। कुछ ही समय में गांव के अन्य ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। तदोपरांत संबंधित सैंक्चुअरी विभाग की टीम को सूचना दी गई। लेकिन घंटों के इंतजार के बाद भी टीम मौके पर नहीं पहुंची, तब तक अजगर की सुरेश के खेत में घुस गया। उक्त अजगर के पास के खेत में घुसने से ग्रामीण बुरी तरह भयभीत है। ग्रामीणों ने मवेशी सहित आम जनमानस के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर की है। बताते चलें कि क्षेत्र में कभी अजगर दिखते है, तो कभी तेंदुए शिकार कर लेते है, जिससे ग्रामीणों की रातों की नींद और दिन का चैन खो गया है। क्षेत्र में किसान सहित पशुपालक और आम जनमानस में भय व्याप्त है। जंगली जानवर व जीव-जन्तु अब तो घरों तक पहुंचने लगे है।

संक्षेप

## कांग्रेसियों ने चाचा नेहरू को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेसजनों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इसी क्रम में भारत भूषण कालोनी स्थित कैंप कार्यालय में दोपहर एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के जीवन, उनके योगदान और आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी दूरदर्शी सोच पर विस्तार से चर्चा की। उपस्थित जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलते रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की। इस दौरान रामकुमार वर्मा (प्रदेश महासचिव, पिछड़ा वर्ग), प्रेम कुमार वर्मा, राकेश विश्वकर्मा, अनिल कुमार शुक्ला गुड्डू, सगीर अहमद, पंकज पटेल, राम शंकर पाल, फकीर मोहम्मद, इसरार अली, शेर सिंह वर्मा, अध्ययन पटेल समेत कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## विचाराधीन बंदी की मौत पर मजिस्ट्रेट जांच शुरू

लखीमपुर खीरी। जिला कारागार में विचाराधीन बंदी की मौत के मामले में प्रशासन ने मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बब्लू गुप्ता (36 वर्ष) पुत्र लाल बहादुर, निवासी रंगरेजान प्रथम, थाना पलिया को 11 अक्टूबर 2025 को जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी में मृत्यु हो गई थी। मृतक उस समय विचाराधीन बंदी के रूप में निरुद्ध था। जांच अधिकारी एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच के लिए 19 नवंबर, पूर्वाह्न 11:00 बजे की तिथि निर्धारित की है। उन्होंने समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की है कि वे उक्त नियत तिथि पर समय से उनके कलेक्ट्रेट लखीमपुर-खीरी स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य / अभिकथन प्रस्तुत करें।

## डॉ. घुरिया समाज के शांतिदूत

लखीमपुर खीरी। बालगोष्ठी का अयोजन चिल्ड्रेन लाइफ केयर सोसाइटी व जर्मन होमियोपैथी रिसर्च सेन्टर एवं फाउंडेशन के तत्वाधान में फरधान ईकाई बाल दिवस गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालधिकार, कन्या भ्रूण हत्या शिशु देखभाल स्वास्थ्य समाज को मुख्य बात में लाने के लिए शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य सम्बन्धि जानकारी डॉ० धुरिया ने दी। गोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी फिल्मकार अदित्य वर्मा जलज ने संस्थान के समाज के प्रति शान्तीदूत, पर्यावरणविद, दार्शनिक समाजसेवी डी. धुरिया को समाज का आईना कहकर बर्षो से समाजिक सेवा में तत्परता की सराहना की और साथ ही-साथ अन्य समाजिक मुद्?दो संस्थान के उद्?देश्यों पर चर्चा की गई। इस मौके पर डॉ० शीलू कश्यप वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञ, डॉ० शौरभ संस्थान के प्रोजेक्ट निदेशक के रूप में, होटेलाल प्रधान, रमाकान्त, डॉ. विजय कुमार संजय कुमार वर्मा अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

# हवन-पूजन के साथ पिराई सत्र शुरू



पलियाकलां खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया का नवीन पेराई सत्र 2025-2026 के लिए शुक्रवार प्रातः काल भगवान शि व जी के मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान जी मंदिर में पूजन किया। उसके उपरांत डोंगा पर पूजन हवन किया गया ।वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल क्षेत्र के सैकड़ों किसान व संभ्रांत नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे। चीनी मिल के पुजारी रामेंद्र मिश्रा ने आज विधिवत हवन पूजन यूनिट हेड ओ पी चौहान द्वारा कराया गया।

मिल परिसर में बने हवनकुंड में अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति में हवन यज्ञ किया गया ।प्रथम गन्ना लाने वाले बैलगाड़ी किसान उदय वीर निवासी नगला, बुग्गी लाने वाले कय्यूम निवास मरौचा को भाजपा के मंडल अध्यक्ष शशिशंकर शुक्ला एवं जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने की तथा शाल ओढाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया । तत्पश्चात नारियल तोड़कर केन कैरियर में तहसीलदार ज्योति वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह परिहार, गन्ना समिति पलिया अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी, भीरा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय, एवं गन्ना समिति के संचालकों सहित सैकड़ो किसानों ने डोगें मे गन्ना डाल कर मिल का शुभारंभ के लिए पूजन अर्चन किया। इस मौके पर चीनी मिल के अधिकारी उदय प्रताप सिंह, विकास मलिक, संजीव दूबे, मोहित अवस्थी, उपेन्द्र पांडेय, संजीव श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, कृषक विकास कपूर, सुखदेव सिंह, रणजीत सिंह, राम प्रकाश पाल, बलवीर सिंह, दर्शन सिंह, सतीश सिंह, रेशम सिंह, हेमराज, जीवन सिंह उपस्थित रहे। यूनिट हेड ओ पी चौहान ने बताया कि शासन की नीति अनुसार इस वर्ष भी केवल एस एम एस पर्ची की सूचना किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी इस एस एम एस की पर्ची को मिल गेट /वाह्य क्रय केंद्रो गन्ना लाने से पूर्व फोटो पहचान पत्र के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। यूनिट हेड ने सभी किसान भाइयों से अपील करते हुए आग्रह किया है की सभी किसान भाई चीनी मिल में बैलगाड़ी /ट्राली वैध तिथि की एसएमएस पर्चियां पर ही गाना लाए। केन हेड राजीव तोमर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

## लापरवाह सिस्टम की मार से कराह रहे अन्नदाता

धौरहरा खीरी। किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली केन्द्र से लेकर राज्य तक भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान सरकार में किसानों की सुध लेने वाला आज की तारीख में जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकारी अफसर भी अनजान व लापरवाह हैं।

केन्द्र व राज्य सरकारों के जिम्मेदार खुले मंच से वादा करते नहीं थकते कि देश का अन्नदाता के साथ किसी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन हकीकत में यह सब बातें जमीनीस्तर पर दिखाई नहीं देती है। अन्नदाता किसान फसल बेचने से लेकर खाद खरीदने तक सरकारी संस्थाओं के चक्कर लगाने तक मजबूर हैं। जानकारी के मुताबिक सरकार चाहे जिस दल व पार्टी की हो अन्नदाता किसानों के लिए अपने अपने वक्तव्यों में बड़े बड़े दावे करते नहीं थकते वही अन्नदाता आज की तारीख में फसल बेचने से लेकर खाद लेने तक सरकारी संस्थाओं से लेकर सरकारी नुमाइंदों के आगे पीछे भटकने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि वर्तमान समय में तहसील क्षेत्र में पी सी एफ बी पैक्स धौरहरा, जगंलवाली, गुरुघुट्टा, रमियाबेहढ, चपकहा, रुद्रपुर, झिन्नापुरवा व एस एस से खमरिया पंडित व ईसानगर सहित नौ धान खरीद करने के लिए सेंटर आवंटित किए गए थे लेकिन जमीनी हकीकत में जो मजे की बात सामने आई कि किसी भी केन्द्र पर धान खरीद नहीं हो रही क्योंकि ज्यादातर सेंटरों पर बारदाना सहित अन्य उपकरण शुरू से गायब रहे। बरसात में क्षेत्र का अन्नदाता पुरुष व महिला किसान यूरिया खाद के लिए समितियों पर लाइन में लगे रहे और अब अपनी धान की फसल बेचने के लिए समितियों पर दौड़ लगाने को विवश हैं वर्तमान समय में गेहूं गन्ना व अन्य फसलों की बुआई के सीजन में डी ए पी खाद के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं और अन्नदाता किसानों की हमदर्द सरकार में जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकारी कर्मचारी तक मौन व्रत में चलें गये। अब कैसे जिम्मेदार अधिकारी सरकारी फरमान प्रति केन्द्र 10 हजार कुंतल खरीद के लक्ष्य कैसे प्राप्त करेंगे।

## बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए गठबंधन की दो-तिहाई बहुमत की ऐतिहासिक जीत पर गोला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्सव मनाया। प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य



अनूप गुप्ता तथा नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में सदर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। उत्सव के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुरजन लाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा विनोद स्वर्णकार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक शिवम गुप्ता, कैलाश गुप्ता, राहुल बाल्मीकि, प्रमोद भारद्वाज, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष अंकुर वर्मा, आमिर खान, बूथ अध्यक्ष सोनू त्रिवेदी, मनोज बाथम, उदित सोंधी, विशाल गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, विमल शर्मा, अरविन्द मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लगाये स्टाल



मोहम्मदी खीरी। नगर के दून पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान दून पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने पकवानों के स्टाल लगाकर व्यापार के गुड़ सीखे। साथ ही स्कूलों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी - अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। जिसकी सभी ने सराहना की विद्यालय प्रबंधक डॉ गुरुमेजर सिंह के नेतृत्व में बेहतर कार्यक्रम हुआ ।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार अब्बास नकवी, समाजसेवी शिवम राठौर, सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में विमल अवस्थी सहित समस्त विद्यालय परिवार का अहम योगदान रहा।

## बाल दिवस पर बाल मेला और खेल प्रतियोगिता आयोजित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चित्रांशु सरस्वती शिक्षा मंदिर लाल्हापुर में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष शुभम अग्निहोत्री, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा तथा वरिष्ठ पत्रकार करन सिंह ने फीता काटकर किया।

बाल मेला में बच्चों ने उत्साहपूर्वक फ्रूट चार्ट, आलू-कचालू, चिप्स-चाट, मटर, समोसा, ब्रेड पकोड़ा, चाय सहित कई आकर्षक स्टाल लगाए, जिनका बच्चों और अतिथियों ने भरपूर आनंद लिया। साथ ही विद्यार्थियों ने रंगारंग खेल प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि शुभम अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, उनके योगदान तथा बाल दिवस की शुरूआत के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार करण सिंह ने चाचा नेहरू के आदर्शों और बाल प्रेम को याद करते हुए बच्चों को उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। खेल प्रतियोगिताओं का संचालन भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा के नेतृत्व में किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। उन्होंने बच्चों को जीवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी क्षमताओं को निखारने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अवसर पर शिक्षिका उषा राजवंशी, रोशनी गिरी, अनुष्का श्रीवास्तव, हुमैरा, आयरा, कनीज मैम, नैन्सी, सूरज, आयुष, ओम, जय, आंशिका, आंशिक राठौर, अनुष्का शर्मा, पार्थ शर्मा समेत विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## विद्या मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद विद्यालय के विविध हाउसों ने अनुशासनपूर्ण एवं आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। इसके उपरांत मशाल स्थापना की गई, जिसने पूरे परिसर में जोश और



खेलभावना का संचार किया। ध्वजारोहण के पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत हुई। कबड्डी, खो-खो, रस्सा-कशी, म्यूजिकल चेयर, कुर्सी दौड़ सहित कई रोमांचक खेलों में छात्रों ने पूरे उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों में टीम भावना और अनुशासन का विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय महेश्वरी ने खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर सक्रिय रहने और लक्ष्य के प्रति समर्पित बने रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रामनरेश, डॉ. रविंद्र नाथ, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा और संस्थापक अध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन नाथ शामिल रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को खेल मैदान में आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। आयोजन का संचालन शारीरिक प्रमुख प्रमोद कुमार और संचालक चंद्रेश अग्निहोत्री ने कुशलता से किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों और सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## मासूमियत, सादगी और भविष्य की उम्मीदों का दिन है बाल दिवस

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना,



लखीमपुर में प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बाल दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धक चन्द्र भूषण साहनी, प्रबन्ध समिति की सदस्य नूतन गुप्ता एवं प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वन्दना से हुआ। विद्यालय आचार्य नेहा दीक्षित ने छात्राओं को बताया कि 14 नवम्बर को पं0 जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने पं0 जवाहर लाल नेहरु जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराया। छात्राओं ने इस अवसर पर बाल श्रम एवं शिक्षा पर नाट्य मंचन कर सभी को बाल श्रम उन्मूलन तथा बच्चों की शिक्षा के प्रति जागृत किया। छात्राओं ने काव्यपाठ, भाषण एवं भजनों के माध्यम से कार्यक्रम को मनमोहक एवं सुन्दर बनाया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्राओं द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं फूड स्टॉल जैसे पानी के बताशे, आलू टिक्की, बाटी-चोखा, सोया-चाप आदि के स्टॉल लगाए, जिसका छात्राओं, अभिभावको एवं शिक्षक व शिक्षिकाओं ने जमकर स्वाद लिया। छात्राओं के विभिन्न प्रकार खेलों का भी स्टॉल लगाया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति की सदस्य सीमा साहनी, विमल अग्रवाल जी, सी.ए. अमित गुप्ता एवं सम्मानित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## नगर पालिका ने सात विद्यालयों को दी फर्नीचर की सौगात




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बाल दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ द्वारा नगरीय क्षेत्र के सात परिषदीय विद्यालयों को नए फर्नीचर की सौगात दी गई। फर्नीचर मिलने से कुल 652 बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक दिखाई दी और विद्यालयों में नया उत्साह देखने को मिला।

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि जिलाधिकारी की पहल पर परिषदीय विद्यालयों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन और नगर पालिका दोनों की साझा जिम्मेदारी है। नए फर्नीचर से कक्षाएँ अधिक सुव्यवस्थित होंगी और बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। कार्यक्रम को बीएसए प्रवीण तिवारी ने भी संबोधित किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं बल्कि विद्यार्थियों के सीखने के वातावरण को भी बेहतर बनाते हैं। नगर पालिका और जिला प्रशासन की इस संयुक्त पहल को विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और अभिभावकों ने सराहा।

## गोला रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निर्माण तेज रूट डायवर्जन अब 23 नवंबर तक बढ़ा



लखीमपुर खीरी। वर्तमान में एन एच -730 पर स्थित गोला रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, कार्य को कराये जाने हेतु वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 08:00 बजे से 16 नवम्बर 2025 की मध्य रात्रि तक बंद किया जाना था। वर्तमान में गोला रेलवे क्रासिंग पर 530 मीटर के प्री कास्ट गिर्डर को लॉन्च किया जाना है। जिस हेतु उक्त डायवर्जन की अवधि को बढ़ाकर 23 नवम्बर 2025 की मध्य रात्रि तक किया जा रहा है। यह जानकारी सहायक अभियंता राष्ट्रीय मार्ग खंड प्रशांत सिंह ने दी। इस दौरान वाहनों के रूट डायवर्जन का विवरण इस प्रकार से है। समस्त वाहन, जो बहराइच - नानपारा से पीलीभीत-बरेली की ओर आने-जाने वाले वाहनों को जिला लखीमपुर-खीरी के एन एच -730 पर स्थित मनिकापुर तिराहे से होते हुये एम डी आर -6 (लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग) से सिकंदराबाद चौराहे से होते हुये एम डी आर -76 (सिकंदराबाद-गोला मार्ग) की ओर मोड़ा जायेगा, जहाँ से वाहन एन एच -730 गोला पर निकलेंगे।

## धौरहरा तहसील में मना लेखपाल संघ का 64 वां स्थापना दिवस

धौरहरा खीरी। शुक्रवार को तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का 64 वां स्थापना दिवस मनाया गया। एसडीएम और तहसीलदार ने उत्कृष्ट कार्य के लिए लेखपालों की सराहना की। धौरहरा तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का 64 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया ।लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष शशांक शेखर शुक्ला व मंत्री अम्बरीष वर्मा ने सभागार में मौजूद लेखपालों को सम्बोधित करते हुए लेखपाल संगठन के महत्व को विस्तार से समझाया ।लेखपाल संघ ने अधिकारियों के साथ पत्रकारों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया ।इस मौके पर एसडीएम शशिकांत मणि व तहसीलदार आदित्य विशाल ने भी मौजूद लेखपालों द्वारा विभागीय उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए, उन्हें सत्य निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी। इस दौरान मौजूद लेखपालों में रामेन्द्र अवस्थी, संजय श्रीवास्तव, अरुण बाजपेयी, नितेश मिश्रा, बिजय मिश्रा, राजीव अवस्थी, प्रदीप पांडेय, सचिन मौर्या सहित अन्य लेखपालों की मौजूदगी रही।

## बाल दिवस पर बच्चों ने विद्यालय में लगाये कला और प्रतिभा के रंग



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएलं। रेहरिया क्षेत्र स्थित विद्यालय में बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए अलग-अलग प्रकार के स्टाल लगाए, जिनमें खानपान, हस्तशिल्प, क्राफ्ट मॉडल, विज्ञान प्रयोग, खेल स्टॉल और ज्ञानवर्धक गतिविधियों की प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं।

विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, कबड्डी, लंबी कूद, ऊँची कूद, खो-खो, म्यूजिकल चेयर और समूह गीत जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित मोहन मिश्रा ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके उपरांत उन्होंने बाल मेले में लगे स्टालों का फीता काटकर उद्घाटन किया। पूरे परिसर में घूमकर उन्होंने बच्चों की रचनात्मक गतिविधियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ बच्चों का मनोबल बढ़ाया। विद्यालय स्टाफ की ओर से बच्चों को महापुरुषों के आदर्श, उनके योगदान और बाल दिवस की ऐतिहासिक महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बच्चों द्वारा गीत, कविताएँ, समूह नृत्य और छोटी-छोटी प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया गया। सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों की प्रतिभा और अनुशासन देखकर अभिभावकों एवं स्टाफ ने भी खुशी व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाओं और सहयोगी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिससे बाल दिवस का आयोजन यादगार बन गया।

## डीएम ने गोकर्ण कॉरिडोर का निरीक्षण कर दिए गति बढ़ाने के निर्देश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने गोकर्ण कॉरिडोर के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए मैनपावर बढ़ाने और गति तेज करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि श्रमशक्ति को दोगुना कर कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर सैंपलिंग की प्रक्रिया भी सख्ती से लागू करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि गोकर्ण कॉरीडोर परियोजना की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी तथा प्रशासन की टीमें दैनिक मॉनिटरिंग करेंगी, जिससे कार्य तय समय पर पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सावन माह से पहले सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक-पर्यटन परियोजना है, इसलिए समयबद्धता और गुणवत्ता दोनों सर्वोपरि हैं।

## सीजीएन पीजी कॉलेज में छात्रों को बैंकिंग जागरूकता की दी जानकारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अवसर पर सी.जी.एन.पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा गोला के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में छात्रों को बैंकिंग सेवाओं, योजनाओं और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक गौरव कुमार ने विभिन्न बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल बैंकिंग, सरकारी योजनाओं और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बैंक खातों के सुरक्षित संचालन के लिए प्रेरित किया। डिप्टी ब्रांच मैनेजर डॉ. मोनार्क गुप्ता ने बताया कि महाराष्ट्र बैंक में खाता संचालित करने वाले ग्राहकों को मात्र 435 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर बीमा की सुविधा तथा 20 रुपये में एक्सीडेंटल बीमा उपलब्ध है।

- **छात्रों को बैंक खातों के सुरक्षित संचालन के लिए प्रेरित किया खाता संचालित करने वाले ग्राहकों को मात्र 435 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर बीमा की सुविधा तथा 20 रुपये में एक्सीडेंटल बीमा उपलब्ध**

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पीयूष कुमार शुक्ल ने निःशुल्क एटीएम कार्ड, किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड सुविधा और बैंकिंग सुरक्षा को लेकर ओटीपी साझा न करने तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रभारी डॉ. नवनीत कुमार के निर्देशन में डॉ. रीमा छाबड़ा, डॉ. गौरव अवस्थी और डॉ. पूर्वा श्रीवास्तव ने छात्राओं के बीच खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया। साथ ही पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. योगेश कनौजिया, डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा, डॉ. राघवेन्द्र सिंह, डॉ. विवेक कुमार सिंह, डॉ. विश्वनाथ, डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार सरोज, डॉ. जितेंद्र कुमार, सुश्री नीलम, डॉ. राजीव शर्मा सहित दोनों एनएसएस इकाइयों के स्वयंसेवक और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बिहार में मिली जीत से भाजपाइयों में जश्न

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय पर बिहार विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाया गया। ढोल नगाड़ों के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी बहुत ही मजबूत जोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो डबल इंजन की सरकार ने कार्य किया है उसको बिहार की जनता ने पसंद किया है और अपना भरपूर समर्थन वोट के माध्यम से कमल का बटन दबाकर के दिया है। जो विरोधी पार्टिया हैं जो कभी गरीब किसान मजदूर महिला युवा की बात नहीं करते सिर्फ देश को तोड़ने की बातें करते हैं। उनको पूरी तरह से नकारनें का काम किया है। मैं बिहार की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीतीश कुमार और जो पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस चुनाव में अपनी जी तोड़ मेहनत किए हैं सबको बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, हरिवंश मिश्रा, नन्हकूराम सरोज, आजाद अरिमर्दन, विनय प्रकाश गुप्ता, अवनीश चतुवेर्दी, विवेक निषाद, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या

जौनपुर। प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की आजमगढ़ जनपद के ओरिल गांव में हत्या कर दी गई। गुरुवार को उसका शव तालाब के पास बरामद हुआ। मृतक की पहचान सुइथाकला (घमहा का पूरा) गांव निवासी 22 वर्षीय नरेंद्र बिंद पुत्र रामकिशुन बिंद के रूप में की गई। ज्ञात हो कि नरेंद्र अपने ननिहाल, आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के आलमपुर बनपुरवा गया था।परिजनों के अनुसार, नरेंद्र सुबह अपने मामा के बेटे राम अवतार के साथ घर से निकला था। रास्ते में उसने राम अवतार को नहर के पास रुकने को कहा और खुद आगे चला गया। कुछ देर बाद उसने पिता से फोन पर कहा कि कुछ लोग उसे मार रहे हैं, इसके बाद कॉल कट गया और मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।राम अवतार ने तलाश शुरू की तो तालाब के पास नरेंद्र को बेहोशी की हालत में पाया। परिजन तुरंत उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक की भाभी सीमा ने बताया कि उनके मायके औरिल में बगल के घर की एक युवती से नरेंद्र का एक साल से प्रेम संबंध चल रहा था। नरेंद्र उसी से मिलने आया था। वह कोयंबटूर की एक फैक्ट्री में हेल्पर के रूप में काम करता था और करीब दस दिन पहले ही घर लौटा था।नरेंद्र चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

## चेन काट कर भाग रहीं चार महिलाएं गिरफ्तार

जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा में बैठकर महिलाओं की सोने की नगदी रुपए चुरा लेने वाली अंतर्जनपदीय चार महिलाओं को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के करौती नईगंज निवासिनी नेहा पांडे पत्नी रजनीश कुमार पांडे अपनी मां के साथ ई रिक्शा से बैंक जा रही थी। जब इनका ई रिक्शा नईगंज शुक्ला ट्रांसपोर्ट के पास पहुंचा इस समय चार महिलाएं उसी ई रिक्शा पर सवार हो गई। चारों महिलाएं बैठने के बाद तरह-तरह की हरकत करने लगी। इसी बीच में चारों ने साजिश करते हुए नेहा पांडे की मां के गले से सोने की चेन काट लिया और चारों उतरकर जाने लगे। जैसे ही नेहा पांडे को आभास हुआ उन्होंने शोर मचाया आसपास समेत लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और चारों को पड़कर चेन बरामद कर लिया। इस समय गस्त करते पुलिस भी पहुंच गई। चारों महिलाओं को कोतवाली लाया गया जहां चारों के खिलाफ महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने पकड़ी गई महिलाओं की लाज लज्जा का ध्यान रखते हुए महिला कांस्टेबल को सौंप दिया। पकड़ी गई महिलाओं में नीतू पत्नी सूरज बिरला पत्नी सुजीत कुमार तीसरी पार्वती पत्नी कतवारु और चैथी जाह्नवी पुत्री वीरेंद्र कुमार सभी निवासी लखनापार थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर की निवासी बताई गई है।

# बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर मनाया जश्न



सोनभद्र। बिहार में विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली बंपर जीत के बाद भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गोंड एव जिला अध्यक्ष नदलाल , जिला प्रभारी अनिल सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा ,नपाप अध्यक्ष रूबी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने नारेबाजी करते हुए जीत पर खुशी जताई। एक दूसरे का मिठाई खिलाकर बधाई दी। रुझानों में जैसे एडीए को बढ़त मिली भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय पर पहुंचने लगे। आतिशबाजी कर खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी गई। जिलाध्यक्ष नदलाल ने बताया कि पीएम मोदी का सीतामढ़ी की रैली का वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, इस वीडियो में पीएम मोदी रैली को संबोधित करते हुए कह रहे हैं, 'हमें मां सीता का आशीर्वाद मिल गया है, हम बिहार में एक बार फिर सरकार बनाने जा रहे हैं, आप सब लोग विजय उत?सव की तैयारी कर लीजिए, एनडीए की अब तक की सबसे बड़ी विजय इस चुनाव में पक?की है, और इसलिए 14 तारीख के बाद मैं आपको कह रहा हूं कि विजय उत?सव की तैयारी कर लीजिए, जनता का मिजाज बताता है और कांग्रेस वालों की बातें भी बताती है कि वे बिहार हार गए हैं, इसलिए वे कारण तलाशने में लगे हुए हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद राम सकल, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह,संतोष शुक्ला, मनोज सोनकर,अमरेश पटेल, ई रमेश पटेल,सुनील सिंह गुड़िया त्रिपाठी ,जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं भारतीय जनता पार्टी एनडीए गठबंधन द्वारा बिहार राज्य में पांचवीं बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनने के शुभ अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे के साथ डाला मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी पूरे जोश उत्साह के साथ आतिशबाजी ढोल नगाड़े एवं मिठाइयां बांटकर कर

## बंपर जीत के बाद भाजपा कार्यालय में मना जश्न



सोनभद्र। बिहार में विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली बंपर जीत के बाद भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गोंड एव जिला अध्यक्ष नदलाल , जिला प्रभारी अनिल सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा ,नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने नारेबाजी करते हुए जीत पर खुशी जताई। एक दूसरे का मिठाई खिलाकर बधाई दी। रुझानों में जैसे एडीए को बढ़त मिली भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय पर पहुंचने लगे। आतिशबाजी कर खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी गई।

जिला अध्यक्ष नदलाल ने बताया कि पीएम मोदी का सीतामढ़ी की रैली का वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, इस वीडियो में पीएम मोदी रैली को संबोधित करते हुए कह रहे हैं, ह्यहमें मां सीता का आशीर्वाद मिल गया है, हम बिहार में एक बार फिर सरकार बनाने जा रहे हैं, आप सब लोग विजय उत्सव की तैयारी कर लीजिए, एनडीए की अब तक की सबसे बड़ी विजय इस चुनाव में पक्की है, और इसलिए 14 तारीख के बाद मैं आपको कह रहा हूं कि विजय उत्सव की तैयारी कर लीजिए, जनता का मिजाज बताता है और कांग्रेस वालों की बातें भी बताती है कि वे बिहार हार गए हैं, इसलिए वे कारण तलाशने में लगे हुए हैं।इस मौके पर पूर्व सांसद राम सकल, नरेंद्र सिंह कुशवाहा,सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह,संतोष शुक्ला,मनोज सोनकर, अमरेश पटेल, ई रमेश पटेल,सुनील सिंह गुड़िया त्रिपाठी ,जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रोगी नहीं रोग से करें भेदभाव : अनुराग सिंह



मीरजापुर। समाज में जागरूकता एक सशक्त माध्यम होता है, यही जागरूक विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों के प्रति भी होना चाहिए। खासकर किसी बीमारी, रोग से प्रभावित व्यक्ति के मामले में तो जागरुकता के साथ ही सद्व्यवहार का भाव होना चाहिए, यानी रोगी नहीं रोग से भेदभाव होना चाहिए।

उक्त बातें मीरजापुर जनपद के चुनार नगर स्थित गांधी पार्क में आयोजित टीबी मरीजों को गोद लेने के पश्चात पोषक पोटली भेंट करते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए हैं। बता दें कि क्षय विभाग में कार्यरत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा 13 नवंबर 2025 को अपने पिता स्वर्गीय शिवमूर्ति यादव के स्मृति में टीबी रोग से प्रभावित 101 मरीजों को पोषण पोटली भेंट कर गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान उन्होंने पिता की पुण्यतिथि को अनोखे ढंग से टीबी प्रभावित लोगों के बीच उन्हें गोद लेकर एक मिसाल प्रस्तुत करते हुए लोगों से अपील की गई की आप सभी कहीं भी किसी भी व्यक्ति को टीबी के लक्षणों से यदि प्रभावित पाए हैं तो उन्हें देश हित में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक जांच इलाज हेतु भेजने का प्रयास अवश्य करें, ताकि हमारा देश टीवी मुक्त देश हो सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा द्वारा लोगों से कहा गया कि इस रोग से अब घबराने, डरने की जरूरत नहीं है बस डॉक्टर के सुझाव से पूरे कोर्स को करने की आवश्यकता है। व्यक्ति पूरे कोर्स को करने के पश्चात निश्चित रूप से टीबी से मुक्त होता अपने को पाएगा। विशिष्ट अतिथि चुनार विधायक अनुराग सिंह ने कहा कि देश से टीबी को समाप्त करने के लिए सरकारी स्तर से हर प्रयास जारी है, लेकिन आवश्यकता है हम सभी को भी आगे आकर अपनी सहभागिता निभाने की। उन्होंने बताया कि पहले की तुलना में हमारे देश में टीबी रोगियों की संख्या अब काफी कम हो रही है। कार्यक्रम में लखनऊ स्वास्थ्य भवन से आए स्टेट टीबी ऑफिसर आनंद तिवारी द्वारा मौजूदा समय में सभी सरकारी निःशुल्क सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अतिथि रूप में पहुंचे विंध्याचल मंडल के अपायुक्त डॉक्टर विश्राम द्वारा स्वर्गीय शिवमूर्ति यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में मौके पर मौजूद सभी अतिथियों द्वारा सतीश यादव के पिता की स्मृति में टीबी मरीजों के प्रति समर्पण भाव के लिए तथा आयोजन में सहयोगी भूमिका निभाने वाले क्रिश्चियन प्रबंधक शंकर रामचंद्र जी को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मिजार्पुर के डिप्टी सीएमओ डॉक्टर सुदीप सिंह, पीएचसी चुनार प्रभारी डॉक्टर राकेश कुमार पटेल, सर्वेश कुमार, गौरव पांडे, शमीम अहमद, दुर्गेश कुमार, हेमंत कुमार, प्रतीक आदि लोग मौजूद रहे।

## हर घर नल से जल योजना में प्रगति न होने पर एजेंसी को लगायी फटकार

मीरजापुर। नमामि गंगे योजनान्तर्गत जनपद मे कराए जा रहे हर घर नल से जल योजना के प्रगति समीक्षा आज कलेक्ट्रेट सभागार मे विधायक नगर रत्नाकर मिश्र की उपस्थिति में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जल निगम व कार्यदायी एजेंसियो के साथ बैठक कर कार्य में प्रगति न आने पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को जिलाधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाई गई।

नगर क्षेत्र में कार्यदायी संस्था, एजेंसी मेसर्स जीडीसीएल एवं मेसर्स ईएमएस के द्वारा सड़को पर गड्ढा खोदने के बाद समुचित मरम्मत न कराना तथा बिछाए गए पाइप लाइन के पश्चात सड़को की मरम्मत न कराए जाने से नगर की सड़के की स्थिति बदहाल होने पर जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त एजेंसियों के प्रोजेक्ट मैनेजरों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी कार्य हेतु सड़को के मध्य अथवा किनारे कोई भी गड्ढा खोदा जाता है तो उन गड्ढो को बैरीकेट करते हुए लाल झण्डी अथवा रिफलेक्टर टेप लगाए, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि एजेंसियों के लापरवाही से कोई दुर्घटना होती है तो सम्बन्धित एजेंसी को जिम्मेदार मानते हुए एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। विधायक नगर रत्नाकर मिश्र ने कार्यदायी एजेंसियो से कार्य पूर्णता के टाइम लाइन की जानकारी लेते हुए कहा कि 16 दिसम्बर 2025 तक प्रत्येक दशा में नगर क्षेत्र में जल निगम के द्वारा कार्य पूर्ण करा लिया जाए, ताकि तत्पश्चात लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़को की मरम्मत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि दिए गए समस सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध शासन में पत्राचार कर कार्यवाही कराई जाएगी। विधायक ने नगर के अलावा गैपुरा, कंतित, जोपा, शिवपुर गोसाईपुरवा आदि मुहल्लों, ग्रामों में प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जहां पर पानी का लीकेज हो रहा है परीक्षण करते हुए तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में मजदूरों पर टेक्निकल लेबरो व मशीनरी को बढ़ाते हुए रात्रि व दिन दो शिफ्टो में कार्य कराते हुए प्रगति लाए।

## समारोहपूर्वक मनी एलेन सौली के शोरूम की दूसरी वषंगांठ



आजमगढ़। देश की सुप्रसिद्ध कंपनी ऐलन सौली ने शहर के रैदोपुर स्थित आजमगढ़ के शोरूम की दूसरी वर्षगांठ का जश्न समारोहपूर्वक मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, कंपनी के इंडिया हेड सुदीप्तो चटर्जी, युगल किशोर जालान आदि द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इसके बाद डीआईजी सुनील कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और समारोह की भव्यता को बढ़ाया। मुख्य अतिथि एडीएम वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह ने कहाकि महानगरों की तर्ज पर ऐलन सौली का शोरूम आजमगढ़वासियों के उम्मीदों पर खरा उतर रहा है, जो कि जनपदवासियों के लिए सुखद है।

## निकाली एकता यात्रा निकाली , अनेक जगह स्वागत



जौनपुर। सशक्त, सुदृढ़ और समृद्ध भारत की नींव रखने वाले भारत रत्न एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा सदर विधानसभा द्वारा एक भारत, आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के तहत एकता यात्रा खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव के नेतृत्व में और जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में सिद्धिकपुर स्थित राजहंस लान सै ढोल मजीरा, गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। यह एकता यात्रा राजहंस से चलकर कुत्तुपुर चैराहे होते हुए विष्णु मोटल शंकरमंडी पहुंचा एकता यात्रा कोतवाली थोड़ा आगे बढ़ने पर उद्योग व्यापार मण्डल के सदस्यों ने एकता यात्रा माल्यार्पण कर स्वागत किया, एकता यात्रा का व्यापारी बन्धुओ घर छत सै पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, ।

जोगियापुर में निवर्तमान अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं द्वारा एकता यात्रा में शामिल लोगों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया एकता यात्रा जोगियापुर से होते हुए कलेक्ट परिषर पर पहुंची, जहाँ एक जनसभा का आयोजन था। कलेक्ट्रेट परिषर मे स्थापित सरदार बल्लभभाई पटेल प्रतिमा का खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, नगर पालिका परिषद कि अध्यक्ष मनोरमा मौर्या व अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया, जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने कहा की सरदार पटेल का योगदान केवल इतिहास का अध्याय नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।मनीष श्रीवास्तव, सुनील यादव मम्मन, राजकेसर पाल, अजय सिंह, श्यामबाबू यादव, कृष्ण कुमार जयसवाल, धर्मेन्द्र मिश्रा, धनजय सिंह, प्रशांत सिंह, उपेंद्र मिश्रा, अजय यादव, अंजना , माधुरी गुप्ता, विमला श्रीवास्तव, मिलन, आदि लोग मौजूद रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द हो फ्लाई ओवर का निर्माण : संदीप




सोनभद्र। किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने रेल मन्त्री को सम्बोधित पत्र रेलवे स्टेशन अधिक्षक को दिया जिसमें मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्रा ने कहा कि जनपद सोनभद्र के सोनभद्र रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज जल्द बनाया जाये।

एक बहुत बड़ी जन समस्या है ये रोड मिजार्पुर से बिहार को जोड़ने के साथ साथ मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क है जिस पर फ्लाई ओवर जल्द बने जिससे जनहानि के साथ साथ धन हानि न हो एक बार क्रॉसिंग बन्द होने पर जाम कि वजह से लगभग पचास हजार का ईधन व्यर्थ होता है दिन भर में लगभग दस से बारह बार क्रॉसिंग बन्द होती है जिसके कारण से लगभग चार से पांच लाख रुए व्यर्थ ही जनता का खर्च होता है महिने का लगभग डेढ़ करोण व वार्षिक अट्ठारह से बीस करोण रुपे व्यर्थ में हमारे समस्त परिवारी जनो का जाया होता है इसे सरकार जल्द नहीं बनवाती है तो जनहित को देखते हुए किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा आन्दोलन करने को बाध्य होगा ज्ञापन देने वालो में किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के सरक्षक शिव चरन पटेल जी पप्पू पटेल सर्वेष तिवारी अतुल चौबे रिषभ चौबे सत्यम पाण्डेय सजय बियार मनीष मोदनवाल आकाश चौहान सत्रुधन बिन्द अनूप बिन्द विजय विन्द दिनेश चेरो राज कनौजिया राहुल जाटव रोहित सोनकर रासमय खरवार आनन्द चौबे सन्तोष चेरो व सैकडों किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अश्लीलता कर धमकाने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर। लाइनबाजार क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को मनचलों ने अश्लील इशारे व फब्तियां कसने लगे।शिकायत करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया एक गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते 31 अक्टूबर की शाम वह अपने घर के किचन में खाना बना रही थी। उसके गांव के ही तीन मलचले युवक उसके किचन के खिड़की के पास आकर अश्लील इशारे करते हुए अश्लील बाते शुरू कर दिया।तब महिला ने अपने पति को आवाज लगाई। जब पति दौड़ा हुआ आया तब तक तीनों मलचले युवक वहां से भाग गए। उन्होंने डायल 112 को सूचना दिया।सूचना पर पुलिस मौके पर आयी और तीनों युवकों को थाने ले गयी।शाम होने के बाद उन्हें छोड़ दिया। आरोप है कि थाने से छूटने पर वे तीनों युवक पुनः महिला के घर गये और उसे अब जान से मारने की धमकी देते हुए जातिसूचक गालियां भी दी। प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर महिला की तहरीर के अनुसार केस को दर्ज कर लिया गया है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी अमेरिका उर्फ छोटेलाल को मिली जमानत

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। सत्र न्यायाधीश सोनभद्र राम सुलीन सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को हत्या का प्रयास मामले में आरोपी अमेरिका उर्फ छोटेलाल की जमानत अर्जी मंजूर कर लिया। साथ ही 50 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंध पत्र व समान धनराशि की दो स्थानीय विश्वसनीय जमानत दाखिल करने पर 5 शर्तो के अधीन रिहा करने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक श्यामनारायन पुत्र राजाराम निवासी पड़री(कमरीडांड़), थाना म्योरपुर, जिला सोनभद्र ने म्योरपुर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 17 अक्तूबर 2025 को लगभग 8 बजे रात में अमेरिका उर्फ छोटेलाल पुत्र स्वर्गीय ब्रह्मा यादव के दुकान पर उसका लड़का सारनाथ (27) वर्ष कुछ सामान लेने गया था उसी समय दुकान पर अमेरिका उर्फ छोटेलाल ने उसके लड़के को पुरानी रंजिश को लेकर गंदी गंदी गाली देते हुए जान मारने की नियत से चाकू से सीने पर कई वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोरगुल करने पर जान मारने की धमकी देते हुए भाग गया। लड़का सरकारी अस्पताल लोढ़ी में भर्ती है, जहां इलाज चल रहा है। उचित कार्रवाई करने की कृपा करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था और अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। अमेरिका 18 अक्तूबर 2025 से जेल में निरुद्ध है।

जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर लिया। साथ ही 50 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंध पत्र व समान धनराशि की दो स्थानीय विश्वसनीय जमानत दाखिल करने पर 5 शर्तो के अधीन अमेरिका उर्फ छोटेलाल की रिहाई का आदेश दिया है। अभियुक्त के अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव ने बताया कि 5 शर्तों में बगैर न्यायालय की अनुमति भारत देश नहीं छोड़ेगा, कोई साक्ष्य नष्ट नहीं करेगा और दुबारा कोई अन्य अपराध नहीं करेगा, किसी को धमकी नहीं देगा, अदालत में हाजिर आता रहेगा शामिल हैं।

## खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

सोनभद्र, । सदर तहसील क्षेत्र के रामगढ़ कस्बे में खाटू श्याम का जन्मोत्सव शहजादा इंटर कॉलेज में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खाटू श्याम जन्मोत्सव समिति रामगढ़ द्वारा खाटू श्याम के जन्मदिन पर रामगढ़ बाजार में स्थित शाहजादा इंटर कॉलेज परिसर में भव्य भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन देर शाम आयोजित हुआ। इसके पूर्व रामगढ़ बाजार में भव्य शोभा यात्रा व झांकी का आयोजन किया गया, इसमें नगर के सैकड़ो पुरुष व महिलाएं खाटू श्याम परिवार की तरफ से आयोजन में शामिल हुई। शोभा यात्रा व झांकी बीआरसी परिसर से निकालकर कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए कस्बा के अंतिम छोर तक निकली।गई इस मौके पर खाटू श्याम परिवार के तमाम लोग भजन कीर्तन करते हुए निकले फिर झांकी व शोभा यात्रा का समापन शाहजादा इंटर कॉलेज में हुआ। इसके बाद भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात तक चला जिसमें तमाम नामी गिरामी भजन गायक शामिल हुए। पूर्व की भांति आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के लोगों का उत्साह अपने धर्म के प्रति देखने लायक था तमाम सनातनी महिला व पुरुष भगवान खाटू श्याम के प्रेम में भाव विभोर दिखे लोगों का उत्साह ईतने चरम पर था कि वह नृत्य , भजन में अपने भगवान के प्रति पागल शरीखे दिख रहे थे। कार्यक्रम को कहीं से कोई विघ्न बाधा न पहुंच सके इसके लिए पन्नूगंज थाना अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा की अगुवाई में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी उनके द्वारा ड्रोन कैमरा से नगर की निगरानी भी की जा रही थी, उनके द्वारा इस मौके पर कस्बे से गुजरने वाले समस्त वाहनों की सघन चेकिंग भी की गई। कार्यक्रम के आयोजक मंडल में प्रमुख रूप से विजय गुप्ता, रोहित अग्रवाल, शुभम गुप्ता, जीतू सिंह, किशन मोदनवाल, इंद्रेश गुप्ता, अंकित राठौर, दिवाकर चौबे व साथ में तमाम लोग शामिल रहे।

## पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में लूटेरे के पैर में लगी गोली

आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के इटौरा गांव स्थित करनपुर नहर पटरी के समीप शुक्रवार की भोर में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से एक लुटेरा घायल हो गया। घायल लुटेरा को पुलिस ने दबोच लिया। जबकि उसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पकड़े गए बदमाश के पास से लूट की बाइक, चेन, डेढ़ हजार रुपये, मोबाइल, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। सीओ सिटी शुभम तोदी ने खुलासा करते हुए बताया कि सिधारी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक लुटेरा अवैध असलहा के साथ बाइक से बिहार की ओर जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की भोर में इटौरा गांव स्थित करनपुर नहर पटरी के समीप घेराबंदी कर खड़ी थी। तभी एक बाइक से दो बदमाशों को आते देख पुलिस ने उन्हें रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख बदमाश फायर कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की ओर से की गयी फायरिंग में पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल होकर गिर पड़ा। जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर तलाशी ली तो उसके पास से लूट की बाइक, सोने की चेन, मोबाइल, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। घायल बदमाश राजकुमार उर्फ डिम्पल पुत्र शेखर ग्राम सेठवल थाना रानी का सराय निवासी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरार दूसरा बदमाश पिंकेश ग्राम खगड़िया बिहार का निवासी है। सीओ ने कहा कि राजकुमार शातिर लुटेरा है और वह पूर्व में जेल भी जा चुका है। उसने 3 नवंबर को सिधारी थाना क्षेत्र के पल्हनी गांव में एक महिला से सोने की चेन की लूट की घटना को अंजाम दिया है।

## मड़िहान में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान के तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा खुटारी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्वावधान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक न्यायालय से आए हुए पीएल वी पंकज कुमार द्वारा लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता हेतु विभिन्न प्रावधानों को सूचना पुस्तिकाओं व कानूनी साक्षरता सामग्री आदि का वितरण कर गुमशुदा बच्चों से संबंधित मामलों की रिपोर्टिंग पर विशेष चर्चा किया गया। इसी के साथ पास्को अधिनियम के तहत पीड़ितों के संबंध में अपने कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया। लोक अदालत से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। इस दौरान मड़िहान थाना से एसएसआई राजेश सिंह, अरुण कुमार पांडे, हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह यादव, कांस्टेबल वीरभद्र सिंह यादव, महिला कांस्टेबल ईशा यादव व पीएलवी मुकेश कुमार, मंजीत सिंह, ग्राम प्रधान कृष्ण मुरारी सिंह पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

## किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के युवक पर उसकी पुत्री के साथ अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने और छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते रबिवार को बांधगांव निवासी विशाल पुत्र रामदवर ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोप है कि आरोपी युवती को वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए लगातार छेड़खानी करता है और विरोध पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।पीड़ित पिता द्वारा पुलिस से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित विशाल पुत्र राम दवर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 73,74,352,351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## धान क्रय को पारदर्शी रूप से संपादित करायें: डीएम

जौनपुर ।खरीफ विपणन के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा नामित 05 प्रमुख एजेंसियों के माध्यम से जनपद में कुल 151 धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गए हैं। जनपद के कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो तथा एमएसपी योजना का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुंचे। शासन द्वारा जारी क्रय नीति के निर्देशों के अनुरूप जिलाधिकारी द्वारा जनपद में स्थापित सभी धान क्रय केन्द्रों के निरीक्षण, पर्यवेक्षण तथा सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक क्रय केन्द्र पर नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वे केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने दें तथा किसानों को बिना किसी परेशानी के धान विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराएं। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने आवंटित क्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर उत्पन्न किसी भी समस्या की सूचना त्वरित रूप से जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला खाद्य एवं रसद विभाग को उपलब्ध कराएंगे। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रतिकूल स्थिति अथवा शिकायत की स्थिति में उप जिलाधिकारीध्सहायक आयुक्त एवं सहायक निदेशक, सहकारिता, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। धान खरीद, परिवहन, भंडारण एवं मिलों को धान के समयबद्ध प्रेषण से संबंधित समस्त कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएंगे, जिससे किसी भी कारणवश धान खरीद प्रभावित न हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी क्रय नीति के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा किसानों के हितों की रक्षा सर्वोपरि रखते हुए धान क्रय कार्य को पारदर्शी रूप से संपादित कराएं।

## जमीन चयन में हो रही देरी पर वकीलों ने जतायी नाराजगी

लालगंज, मीरजापुर। तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के स्थायी भवन के लिए जमीन चयन में हो रही देरी पर तीखी नाराजगी जताई। वकीलों का कहना है कि वर्षों से न्यायालय ब्लॉक भवन में अस्थायी रूप से चल रहा है लेकिन प्रशासन अब तक मानक के अनुसार भूमि तय नहीं कर पाया। इसी मुद्दे को लेकर अधिवक्ता एकजुट हुए और जमीन उपलब्ध कराने को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र दत्त त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय का अपना भवन ग्रामीण न्याय व्यवस्था के लिए अनिवार्य है। नींव की जमीन ही तय नहीं है। ऐसे में भवन निर्माण की बात करना औपचारिकता भर है।वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र दत्त द्वितीय ने कहा कि ग्राम न्यायालय को अस्थायी भवन में चलाना न्याय की गरिमा के विपरीत है। भूमि चयन में लगातार टालमटोल हो रही है। प्रशासन को इस पर स्पष्ट रुख अपनाना होगा।उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि ग्राम न्यायालय का सर्वे और सत्यापन जिला जज अरविंद मिश्रा द्वारा पूरा कर लिया गया है लेकिन भूमि मानक पर खरा न उतरने से आगे की प्रक्रिया अटक गई है। उन्होंने तहसील प्रशासन से जल्द निर्णय लेने की मांग की।

संक्षेप

## डीएम ने खराब प्रगति वाले विभागों को सुधार न होने पर दी चेतावनी

ललितपुर। कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 में विभिन्न विभागों/योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक की और खराब प्रगति वाले विभागों को फटकार लगाते हुए अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये। समीक्षा में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के बड़ी संख्या में आवेदन अधिकारी की लापरवाही से विद्यालय स्तर पर लम्बित होने के कारण प्रगति खराब हुई, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को फटकार लगाते हुए आज देर रात तक उन विद्यालयों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराने और उन सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक कराकर अग्रसारण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न होने पाए, इसके लिए रविवार को भी विद्यालय खोलकर पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक लम्बित आवेदनों को शत-प्रतिशत अग्रसारित कराकर अवगत करायें। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों जिनमें तालाबों पर अतिक्रमण है, उन्हें सम्बंधित उप जिलाधिकारी के सहयोग से कब्जामुक्त करायें और उनका मनरेगा योजनान्तर्गत सौंदर्यीकरण कराया जाए। डीएम ने पीएम कृषक बीमा योजना के बीमित किसानों को कम्पनी द्वारा अब तक दी गई क्षतिपूर्ति की समीक्षा की, जिसमें कम्पनी द्वारा अपेक्षित क्षतिपूर्ति भुगतान न होने पर उप कृषि निदेशक को कम्पनी पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्हें डीएम कार्यालय तलब किया जाए। इस दौरान युवा कल्याण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम ग्रामीण, प्र.मत्स्य अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने इन अधिकारियों के स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये।

## पान की गुमटी चलाने वाले युवक ने किया पुलिसिया उत्पीड़न की शिकायत

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के गांव दौलतपुर के दरोगा का पुरवा निवासी अभय राज पुत्र राम जनक ने एसएसपी और डीएम को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि रायबरेली - अयोध्या पर नौउवा कुंआ पर पीड़ित ने पान की दुकान कर रखा है। आए दिन थाना पूराकलंदर के सिपाही विनोद तेवतिया दुकान पर अक्सर पहुंचकर परेशान करते रहते हैं। तथा कहते हैं कि तुम्हारी दुकान बहुत चलती है।

हमें पैसा दो नहीं तुम्हें स्मैक व गांजा में फंसा दूंगा। शिकायत कर्ता का आरोप है कि बीते 13 नवंबर को शाम लगभग 8 बजे उक्त सिपाही पान के दुकान पर आकर युवक को भद्दी भद्दी गाली दी और दुकान बंद करवा दिया। दुकान शाम 6 बजे बंद कर देने की बात कही और फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की सिपाही ने धमकी दी है।

पूंछे जाने पर थाना प्रभारी पूराकलंदर संजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में छात्रवृत्ति के 8 हजार से अधिक आवेदन विद्यालय स्तर पर लम्बित होने पर भड़के डीएम

जिला संवाददाता

- 56 माध्यमिक और 40 डिग्री कॉलेजों के प्रिंसिपलों को कारण बताओ नोटिस एवं कलैक्ट्रेट सभागार में किया तलब
- छात्रवृत्ति के बंद पोर्टल को शासन से पत्राचार कर खुलवाने का प्रयास करेंगेरू डीएम
- जनपद के विद्यार्थी यदि छात्रवृत्ति से वंचित हुए तो सम्बंधित प्रधानाचार्यों की खैर नहीं, एफआईआर व निलबंन की होगी कार्यवाही

**ललितपुर।** गुरुवार को हुई मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में यह पाया गया था कि जनपद में पूर्वदर्शम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में 8335 आवेदन अग्रसारण हेतु लम्बित हैं, जिससे जिले की प्रगति प्रभावित हो रही है, इसको जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित प्रधानाचार्यों व विद्यालय प्रबंधकों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी और आज शुक्रवार को जनपद के सभी माध्यमिक व डिग्री कॉलेजों के प्रिंसिपलों व प्रबंधकों को कलैक्ट्रेट सभागार बुलाकर बैठक की और विद्यालय स्तर पर इतनी बड़ी संख्या में लम्बित आवेदनों की विद्यालय वार समीक्षा की ।समीक्षा के दौरान कई विद्यालयों में बड़ी संख्या में आवेदन लम्बित पाये गए, जिनमें जय माँ पठा देवी यूएमवी पठा महरौनी विद्यालय, राजकीय इण्टर कॉलेज जखौरा, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर, राजकीय इण्टर कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर टाउन, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महरौनी, सरदार पटेल अम्बेडकर बालिका इण्टर कॉलेज खितवांस, सरस्वति मंदिर इण्टर कॉलेज मड़ावरा मुख्य रुप से शामिल हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे 56 माध्यमिक और 40 डिग्री कॉलेजों के प्रिंसिपलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एवं कल शनिवार को शाम 5 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में तलब किया और इन सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल और प्रबंधकों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि यह विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह गए।

तो सम्बंधित विद्यालयों के प्रिंसिपल के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि राजकीय इण्टर कॉलेजों में लम्बित आवेदनों पर सम्बंधित प्रिंसिपलों के विरुद्ध शासन को पत्र भेजकर ऐसे लापरवाह लोगों का निलंबन भी करायेंगे और प्राईवेट इण्टर कॉलेज के प्रबंधकों को चेतावनी दी कि ऐसे विद्यालयों की मान्यता समाप्त कराने के लिए कार्यवाही करेंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि विगत 6 नवम्बर तक विद्यालयों से आवेदन जिला स्तर पर अग्रसारित किये जाने थे और 17 नवम्बर तक जिले स्तर से शासन को भेजे जाने थे, परन्तु पोर्टल बंद होने के कारण विद्यालय स्तर से आवेदनों का अग्रसारण नहीं हो सका, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रोष व्यक्त किया और इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा गंभीर होकर शासन से पत्राचार करके पुनः पोर्टल खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बचपन जीवन का सबसे सुंदर अध्याय

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के समाजशास्त्र विभाग के ह्लकला कुंभह्ल क्लब एवं हिंदी भाषा प्रयोजनमूलक विभाग के ह्लसाहित्य सृजनह्ल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस के अवसर पर ह्लबच्चों के सपनों को नई उड़ानह्ल विषय पर व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के वशिष्ठ परिसर के तुलसी भवन में किया गया। व्याख्यान में आवासीय परिसर के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने अपने कलाओं के माध्यम से बाल दिवस के अवसर पर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो .सुरेंद्र मिश्र ने कहा की हर बच्चे के भीतर संभावनाओं का एक विशाल भंडार छिपा होता है जरूरत केवल सही दिशा में प्रोत्साहन और एक सक्षम वातावरण की होती है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों का चरित्र निर्माण नैतिकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भी नाम है। ह्लकला - कुंभ,ह्ल की संयोजक डॉ. प्रतिभा ने कहा कि बचपन जीवन का सबसे सुंदर अध्याय है।

## मिस्टर फ्रेशर अभिनव, प्रवेश व मिस फ्रेशर बनी हर्षिता, लक्ष्मी

जिला संवाददाता

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में बैचलर ऑफ वोकेशनल एवं मास्टर ऑफ आर्ट्स एमसीजे प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मिस्टर फ्रेशर अभिनव श्रीवास्तव व मिस फ्रेशर हर्षिता बीवोक की चुनी गई। वहीं एमए के प्रवेश कुमार मिस्टर व लक्ष्मी पाठक मिस फ्रेशर बनी।

इन प्रतिभागियों का चयन डांस, गेम, शेरो शायरी और गान के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक एमए के छात्र मयंक श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश गांधी, पवन पटेल, दयानंद रहे। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने के लिए बल्कि आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि यह आपका दूसरा घर है। यहां आप सीखेंगे और नये अनुभवों के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमताओं को पहचाने और अपनी प्रतिभा को सामने लाये जिससे आपके कॅरियर का मार्ग प्रशस्त हो सके। विभाग के डॉ. आरएन पाण्डेय ने कहा कि नई उचाईयों पर पहुंचने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा।

जीवन में मात्र उपाधि प्राप्त कर लेना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए। बल्कि समाज के विकास एवं उत्थान के लिए प्रयासरत रहना होगा। इस कार्यक्रम का सफल बनाने में एमए एवं बीवोक की छात्र-छात्राओं में महिमा पाण्डेय, शगुन जायसवाल, अलका, अक्श पाण्डेय, राहुल यादव, निलेश्वर पाण्डेय की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर शिक्षक क्षितिज द्विवेदी एवं छात्रों में अर्पिता तिवारी, मानसी यादव, सृष्टि सोनी, हंशिका, गरिमा त्रिपाठी, अयान मिर्जा, विशाखा पाण्डेय, शोभित दूबे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## गोवर्धन पूजा अहंकार के अंत और प्रकृति का पूजन है: मुकेश मोहन शास्त्री

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिले मुख्यालय के न्यू कालोनी सतही शनि सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के सातवें दिवस कथा व्यास पंडित मुकेश मोहन शास्त्री ने भगवान कृष्ण के माखन चोरी लीला और गोवर्धन पूजा का सजीव वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

श्री शास्त्री ( वृंदावन ) ने बल कृष्ण द्वारा जनरजन के लिये किये । माखन चोरी लीला एवं गिरिराज पूजन का कथा सुनाते हुए कहा की माखन चोरी भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं गोपियों वालों को प्रसन्न करने एकजुट करने के लिए है वहीं गिरिराज पर्वत पूजन अहंकार के अंत ,प्रकृति पूजन और समाज की रक्षा का संदेश देती है। श्री शास्त्री जी ने गोवर्धन पूजन की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि गोकुल के लोग पहले अच्छी वर्षा और फसल के लिए इंद्र की पूजा करते थे। भगवान कृष्ण ने बताया कि गोवर्धन पर्वत गायों वन, जल और खेत सब मिलकर गोकुल को समृद्ध मानते हैं । इसलिए पूजा इंद्र की नहीं गोवर्धन की होनी चाहिए। इससे इंद्र क्रोधित हो उठे और गोकुल में चारों तरफ अंधेरा हो गया बाढ़, और भय प्राप्त हो गया ।

लोग अपने पशुओं को लेकर सुरक्षित स्थान ढूंढने के लिए भागने दौड़ने लगे यह देखकर भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को संकट में पड़ा देख भगवान कृष्ण ने अपनी कनिष्ठि का( छोटी उंगली ) पर गिरिराज पर्वत को उठाकर बृजवासियों की रक्षा की। आज कथा के बीच वृंदावन से आए कलाकारों ने बालकृष्ण के माखन चोरी का सजीव मंचन कर श्रोताओं को नाचने ,झूमे पर वाद्य कर दिया ।बल कृष और ग्वालबालों की छत देखतें ही बन रही थी । ।गोकुल में बालकृष्ण के दिव्यचमत्कार और सुरों का अंत गांव में हर्ष की लहर देवकीनंदन बालकृष्ण द्वारा किए गए आश्चर्यजनक दिव्या कार्यों में खुशियों और अद्भुत घटनाओं का माहौल बना दिया बाल्यावस्था में ही उन्होंने कई वस्तुओं का नाश कर गोकुल वासियों की रक्षा की पूतना वध मातृत्व के देश में आई मृत्यु दूध का अंत कौन से द्वारा कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना नवजात शिशु को विस्पन करने के उद्देश्य से गोकुल पहुंची थी गाना लगाओ लेकिन बालकृष्ण भगवान ने अपने दिव्य स्वरूप से उसके प्राण ही सोच लिए गोकुल में चलने के पास पड़ा देव डेथ सकता और अचानक जीवित होकर गांव को भयभीत करने लगा पालने में लेते श्री कृष्ण ने हल्के से पांव मार और दानव का अंत हुआ यह ईश्वरी चमत्कार बाल अवस्था में ही भगवान ने कर दिखाया ।

## राजकीय इंटर कॉलेज में मनाया गया बाल दिवस



**बहराइच।** रमपुरवा 14नवम्बर भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा सेवादल के प्रथम अध्यक्ष महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 136वीं जयंती पर जिला कांग्रेस सेवादल बहराइच के तत्वावधान में राजकीय इंटर कालेज रमपुरवा के परिसर में स्थापित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके सामूहिक रूप से सैल्यूट देकर नमन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित राम भजन त्रिवेदी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू सिर्फ अतीत ही नही बल्कि भविष्य भी हैं।

उन्होंने पंडित नेहरू को आधुनिक भारत के निमार्ता बताया तथा उपस्थित कांग्रेस जनों एवं विद्यार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के संघर्ष, त्याग तपस्या तथा बलिदान से प्रेरणा लेने की अपील की ।विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक विनय सिंह ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी सिर्फ भारत ही नही बल्कि सम्पूर्ण विश्व के प्रकाश स्तंभ थे। हमें नेहरू जी के द्वारा अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सत्याग्रही संघर्षो तथा जेलयात्राओं का अनुकरण करना चाहिए। कांग्रेस नेता रवींद्र स्वरूप ने कहा कि नेहरू जी ने कहा था कि कांग्रेसियों की ससुराल जेल होती है, हमें हर तीसरे माह जनहित में जेलयात्रा करनी चाहिए।

जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल विष्णु यादव ने कहा कि नेहरू चाचा ने कहा था कि आजादी कोई घटना नही बल्कि लगातार चलने वाला संघर्ष है ।हम ज्यों ज्यों निजी स्वार्थ और भय के गुलाम होते जा रहे हैं त्यों त्यों आजादी हमसे छिनती जा रही है क्योंकि आजादी हमें गर्दनों की मोल पर मिली है न कि निजी स्वार्थ और भय से ।जिला कांग्रेस कमेटी सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जगतराम चौहान ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की प्रतिमा स्थल और गांधी चबूतरा का सुन्दरी करण और जीर्णोद्धार की विशेष आवश्यकता है जिसके लिए हमें शासश और प्रशासन तथा स्थानीय कांग्रेस जनों और सेनानी परिवार से सम्पर्क स्थापित कर प्रयास किया जाना चाहिए ।इस दौरान विद्यालय के शिक्षक वृंद तथा छात्र छात्राएं शामिल होकर सामूहिक राष्ट्रगान तथा प्रतिज्ञा में भाग लिया।

## छाता पहुंची सनातन एकता पदयात्रा



**मथुरा।** सनातन एकता पदयात्रा के आठवें दिन की शुरूआत कोसीकलां से हुई। इस अवसर पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और वंदेमातरम के साथ हुई तथा मौजूद लोगों को एकजुट रहने की शपथ दिलाई गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। धीरेंद्र शास्त्री ने अपने संबोधन में कई मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होने कहा कि जिनको राम नाम, वंदे मातरम, जयश्री राम से दिक्कत हो तो जल्दी ही लाहौर की टिकट कटवा ले। अगर पैसा भी न हो तो हम कर्ज लेकर अपने पैसे से टिकिट करवाएंगे। जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। हम मुसलमानों के विरोधी नहीं हैं, हम उनके विरोधी है जो राम और राष्ट्र का नहीं हो सकता हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग गीता, गंगा, संत परंपरा और सनातन एकता पदयात्रा का बिना कारण विरोध कर रहे हैं। हम उनके विरोधी हैं जो खाते भारत और राम की हैं और गुणगान उन लोगों का करते हैं। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि अगर शुगर हो जाती हैं तो शुगर चैक कार्रवाई जाती हैं वैसे ही जो लोग हिन्दूओ का विरोध करते है वो अपना डीएनए टेस्ट करवा ले। इसी बीच दिल्ली बम धमाकों को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके पढ़े-लिखे डॉक्टर भी बम फोड़ते हैं। क्योंकि उनकी तालीम यानी शिक्षा नीति में लिखा है कि अगर तुम ऐसा करोगे तो 72 हूरों के पास जाओगे।

उन्होंने कहा कि यह विचारधारा और शिक्षा की दिशा का प्रभाव है, जिसे सुधारने की जरूरत है। उन्होने सवाल किया कि उस डॉक्टर को क्या कमी है? पैसा भी खूब था, 8 एकड़ जमीन थी, बंगला था। फिर भी वह क्या कर रहा है?

### पदयात्रा में पहुंचे राजा भैया और हर्षा रिछारिया

हिन्दू सनातन पदयात्रा में जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष और कुण्डा से विधायक राजा भैया अपने बेटे के साथ पहुंचे। दोनों हाथ पकड़कर चलते दिखे। दोनों ने हाथ उठाकर जयकारे भी लगाए। सड़क पर बैठकर खाना खाया, चाय पी। धीरेंद्र शास्त्री और राजा भैया में बातचीत हुई और दोनों हाथ पकड़कर पद यात्रा में चले। उन्होने कहा कि बिहार के जो नतीजे आ रहे हैं उससे साफ है कि अब जाति के नाम पर नहीं हिंदू एकता के नाम पर वोट मिलेगा। अब समय आ चुका है, जो हिंदू जातियों में बंटा था, अब एक होने लगा है। जो तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं, वह लोग साफ हो जाएंगे। बिहार ने विकास के नाम पर वोट दिया है। इसके अलावा महाकुंभ से चर्चा में आईं हर्षा रिछारिया -भी पदयात्रा में शामिल रहीं।

### दौताना में बुलडोजर से बरसाये फूल

दिल्ली से वृंदावन जा रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा ने जब छाता क्षेत्र में प्रस्थान किया तो लोगों ने पदयात्रियों का जोदार स्वागत किया। पदयात्रा देखने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ में पड़ी। वहीं लोग अपने घरों की छतों, छज्जों से बागेश्वर धाम सरकार को देखने के लिये उत्साहित थे। सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के दौताना में प्रवेश करने पर बुलडोजर से फूल बरसाकर उनका स्वागत किय गया।

## नियम विरुद्ध चल रहे निजी अस्पताल सील हों, एफआईआर दर्ज की जाए : जिलाधिकारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय स्थित धन्वंतरि सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम की जांच कर कार्यवाई करते हुए सील कर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर शत-प्रतिशत ड्यूटी चार्ट डिस्प्ले हो। उन्होंने ने सख्त निर्देश दिये कि आपात्काल ड्यूटी में तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ चिकित्सालय में रहना सुनिश्चित करें। इमरजेंसी केस में यदि कोई उपस्थित नहीं मिला तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी। चिकित्सालय में तैनात सभी चिकित्सक एवं कर्मी अपनी निर्धारित ड्रेस मे रहें।

जिलाधिकारी कहा कि आमनजों की स्वास्थ्य सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। चिकित्सक पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य को करना सुनिश्चित करें। जो एमओआईसी गम्भीरता से कार्य नहीं करते उन्हें तत्काल हटाते हुए योग्य चिकित्सकों को तैनाती दी जाए।

गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराएं। जिलाधिकारी ने मातृ स्वास्थ्य, जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव सम्बंधित स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ. अजय शाही, डॉ. एसके सिन्हा, सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डॉ आरपी यादव, डॉ हरेंद्र कुमार जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, सहयोगी संस्था के सीफार, यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि सहित एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम।

## डिग्री कॉलेज के स्टाफ पर लगे प्रैक्टिकल के नाम पर वसूली के आरोप

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम महर्रा स्थित भगवान आदिनाथ डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत करीब दो सैकड़ा छात्र-छात्राओं को बी-एड का प्रक्टिकल देने के लिए मुख्यालय स्थित पुरुषोत्तम नारायण नगर पालिका इण्टर कॉलेज ( पी.एन. कॉलेज ) में बुलाया गया था। यहां प्रक्टिकल देने आये छात्र-छात्राओं ने कुछ समय पश्चात ही हंगामा कर दिया। हंगामा करते हुये छात्र-छात्राओं ने प्रक्टिकल देने के नाम पर प्रति छात्र या छात्रा 1500 रुपये की अवैध तरीके से मांग किये जाने और कई छात्र-छात्राओं से वसूली किये जाने के गंभीर आरोप लगाये। सूचना मिलने पर पुलिस पी.एन. इण्टर कॉलेज पहुंची, जहां से उन्होंने अंकित जैन नाम के युवक को रंगे हाथों धर दबोचा। पत्रकारों व छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में पकड़े गये अंकित जैन नाम के युवक पर आरोप लगाया गया कि कई विद्यार्थियों से नकद और कई विद्यार्थियों से ऑनलाइन रुपये वसूल किये गये। जब पत्रकारों ने उक्त युवक से पूछा कि प्रक्टिकल में किस बात के रुपये मांग रहा है, तो उसके पास कोई जबाव नहीं था। पूरे प्रकरण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी जमकर हंगामा काटा। वहीं कोतवाली पहुंचने पर विद्यार्थियों द्वारा उक्त युवक के खिलाफ तहरीर दिये जाने की प्रक्रिया चल रही थी।

## बिहार विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखा फोड़कर जताया हर्ष



**देवरिया।** बिहार में प्रचंड बहुमत मिलने पर जिले के भाजपाइयों ने जगह-जगह पटाखे फोड़ कर और मिठाई बांटकर जीत का की खुशी मनाएं ।जिला मुख्यालय पर विधायक सदन सलाम मणि त्रिपाठी और जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में जूते भाजपाइयों ने पटाखे फोड़ कर मिठाइयां बताकर बिहार जीत की खुशी मनाएं विधायक त्रिपाठी और भूपेंद्र सिंह ने बिहार प्रचंड जीत को विकास और सुशासन की जीत बताया है और बिहार के मतदाताओं को बधाई दी ।उधर बरहज डाक बंगले पर बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका एवं नगर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्त के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सैंकड़ों कार्यकताओं ने पटाखा छोड़ जीत पर खुशी व्यक्त किया। विधायक दीपक मिश्रा शाका ने कहा कि बिहार की जीत सकारात्मक राजनीति और विकास की जीत है प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के साथ ही प्रदेशों का सकारात्मक विकास हो रहा है, यही कारण है कि जनता एनडीए गठबंधन को जबरदस्त जनादेश दिया है। नकारात्मक राजनीति करने वाले इसी तरह सत्ता से बेदखल होंगे ।अब पश्चिम बंगाल बारी है। ममता सरकार के अत्याचार का अंत होना तय है ।इस दौरान अमरेंद्र गुप्त, गोविंद, अशोक, विजय, कुलभूषण, अमित शर्मा, आर्यन, गौरव, अमित जायसवाल, बृजेश शर्मा जी, सचिन सिंह, रामजी सिंह, प्रदीप जायसवाल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अजय मिश्र, अमरजीत सोनकर, सचिन सिंह मौजूद रहे।

## विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस समारोह

**देवरिया।** 14 नवंबर को सदर विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया मे बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी द्वारा मां सरस्वती और चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा तथा संस्कारों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन, कविता-पाठ और नाटक शामिल थे। विभिन्न प्रतियोगिताओं—चित्रकला, निबंध लेखन और भाषण—में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही बच्चों ने खाने पीने की सामग्री का स्टाल लगाया जिसमें सभी बच्चों तथा अध्यापकों ने भाग लिया । सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई ।इस अवसर पर सहायक अध्यापक अनिल कुमार राय, संध्या यादव , स्वाति सिंह ,राहुल सिंह ,रजनीकांत, शाहजहां बेगम ,सुमन चौहान, जाकिर हुसैन ,बच्चों के साथ ग्रामीण तथा अभिभावकगण उपस्थित रहें।

## निदेशक ने किया अनाथ गौसेवा आश्रम को सहायता राशि

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम जिगिना दीक्षित मे स्थित छोटी गण्डक नदी के दक्षिण अनाथ गौसेवा आश्रम को गौमाता की पूजा अर्चन करने के बाद आश्रम के संचालक मुकेश दीक्षित के आश्रम के व्यवस्था को सुव्यवस्थित देकर एयरमार्सल एवंवर्तमान में एयरफोर्स एसोसिएशन के प्रदेश निदेशक व ग्राम संवरेजी के निवासी ने गौसंचालक मुकेश दीक्षित को अपना अंशदान दिया ।इस अवसर पर अनाथ गौसेवा आश्रम परिवार वरिष्ठ विधिक सलाहकार वायूसेना संगठन सेल उ प्र ब्रांच व गौसेवा आश्रम के सलाहकार व ग्राम नोनापार निवासी राजकुमार तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## बिहार की जीत पर महापौर ने पार्षदों संग मनाया जश्न

अयोध्या। बिहार के विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली बड़ी जीत पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर विधायक वेदप्रकाश गुप्त एवं पार्षदों के साथ जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि बिहार के चुनाव परिणाम से साफ हो गया है कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में निरंतर तरक्की की ओर बढ़ रहा है और जनता का विश्वास भी भाजपा नेतृत्व के प्रति लगातार घना हो रहा है। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा की और पार्टी नेतृत्व के समर्थन में नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, नगर निगम के उपसभापति राजेश गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (ऊळउ) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (ऊछफळ) की सितम्बर-2025 की त्रैमासिक बैठक गाँधी सभागार, विकास भवन देवरिया में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय के साथ भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी अमित गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक आर.एस. प्रेम, डीसी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आलोक पाण्डेय, उद्योग विभाग से एस. सिद्धिकी, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी बी.पी. सिंह, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सूरज शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुशील कुमार तथा विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला बैंक समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक में जनपद की ऋण जमा अनुपात की स्थिति तथा वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। सितम्बर-2025 को समाप्त तिमाही में जनपद ने वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्य 5,63,069.65 लाख रुपये के सापेक्ष 3,07,103.25 लाख रुपये के ऋण वितरण की उपलब्धि हासिल की, जो लक्ष्य का 54.54 प्रतिशत है। कृषि क्षेत्र में उपलब्धि 52.58 प्रतिशत तथा कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में 39.93 प्रतिशत रही, जिसे अध्यक्ष द्वारा संतोषजनक बताया गया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जनपद का ऋण जमा अनुपात तिमाही में 42.20 प्रतिशत रहा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने इसे बढ़ाकर राज्य के औसत 59 प्रतिशत लक्ष्य तक पहुँचाने के निर्देश दिए। जनपद के उन प्रमुख बैंकों को, जिनका ऋण जमा अनुपात 40 प्रतिशत से कम है, कार्यप्रणाली में सुधार लाने और लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल ऋण वितरण में प्रगति कम होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बैंकों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यवसाय ऋणों, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, पीएमएफएमई, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद तथा माटी कला योजना से संबंधित ऋण प्रकरणों को समय से स्वीकृत एवं वितरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया गया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सूरज शुक्ला ने कृषि ऋण लक्ष्य प्राप्ति के लिए बैंकों से विशेष सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी ने बैंकों को ह्यआपकी कुंजी आपका अधिकारह्ल कार्यक्रम के तहत शाखावार सूचियाँ उपलब्ध रखने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बैंक सखी एवं समूह सखी के माध्यम से खाताधारकों से संपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि अधिकाधिक लोगों को जमा राशि लौटाने की प्रक्रिया में लाभ मिल सके।

बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक आर.एस. प्रेम ने बैंकों को पुराने नोटों के विनिमय और नए सिक्कों के वितरण हेतु सभी शाखाओं में विशेष कैम्प लगाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर अग्रणी जिला अधिकारी अमित गुप्ता द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजनाओं पर विशेष जोर देने का आह्वान किया तथा सभी योग्य किसानों का फसल बीमा समयबद्ध रूप से कराने के निर्देश भी दिए।

अन्त में अग्रणी जिला प्रबंधक आर.एस. प्रेम ने मुख्य विकास अधिकारी को सभी बैंकों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के आश्वासन के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया और बैठक का समापन किया गया।

संक्षेप

## डीएम ने विक्रय विलेखों का किया स्थलीय निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील महोली के गांव केनपुर एवं तहसील सदर के हरदोई रोड स्थित त्रिवेणी मार्केट से संबंधित विक्रय विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि पंजीकरण के समय निर्धारित स्टाम्प शुल्क की वसूली हो। इसके लिये सभी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क राजस्व प्राप्ति हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। स्टाम्प शुल्क अपवंचन के मामलों में जांचोपरान्त कार्यवाही की जाये तथा लम्बित वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के समय एआईजी स्टाम्प जगदम्बा शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

पहला (सीतापुर)। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को किसान इंटर कालेज सरैया राजा साहब सीतापुर में महात्मा ज्योतिबाराव फुले शिक्षा एवं विकास समिति उ.प्र. के द्वारा प्रबुद्ध अम्बेडकर छात्र ज्ञान प्रतियोगिता 2024 के प्रदेश टॉपर, किसान इंटर कालेज सरैया राजा साहब सीतापुर की 10 ठ की छात्रा अंकिता पुत्री संजय कुमार को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रेंजर साइकिल का पुरस्कार एवं मांशी पुत्री सुखराम को प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर दीवार घड़ी पुरस्कार में आयोजन समिति द्वारा प्रदान की गयी। पुरस्कार का वितरण विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शिवकुमार शर्मा, विद्यालय के अध्यक्ष विजय कुमार मौर्या के द्वारा किया गया। महामना ज्योतिबाराव फुले शिक्षा एवं विकास समिति उ. प्र. के अध्यक्ष अटल बिहारी, प्रदेश महासचिव रामजी लाल सुमन विद्यार्थी, जनपद प्रभारी डॉ संघप्रिय गौतम, सीतापुर जनपद के संयोजक आर. के अहिरवार, केंद्र व्यवस्थापक श्यामलाल गौतम, केंद्र प्रभारी भूपेंद्र कुमार सोनकर, संदीप वर्मा पर्यवेक्षक अवनीश कुमार ने परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रदछात्राओं, आकांक्षा वर्मा, मुस्कान वर्मा, कु. पूजा को प्रमाण पत्र, पेन, मेडल व पुस्तक देकर सम्मानित किया। यह परीक्षा 03 दिसम्बर 2024 को अम्बेडकर स्मृति हा. से. स्कूल सरैया राजा साहब में आयोजित हुई थी। अम्बेडकर प्रबुद्ध छात्र ज्ञान परीक्षा का आयोजन प्रदेश के कई जनपदों में प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह में आयोजित किया जाता है। इसमें 40 प्रतिशत प्रश्न विज्ञान गणित, 40 महापुरुष, 20 प्रतिशत प्रश्न समान्य ज्ञान एवं बद्धि परीक्षण के होते है। प्रदेश भर के दर्जनों जनपदों से छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष प्रतिभाग करते हैं इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक डॉ. मंजू सिंह, प्रीति यादव, नेहा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, डॉ रामकिशोर वर्मा, ऋषिकेश विश्वकर्मा, शिवा जी वर्मा, दीप्ति मौर्या, रोहिणी यादव, शिवम मौर्या, अंजय कुमार मौर्या आदि उपस्थित रहें।

## सीडीओ ने ब्लॉक पहला में किया निरीक्षण

पहला (सीतापुर)। सीडीओ ने शुक्रवार को विकासखंड पहला की ग्राम पंचायत सरैया कादीपुर मजरा लक्ष्मनपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल की अध्यक्षता सीडीओ सीतापुर प्रणता ऐश्वर्या व डीडीओ संतोष नारायण गुप्ता के द्वारा की गई चौपाल में ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, फैली गंदगी की शिकायत की। जिस पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की तथा जिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उनको नोट कर संबंधित को निर्देशित किया गया। पंचायत सहायक को पंचायत भवन में बैठकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही आशा बहू से स्वयं कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय संसारपुर निरीक्षण किया। वहाँ पर उन्होंने रसोई घर, वॉटर कूलर व कक्षों का निरीक्षण किया तथा बच्चों का उपस्थिति पंजिका चेक किया और बच्चों से कविता सुनी। इसके बाद विकासखंड पहला का भी निरीक्षण किया जिसमें सबसे पहले एनआरएलएम कक्ष में अभिलेखों का निरीक्षण किया। अभिलेख न दिखा पाने पर तैनात बीएमएम पुष्पेंद्र सिंह को जमकर फटकार लगाई और साथ ही कार्यों मे सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। तथा साथ ही मनरेगा कक्ष में जाकर एचटीओ रजिस्टर का निरीक्षण किया निरीक्षण में कमी पाने पर ठक्व् व अधीनस्थों को जमकर फटकार लगाई। और किन किन गाँव में कार्य चल रहा है इसकी जानकारी ली।

# बचपन, प्रकृति व नवाचार की थीम पर लगा बाल मेला



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामपुर गढ़ौवा, औरास में बाल दिवस पर आयोजित बाल मेला बुधवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी सजावट, बच्चों की मुस्कान और उनकी रचनात्मक ऊर्जा ने ऐसा माहौल बना दिया मानो बचपन सचमुच उत्सव बनकर खिल उठा हो।

मेले का उद्घाटन स्थानीय व्यापारी संतोष गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के साथ ही बच्चों द्वारा संचालित विभिन्न स्टॉलों पर भीड़ उमड़ पड़ा। मेले की थीम बचपन, प्रकृति और नवाचार रही। विद्यार्थियों ने स्वयं दुकानदार बनकर व्यवहारिक शिक्षा का शानदार प्रदर्शन किया। स्टॉल ज्योतिका का ग्रीन कॉर्नर बच्चों और अभिभावकों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा, जहाँ पौधों के साथ पर्यावरण संदेश भी दिए गए।

बच्चों द्वारा संचालित फ्रूट शॉप, फास्ट फूड कॉर्नर, स्वीट्स शॉप, भेलपूरी स्टॉल, सैलून, मेंहदी कॉर्नर और बुक स्टॉल पर खूब खरीदारी हुई। स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया हेल्थ कॉर्नर, जिसमें बच्चों ने जाँच सहित छोटे स्वास्थ्य परीक्षण भी किए, लोगों को खूब पसंद आया। तकनीकी रुचि वाले बच्चों ने विज्ञानद्दगणित गतिविधियों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। मेले की पार्किंग, टिकट काउंटर, व्यवस्था प्रबंधन, साफ सफाई, सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएँ बच्चों ने स्वयं संभालीं और जिम्मेदारी का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय से पूर्व में पढ़ चुके छात्र छात्राएँ भी मेले में शामिल हुए और जूनियर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। तस्वीरों में साफ दिखाई दिया कि कैसे बच्चे अपनी दुकानों पर ग्राहकों से बातचीत करते, सामान बेचते, कीमतें तय करते और नोट सिक्कों का प्रबंधन करते नजर आए। किसी स्टॉल पर बच्चे झूले जैसे खेल करा रहे थे, तो किसी पर फलद्दसब्जी बेचते दिखे। हर तरफ उत्साह, शोर, ठहाकों और सीख से भरा मेला जीवंत रहा। सफीपुर के इब्राहिमाबाद में भी सौरभ वैश्य ने बाल मेले का आयोजन करवाया।

## बाल दिवस पर बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

पाटन, उन्नाव। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के शुभ अवसर पर विकासखंड सुमेरपुर के अंतर्गत ग्राम चैनपुर प्राथमिक विद्यालय में बाल दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।

मुख्य अतिथि अमितेश सिंह नंदू ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित गणमान्य लोगों व बच्चों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन है, पंडित जी विशेष कर बच्चों से अत्यधिक प्यार करते थे इसी के चलते आज के दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस



अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चा सिंह, शिक्षक सीमा सिंह, सूर्यपाल, क्षयसिंह, बालमुकुंद, मोनू आदि लोग उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से शिववीर सिंह व अन्य शिक्षकों ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व फोटो भेटकर सम्मानित किया।

## अवैध ओवरलोडिंग व खनन माफिया पर प्रशासन ने की कार्रवाई

फतेहपुर। जनपद में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में की रात जिलेभर में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना दस्तावेजों के परिवहन पर विराम लगाने को लेकर प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया। जिले में गठित प्रवर्तन टीमों (टास्कफोर्स) ने हाईवे, प्रमुख मार्गों और चिन्हित खनन क्षेत्रों में रातभर छापेमारी और चेकिंग की।टास्कफोर्स ने ज़िला स्तर पर 111 से अधिक डंपर, ट्रक, लोडर जैसे भारी वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान 32 वाहनों को सीज, 111 वाहनों का चालान और 8,19,500 रुपये का चालान के रूप में जुमार्ना वसूला गया। जिन वाहनों में ओवरलोडिंग, अवैध खनन या बिना लाइसेंस और परमिट के परिवहन पाया गया, उन्हें मौके पर सीज किया गया।प्रशासन की सख्ती के असर से खनन और वाहन माफियाओं में अफरातफरी मच गई।टास्कफोर्स ने रातभर सक्रिय रहकर वाहनों के रूट, वजन, दस्तावेज व परमिट जांचे, जिससे अन्य स्टेशनों पर भी दबाव बना।जिला प्रशासन ने इस कार्रवाई को आगे भी निरंतर रखने का अल्टीमेटम दिया है।इस प्रकार की छापेमारी से जिले में अवैध धंधे करने वालों के हौसले पस्त हुए हैं और जनता में प्रशासन की छवि मजबूत हुई है।प्रशासन का साफ संदेश है कि खनन माफिया, ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## स्टाल लगाकर बच्चों ने आत्मनिर्भर बनने की सीख दी

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।क्षेत्र के विद्यालयों में पण्डित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।स्कूलों में बच्चों ने मेले का आयोजन किया और स्टाल लगाकर विभिन्न वस्तुओं को बेचने का काम किया जिससे उनमें आत्मनिर्भर बनने की ललक दिखाई दी। तालिब पुर रहली के



प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक धर्मेन्द्र मिश्रा ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया और मेले का कार्यक्रम सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्री कांत कटियार ने नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर जन्मदिन मनाया।उन्होंने बच्चों को नेहरू से संबंधित प्रसंग सुनाते हुए कहा कि नेहरू को बच्चों से प्यार था इसीलिए इस दिन को बालदिवस के रूप में मनाया जाता है।इस मौके पर छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक तथा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## पुरानी मूर्तियों का भक्तों ने भिटौरा गंगा में किया विसर्जन



फतेहपुर। गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे द्वारा आज प्रातः 10 बजे से हनुमान मंदिर चौक चौराहा से गंगा प्रहरियों ने मूर्ति संग्रह अभियान का घंटे बजाकर शंखनाद किया साथ ही पुजारी गोरेलाल मिश्रा ने पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया।

गंगा बचाओ सेवा समिति के पदाधिकारी ने घर-घर जाकर परिवारों से निवेदन कर गंगा जन जागरूकता का संदेश देते हुए पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी पुरानी पूजित गणेश लक्ष्मी की मूर्तियों के साथ निष्प्रयोज पूजन सामग्री को संग्रहित किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल में कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से पुरानी मूर्तियो का संकलन अभियान चलाया जाता है ताकि कोई भी मूर्तियों को गंगा में न प्रवाहित करें। जिसका समिति द्वारा भू विसर्जन किया जा जाता है। समिति के प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि संकलन अभियान चौक हनुमान मंदिर मनिका शिवा वाला मुराईन टोला हनुमान मंदिर, आवास विकास, पटेल नगर हनुमान मंदिर से होते हुए सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर, शनि मंदिर से मूर्तियों को संग्रह करते हुए भृगु धाम भिटौरा में पूजन व आरती के साथ भू विसर्जन किया गया। उधर चौक से चंदियाना वार्ड के सभासद संजय लाला ने अपने वार्ड के वार्ड में घर-घर जाकर मूर्तियों का संग्रह किया।इसी प्रकार ईसाईन पुरवा के सभासद सुनील गुप्ता के नेतृत्व में मूर्तियों का संग्रह किया गया।इसी प्रकार सिविल लाइन के सभासद विनय तिवारी के नेतृत्व में घर-घर जाकर मूर्तियां का संग्रह किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से गायत्री परिवार के डॉ आर पी दीक्षित रविंद्र सिंह, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल, विनय तिवारी सभासद, संजय लाला,सभासद सुनील गुप्ता, रामस्वरूप गुप्ता, आशीष मिश्रा अभिषेक सैनी वेद गुप्ता आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट सुरेंद्र पाठक ,मनोज सोनी आशीष अग्रहरी सहित गंगा भक्त मौजूद रहे।

## जनता के विश्वास से निरंतर आगे बढ़ रहा है भाजपा का विजय का रथः राजेश शुक्ला



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। 2025 बिहार विधानसभा के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी व एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत पर जिले की भाजपा ने जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में जोरदार जश्न मनाया है।

इस अवसर पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी व पटाखे छोड़कर खुशी का इजहार किया तो वहीं जिलाध्यक्ष द्वारा अपने पदाधिकारियों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मुंह मीठा करा के सभी को बधाई दी गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के विजय का रथ जनता के विश्वास से निरंतर आगे बढ़ रहा है। जहां मगध ( बिहार) में एनडीए ने विपक्ष का सूफड़ा साफ कर दिया है।उत्तर प्रदेश में भी यही रिजल्ट विधानसभा के आम चुनावों (2027) में दोहराया जाएगा।

जिला अध्यक्ष ने बिहार की जनता को महान बताते हुए इस जनादेश के लिए उनका धन्यवाद किया और उत्तर प्रदेश की जनता से आगामी समय में कमल खिलाने के लिए आवाहन भी किया।इस अवसर पर पार्टी के जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में बाल दिवस पर हुए कार्यक्रम

उन्नाव।विकास खंड बीघापुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में चाचा नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रुप में मनाया गया।इस पर



शिक्षकों द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नेहरू के जीवन से परिचित कराया गया।पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात बच्चों को प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी का जीवन और बच्चों के प्रति उनके लगाव पर चर्चा हुई इसके पश्चात बच्चों को ईको क्लब के अन्तर्गत जीवन में स्वच्छता का महत्व बताया गया।विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें गीत कहानी सुनाना, टैबलेट द्वारा बालवीर कहानी सुनाना आदि के माध्यम से बाल दिवस पर बच्चों का आनंददायी दिवस बनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका मधू, शिक्षामित्र रानी व अभिभावक और विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## लौह पुरुष व भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह आज

बिसवां नगर (सीतापुर)।राष्ट्रीयता एवं कौमी एकता के प्रतीक लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का आयोजन 15 नवंबर को दोपहर 1 बजे से सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित होगा।कार्यक्रम संयोजक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक सिराज अहमद ने बताया कि अखबार द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किए जाएंगे। सिराज अहमद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन और कार्य हमें एकता, अखंडता और देशभक्ति की प्रेरणा देते हैं।उनके 150वें जन्मदिवस पर, हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।

## हर्षोल्लास से मना बाल दिवस



फतेहपुर। दि ओक पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नृत्य, गीत गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया विद्यालय में बच्चों द्वारा लगाए गये फूड स्टॉल और गेम स्टॉल और बढ़ाया।रंग बिरंगे परिधानों में बच्चों ने पूरे परिसर को खुशियों से भर दिया।स्कूल द्वारा बच्चों के लिए स्पोर्ट्स मीट का भी किया गया। जिसमें अनेकों प्रकार के खेल थे जैसे रेस बैडमिंटन, स्केट्स, आदि।प्रधानाचार्या करिश्मा सिंह ने अपने संदेश में कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा और उज्जवल भविष्य को समर्पित है।उन्होंने सभी शिक्षकगण के साथ मिलकर सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का समापन बच्चों को उपहार बॉटकर किया गया।इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खांसी का सिरप व दर्द निवारक जेल उपलब्ध नहीं, मरीज परेशान

उन्नाव।मौसम परिवर्तन के साथ-साथ जिला अस्पताल में वायरल फीवर, खांसी, सर्दी जुकाम के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं।इसी बीच अस्पताल में खांसी का सिरप और चोट पर लगाने वाला जेल भी नहीं है।रोजाना औसतन 400 मरीज खांसी, 250 मरीज जोड़ों के दर्द के जिला अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में दो दिन से जिला अस्पताल के वितरण कक्ष में खांसी का सिरप और दर्दनिवारक जेल नहीं है। डॉक्टर को दिखाने के बाद मरीज जब दवा लेने दवा वितरण कक्ष पहुंचते हैं, तो उन्हें दवाएं नहीं मिल पा रही है। मजबूरन मरीजों को मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड़ रही है।शुक्रवार बालेश्वरी, राजाराम आदि ने बताया कि डॉक्टर ने जो जो दवा पर्ची पर लिखकर दी थी, उसमें से दो दवाएं कक्ष में नहीं मिलीं।



मरीजों को महंगी दवाओं से राहत देने के लिए जिला अस्पताल में वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की शुरूआत हुई थी इस केंद्र में जेनरिक दवाएं मिलती हैं जो बाजार में मिलने वाली पेटेंट दवाओं की अपेक्षा काफी सस्ती होती हैं।लेकिन अक्टूबर 2024 से प्रक्रिया न होने से जन औषधि केंद्र का संचालन बंद हो गया। सभी दवाएं वितरण कक्ष में न मिलने पर मजबूरन मरीजों को ये दवाएं बाजार से महंगी कीमत पर खरीदनी पड़ रही है।

### क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी!

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया जो दवाएं वितरण कक्ष में नहीं है, उम्मीद है कि शनिवार को दवाएं उपलब्ध हो जाएंगी।ताकि मरीजों को मेडिकल स्टोर से दवाएं न लेनी पड़े।

## पराली जलाने पर चार किसानों से बीस हजार रुपये वसूले

पुरवा, उन्नाव।उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील पुरवा में पराली जलने के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त हुयी।जिसकी जाँच तहसीलदार पुरवा द्वारा करायी गयी।जो सही पायी गयी। प्रभुदेई पत्नी स्व०देवीदयाल निवासी ग्राम मवई व रामरानी पत्नी स्व० हरीशंकर निवासी ग्राम अहेसा व राज कुमार पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम खनवाखेडा मजरा मलिहागाढा व राजकुमार पुत्र वृन्दावन निवासी ग्राम सरवन द्वारा धान की फसल कटाई के बाद फसल अवशेष (पराली) जलायी गयी।उपरोक्त कृषकों पर शासनादेश के कम में कमशः पाँच-पाँच हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया। इस प्रकार कुल मु० 20000/-रू० की धनराशि वसूल की गयी।तथा भविष्य में उक्त कार्य न करने की हिदायत दी गयी व पुनरावृत्ति होने पर एफ०आई०आर की कार्यवाही की जायेगी।पराली जलाने की शिकायत पर एसडीएम के द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# लम्बित वादों का समयबद्ध निस्तारण किया जायेः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

सीतापुर। कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों से संबंधित माह अक्टूबर 2025 तक की प्रगति एवं माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही माह अक्टूबर 2025 के विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक राजस्व वसूली की जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उन्होंने लक्ष्य न पूर्ण करने वाले विभागों के अधिकारियों से लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, नगर निकाय, वन विभाग, खनन, राजस्व, मण्डी आदि विभागों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। आर0सी0 वसूली में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित वादों का समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। अधिक समय से लम्बित वादों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। एम0ओ0यू0 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लम्बित एम0ओ0यू0 तत्काल निस्तारित कराए जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त प्रकरणों में वांछित आख्या समय से प्रेषित की जाये, जिससे प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके। जिलाधिकारी ने नहरों के शिल्ट सफाई कार्यों की जांच हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी उपजिलाधिकारी सभी धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करें।पत्रावलियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों आस-पास संचालित दवा की दुकानों आकस्मिक जांच करें। महोली एवं सिधौली में मण्डी निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। नगरीय निकायों के अधिकारियों को अवैध अतिक्रमण तत्काल हटवाये जाने तथा वसूली कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। ? साथ ही शिकायतकर्ता की हर सम्भव मदद का प्रयास किया जाये।उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी उचित दर की दुकानों का औचक निरीक्षण करते रहें। साथ ही सभी उपजिलाधिकारी प्रतिदिन अपने न्यायालयों में वादों को सुनते हुये उसका निस्तारण सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी निरीक्षण करें, उसकी निरीक्षण आख्या प्रतिदिन प्रेषित की जाये। ??बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध नहीं, किसान परेशान

पहला/बिसवां नगर (सीतापुर)। विकासखंड पहला तथा बिसवा क्षेत्र के अधिकांश साधन सहकारी समितियों, कृषि केंद्रों पर यूरिया, डीएपी की आपूर्ति नहीं किए जाने से किसान परेशान हैं।किसान खाद के लिए समितियों का चक्कर काट रहे हैं।यह हाल इसी साल का नहीं है। प्रतिवर्प्रष रवि तथा खरीफ फसल की बुवाई के समय किसानों को समितियों पर खाद मिलना मुश्किल हो जाता है और किसान महंगे दामों में गुणवत्ता विहीन खाद लेने को मजबूर हो जाता है।गौरतलब हो कि सरकार के निर्देश के बाद भी साधन सहकारी समितियों पर खाद की आपूर्ति नहीं की गई है।यदि किसी केंद्र पर आपूर्ति की गई है तो वह ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है।प्राइवेट दुकानदारों से एक तो महंगे दाम पर खाद खरीदना पड़ रहा है वहीं उसकी गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं है।किसानों ने जिला प्रशासन से सभी साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

## श्रीरघुनाथ जी एकेडमी में बड़ी ही धूमधाम से मना बाल दिवस



रेउसा (सीतापुर)।श्री रघुनाथ जी एकेडमी में शुक्रवार को बाल-दिवस के अवसर पर बाल-समागम 2025 कार्यक्रम बड़ी धूमधाम और उल्लास के साथ आयोजित किया गया।देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर आयोजित इस विशेष आयोजन में विद्यालय परिसर पूरी तरह बच्चे-बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. रमाकान्त सिंह भूतपूर्व वैज्ञानिक सीएसआईआर लखनऊ एवं उप-कुलपति, सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय देहरादून, द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि ने विद्यालय में आयोजित बाल मेला एवं छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।मेले में नौनिहालों द्वारा प्रस्तुत विविध मॉडलों की प्रदर्शनी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। बच्चों द्वारा बनाए गए वैज्ञानिक मॉडलों, क्राफ्ट आइटम्स और ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों तथा आगंतुकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को पंडित नेहरू के जीवन, उनके विचारों तथा देश निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के प्रति नेहरू जी के प्रेम के कारण ही उन्हें स्नेहपूर्वक ह्यचाचा नेहरूह्न कहा जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने प्रतिभाग कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती भावना मिश्रा ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

संक्षेप

## आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष हुई प्रगति की समीक्षा

ललितपुर। जिला कौशल समिति, जिला कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया।

जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय, निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी सत्यप्रकाश द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करें। लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने पर लक्ष्य को निरस्त करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कौशल समिति, जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, रा0औ0प्र0सं0, जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, आरिफ खांन, जिला कौशल प्रबन्धक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, प्रेमचन्द्र प्रजापति, कार्यालय सहायक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# स्कूलों में बाल दिवस, नेहरू जयंती पर हुए कार्यक्रम



जिला संवाददाता

बांदा। जिले भर के विद्यालयों में बाल दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये। देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती शहर के इंदिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। शुभारंभ नेहरू, मां सरस्वती, सन्त तुलसीदास के चित्रों पर प्रबंधक संत कुमार गुप्ता, सह प्रबंधक डॉक्टर मनीष कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, दीपिका गुप्ता, सौदामिनी गुप्ता व अन्य अतिथियों ने माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात सरस्वती वन्दना और मोबाइल की लत से होने वाली समस्याओं से संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के स्वस्थ मनोरंजन के लिए अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। बाल मेला के मुख्य आकर्षण विज्ञान प्रदर्शनी व स्टॉल शो का मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने बच्चों की प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन करते हुए शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व प्रबंधन की सराहना की। प्रबंधक संत कुमार गुप्ता ने नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्र भारत को विकासशील देश बनाने के लिए उनके योगदान व दूरगामी विजन के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। दो दिवसीय आयोजन में सीनियर छात्रों के लिए खेलकूद और सामान्य ज्ञान पर आधारित के. बी. सी. आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुनील सक्सेना, बचपन प्ले स्कूल की संचालिका प्रवि यादव, डॉक्टर चन्सौरिया, राजेन्द्र अग्रवाल मौजूद रहे। दिव्य सेवा संस्थान ने स्कूली बच्चों को मेडल एंव प्रशस्ति पत्र देकर बाल दिवस मनाया

## दिव्य सेवा संस्थान ने स्कूली बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर बाल दिवस मनाया




नगीना, बिजनौर। समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के कार्यकताओं ने बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिन्हें पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों ने बाल दिवस के उपलक्ष में नगीना के मोहल्ला बिश्नोई सराय में पहुंचकर एन0एस0एस0 पब्लिक स्कूल में खेलकूद, निबंध और सुलेख आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिनमें जूनियर और सब जूनियर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया। 400 मीटर की दौड़ में आदिया कक्षा 7 ने प्रथम और पवन कक्षा 6 ने द्वितीय और मानसी कक्षा 8 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में अली ने प्रथम, सोफिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में अक्षरा ने प्रथम ,प्रिंस ने द्वितीय और सुभान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में आदि ने प्रथम और मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम, अक्षरा ने द्वितीय और अल्फिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजई छात्र-छात्राओं को संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा, समाजसेवी सुगमचंद प्रधान ,विद्यालय के प्रबंधक अनिल शर्मा व स्टाफ के द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा, समाजसेवी सुगमचंद प्रधान, विद्यालय प्रबंधक अनिल शर्मा, प्रधानाचार्य अदीबा परवीन, ज्योति वर्मा, दिव्यांशी, काजल, हिमांशी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की बैठक, समस्याओं पर चर्चा

बांदा। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक हुई। बैठक कुंवर प्रभाकर सिंह चंदेल अध्यक्ष पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन व सचिव उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष ढंढारिया की उपस्थिति में हुई बैठक में शासन व कंपनियों द्वारा डीलर्स को प्रताड़ित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। वर्ष 2017 के बाद डीलर कमीशन तेल कंपनियों द्वारा नहीं बढ़ाने व कोरोना काल में जिला प्रशासन द्वारा लगभग 6 लाख रुपए का तेल लिए जाने के बावजूद आज तक भुगतान नहीं किया गया।

2024 लोकसभा निर्वाचन में प्रशासन द्वारा दिए गए तेल का भुगतान जिसका एक बड़ा भाग प्रशासन ने अभी तक भुगतान नहीं किया जबकि पूंजी व्यापार में अब अधिक लग रही है, खर्च बढ़ रहे हैं और कमीशन 15 वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है।

सुधीर सिंह ने कहा कि 2019 से वैट नहीं लग रहा लेकिन सेल टैक्स विभाग जबरन नोटिस देकर डीलर को प्रताड़ित कर रहा है तथा अवैध धन वसूली कर रहा है। रत्नेश गुप्ता ने बताया कि जिला पंचायत फर्जी तरीके से डीलर को नोटिस देखकर विभव कर की मांग कर रहा हैं और जबरदस्ती दबाव की राजनीति की जा रही है। रामबिलास ने बताया कि श्रम विभाग गलत तरीके से डीलर को प्रभावित कर रहे हैं, फर्जी तरीके से टैक्स लगाकर विभव कर भी लगाया जा रहा है, न सत्यापन न जांच-प्रशासनिक तानाशाही की जा रही है। सरकारी एजेंसियों से बिना वैल्यूएशन कराए-कर निर्धारण किया जा रहा है साथ ही कर्मचारियों को भेज कर अवैध धन उगाही करने में भी विभाग लिप्त है जिससे डीलर्स पर भारी आक्रोश है। भारी संख्या में उपस्थित डीलरों ने अपनी समस्याओं को बताया। संगठन को मजबूत करने के लिए जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रभाकर सिंह चंदेल को पुनःअध्यक्ष मनोनीत किया गया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह लाला, संजय गुप्ता, संतोष अग्रवाल बनाए गए। उपाध्यक्ष रत्नेश




गुप्ता, योगेंद्र भदौरिया, शरद ओमर, श्रद्धा निगम, आदित्य सिंह, बनाए गए। संगठन महासचिव की जिम्मेदारी अभिषेक गुप्ता को दी गई जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मुदित अग्रवाल, आसिफ मजीद को दी गई। विधिक सलाहकार विवेक त्रिपाठी बनाये गये। संचालन अरुण गुप्ता व अभिषेक गुप्ता ने किया।

# उप परिवहन आयुक्त ने परखी यातायात व्यवस्था

महोबा। झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के डी सिंह गौर ने जनपद महोबा का दौरा किया। उन्होंने महोबा के प्रवर्तन अधिकारियों के साथ स्वयं अपने पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कराई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर एवं पीटीओ नरेंद्र सिंह की टीम ने उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में महोबा के विभिन्न स्थानों



पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने तथा मोबाइल पर बात करते हुए वाहन संचालित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अभियान के दौरान कुल 158 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान थाना श्रीनगर के सामने उप परिवहन आयुक्त द्वारा बिना हेलमेट चल रहे वाहन चालकों की काउंसिलिंग भी की गई और उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। उप परिवहन आयुक्त झांसी ने कहा कि पूरे बुंदेलखंड में यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा को लेकर जो उदासीनता है उसके दृष्टिगत जनजागरूकता, प्रचार प्रसार, चालकों की काउंसिलिंग और सख्त प्रवर्तन कार्यवाही साथ साथ चलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली अकाल मौतों की संख्या को न्यूनतम करना परिवहन विभाग का लक्ष्य है और इसके लिए झांसी परिक्षेत्र के सभी जनपदों में इसी प्रकार औचक और व्यापक अभियान चलाए जाएंगे।

# उप खनिज से भरे हुए तीन वाहनों को खान अधिकारी ने पकड़ा



ललितपुर। जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया है कि अवैध खनन की शिकायतें मिलने पर थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बेसरा में खनिज विभाग की टीम द्वारा गुरूवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर ग्राम बेसरा में उन्होंने तीन ट्रैक्टरों को उपखनिज साधारण मिट्टी का अवैध खान एवं परिवहन करते हुये पकड़ा गया। पकड़े गये वाहनों एवं लोगों पर खनिज अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुये तीनों वाहनों को थाना जाखलौन की अभिरक्षा में सौंपा गया है। इस दौरान खान अधिकारी को ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त वाहन ग्राम महेशपुरा निवासी संतोष राजपूत के हैं, खेत स्वामी पर भी अवैध खनन के आरोप के तहत कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी बरती जा रही है एवं कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने अवैध खननकताओं एवं परिवहनकताओं को चेतावनी दी है कि अगर इस प्रकार का कृत्य उनके द्वारा किया जायेगा तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। इधर जिला खान अधिकारी ने बताया कि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के आदेश पर जनपद में खनिज परिवहन करने वाले सभी वाहनों में व्हीकल टैजकिंग सिस्टम (वीटीएस) अब लागू किया जा रहा है। इसके तहत उपखनिज परिवहन में लगे सभी वाहनों का प्रथम चरण में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। द्वितीय चरण में व्हीकल टैजकिंग सिस्टम युक्त होना अनिवार्य किया जायेगा। उन्होंने वाहन मालिकों को निर्देशित किया कि वह पोर्टल पर एक सप्ताह के भीतर अपने वाहनों का पंजीयन अवश्य करायें।

- खनिज परिवहन करने वाले सभी वाहनों में व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम होगा अनिवार्य

## पकड़े गये 17 ओवरलोड ट्रक, कार्रवाई जारी



बांदा। खनिज और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात ओवरलोड वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की और कई स्थानों से 17 ट्रकों को जब्त कर थानों में खड़ा कराया। जिले में ओवरलोड वाहनों की संख्या में वृद्धि को लेकर जिला प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं इसी के चलते डीएम के निर्देश पर कार्रवाई को अधिकारियों ने अंजाम दिया।

बताया जाता है कि बालू कारोबारी रात 9 बजे के बाद ओवरलोड ट्रकों को निकालना शुरू कर देते हैं, ट्रकों के आगे-पीछे 4 पहिया वाहनों पर लोकेशन बाज निगरानी करते हैं। देर रात एसडीएम सदर नमन मेहता, सीओ सदर और खनिज अधिकारियों की संयुक्त टीम ने हाईवे पर ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान नगर कोतवाली क्षेत्र की कालूकुआं मंडी के पास 4, चिल्ला थाना क्षेत्र में 4, मटौंध थाना क्षेत्र से 8 और मेडिकल कॉलेज के पास से एक ओवरलोड ट्रक को जब्त किया गया। पकड़े गये ट्रकों के चालक वैध रवन्ना एवं अन्य कागजात नही दिखा सके। जब्त ट्रकों में अधिकांश मध्य प्रदेश से मौरंग लेकर आ रहे थे। इस कार्रवाई से अवैध मौरंग कारोबारियों में दहशत है।

सूत्रों ने कहा कि पकड़े गये ट्रकों से करीब 42 लाख रुपये राजस्व मिलने का अनुमान है। खनिज अधिकारी राज रंजन ने कहा कि ओवरलोडिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## सीएम डैशबोर्ड प्रगति की समीक्षा, निर्माण कार्य में लायें गति

बांदा। सीएम डैशबोर्ड के तहत विकास कार्यों तथा सीएमआईएस पोर्टल पर निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में हुई बैठक में डीएम ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निमार्णाधीन सड़कों के निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराए जाने, निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए यूपीसीएल के अधिकारी को अवशेष छह परियोजनाओं के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ोखर खुर्द के सिद्धबाबा में निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने, कालिंजर में पर्यटन सुविधा केंद्र कार्य को शीघ्र पूरा कराये जाने, सेतुओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे दो सेतुओं के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर तेजी लाए जाने तथा गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराए जाने के निर्देश लोक निर्माण अभियंता को दिए। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय में किये जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाने के निर्देश दिए और नामित जिला स्तरीय अधिकारियों को समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर संविदाकर्मियों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



बांदा। मंडल के संविदा कर्मचारियों ने शुक्रवार को चिल्ला रोड पावर हाउस में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अशोक कुटार, महामंत्री बृजराज ने बताया कि उन्हें पहले आश्वासन दिया जा चुका है लेकिन अब तक अनुपालन नहीं हुआ। मांग की, कि हटाए गए संविदा कर्मियों को वापस लिया जाए। कहा कि अधिकारी-ठेकेदार मिलकर अपने चहेतों को भर्ती कर रहे हैं। सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि फेसियल हाजिरी के नाम पर हक मारने नहीं दिया जाएगा। शिवविजय यादव, शिवकांत ने श्रम कानूनों की अनदेखी करने की बात कही। कहा कि अधिकारी-ठेकेदार अकुशल श्रमिकों को बिना सुरक्षा के बिजली के खंभों में चढ़ा रहे हैं। धरने के बाद संविदा कर्मियों ने ज्ञापन सौंपा। मुख्य अभियंता विद्युत ने उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों को भेजकर अपने स्तर से हल कराने का भरोसा दिया। इस दौरान संतोष तिवारी, प्रदीप, आशाराम, उमेश, मयंक सिंह, मैकूराम, अशोक, उमाशंकर, विजय व बड़ी संख्या में संविदा कर्मी मौजूद रहे।

# बाल वैज्ञानिकों ने बनाये एक से बढ़कर एक मॉडल, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सराहा



ललितपुर। जनपद के बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा को निखारने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुश्वाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनाली जैन की उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में जिले के 67 विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 तक के 117 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन, नदियों का शुद्धीकरण, यातायात नियंत्रण, जल सयंत्र, स्पेश शटल, रोबोटिक्स, उन्नत कृषि, सड़क सुरक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान, सूक्ष्म विज्ञान सहित 22 उपविषयों पर आधारित एक से बड़कर एक मॉडल तैयार किये। सभी अतिथियों ने विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया और उन्हें सराहा, साथ ही विज्ञान क्लब के कार्यों को बढ़ावा देते हुए इस प्रकार के आयोजन कराने को कहा। इन मॉडलों में से प्रथम स्थान आनंद विमर्श केंद्रीय विद्यालय ललितपुर को 5000 रु, द्वितीय स्थान अंशु राजपूत जीआईसी बार को 3000 रु, तृतीय स्थान अर्श जीआईसी ललितपुर को 2000 रु, चतुर्थ स्थान हर्ष जीआईसी माताटीला को 1000 रु एवं पंचम स्थान अनुज तथा निशांत राजकीय हाई स्कूल दावनी को 1000 रु का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने कहा कि आज बच्चों ने जो मॉडल बनाये हैं वे बहुत अच्छे हैं, बच्चों ने जो ज्ञान प्राप्त किया वे उसका प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपना आत्मविश्वास कम न होने दें, आप हर वो काम कर सकते हैं तो दूसरे कर सकते हैं। मेहनत कीजिए, सफलता अवश्य मिलेगी क्योंकि आपकी क्षमता में कोई कमी नहीं है। बुन्देलखण्ड में बेटियों की शिक्षा के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ानी होगी। कोई भी एक परीक्षा जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकती है, शुरूआत कहीं से भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि किसी एक छात्र को भी सफल बना सकते हैं तो इससे बड़ा पुण्य दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। पुलिस अधीक्षक मो0. मुश्ताक ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी बच्चों ने बहुत अच्छे मॉडल तैयार किये हैं, खासकर पर्यावरण संरक्षण, नदियों का शुद्धीकरण व कचरा प्रबंधन आदि प्रमुख है। सभी बच्चे तकनीक से जुड़कर अपने व समाज का जीवन बेहतर बनायें। समाज में विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए कुरीतियों को तोड़ना होगा और इसके लिए बच्चों को बचपन से ही वैज्ञानिक सोच विकसित करनी होगी, ताकि ये भविष्य में विश्व भर में भारत का नाम रोशन कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज यहां जिन बच्चों ने प्रतिभाग किया है, वे सभी प्रतिभावान हैं आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, हमें आज से ही इनमें वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना होगा, जिसके लिए ऐसी प्रतियोगिताएं अहम भूमिका निभाती हैं। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक राहुल जैन ने बताया कि पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त दस अन्य छात्र-छात्राएं भी मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी झांसी में प्रतिभाग करेगें, जिनमें विजय तथा रणवीर मदन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट, आर्यन पाल जीआईसी ललितपुर, आलोक और पवन पहलवान गुरुद्दीन इंटर कॉलेज ललितपुर, सृष्टि और अनुष्का जीजीआईसी तालबेहट, देव चैरसिया जिला परिषद इंटर कॉलेज पाली, हर्षित किसान इंटर कॉलेज बिरधा, राज तथा कृष्ण एवं इंटर कॉलेज ललितपुर, वसुंधरा दुबे जीजीआईसी ललितपुर, राधिका जीजीआईसी ललितपुर एवं पंकज सीबी गुप्ता महरौनी शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, प्रधानाचार्या जीजीआईसी अंजना वर्मा, जिला समन्वयक विज्ञान क्लब राहुल जैन सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- 5 पुरस्कृत विद्यार्थियों सहित कुल 15 विद्यार्थी मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग
- जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## बदहाल स्थिति में संचालित हो रहे जनपद के गौवंश आश्रय स्थल

ललितपुर। तहसील पाली के दूरस्थ ग्राम बालाबेहट में संचालित गौवंश आश्रय स्थल अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है, हालात यह है कि अव्यवस्थओं के चलते यहां पर संरक्षित गौवंश की आयेदिन मौत हो रही है। गुरूवार को गौवंश आश्रय स्थल का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें अनेक गौवंश परिसर में मृत अवस्था में पड़े हुए है, जिन्हें उठाने तक की पहल कर्मचारियों द्वारा नहीं की गई है, वहीं सूत्रों की माने तो यही हालात जनपद में स्थित सभी आश्रय के बने हुये हैं। प्रतिमाह गौवंश के संरक्षण के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च किये जा रहे है, लेकिन सत्यता यह है कि गौवंश की हालत दिनों दिन बद से बदतर हो रही है, संबधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता गौवंश पर भारी पड रही है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बताया गया है कि गौवंश आश्रय स्थल बालाबेहट परिसर में एक नहीं बल्कि कई गौवंश मृत अवस्था में पड़े हुए है, पास में ही गंदगी के ढेर दिख रहे है, जिससे लगता है कि जिम्मेदार लोग शासन की महत्वाकांछी योजना पर खुलेआम पलीता लगाने में लगे हुए है। जनपद में स्थित गौवंश आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी तैनात किये गये है, प्रतिमाह निरीक्षण करने एवं व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने के निर्देश दिये गये है, लेकिन धरातल पर काम नहीं किया जा रहा है, केवल कार्यालय के अंदर बैठकर कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है।

## संपूर्ण समाधान दिवस आज

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आंशिक संशोधन कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए अवगत कराया है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 15 नवम्बर 2025 को तहसील पाली में होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस जनहित में तहसील तालबेहट में आयोजित किया जायेगा।

## ग्राम पंचायत अड़वाहा विकासखंड जखौरा में सदर विधायक ने सुनी जनमानस की समस्याएं




ललितपुर। ग्राम पंचायत अड़वाहा में आज ग्रामीण विकास और जनसुनवाई के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ललितपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम रतन कुशवाहा ने की। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण, महिला समूह, युवा, किसान तथा पंचायत प्रतिनिधिगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामवासियों ने पेयजल संकट, खराब सड़कों, विद्युत आपूर्ति में अनियमितता, आवास योजनाओं में लंबित मामलों, वृद्धावस्था पेंशन, मनरेगा भुगतान, भूमि-सीमा विवाद, प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों को विधायक श्री कुशवाहा के समक्ष रखा। विधायक रामरतन कुशवाहा ने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और उपस्थित राजस्व, विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निगम, पंचायती राज एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का स्थल निरीक्षण किया जाए। प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता व त्वरित लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि कसी भी प्रकार की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी। वहीं ग्राम पंचायत अड़वाहा में विकास कार्यों को और गति देने हेतु विधायक श्री कुशवाहा ने एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न ग्रामीण स्तरीय विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अनुपम चैबे, सुरेन्द्र रजक जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ललितपुर, सुशील विश्वकर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

## मधुमेह, जागरूकता रखें और सेहतमंद बनें: सीएमओ

ललितपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मधुमेह के बारे में जागरूकता फैलाना और इस बीमारी के खतरों को कम करने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास करना है। यह दिवस डायबिटीज के बारे में जानकारी देने, रोकथाम के उपाय बताने और इस बीमारी से पीड़ित लोगों की सहायता करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। नोडल अधिकारी एन.सी.डी. डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर शुगर को सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता है। इसके कारण शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता है, जिससे कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। पब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सैना बताया कि इस साल विश्व मधुमेह दिवस डायबिटीज एक्रॉस लाइफ स्टेज थीम से मनाया जा रहा है। हर व्यक्ति जिसे डायबिटीज है, उसे सही इलाज, मदद का माहौल और ऐसी योजना मिलनी चाहिए जो उनकी सेहत, सम्मान और खुद की देखभाल में मदद करें। गोष्ठी के दौरान अपर शोध अधिकारी अनुरुद्ध पटेल एवं सी.एम.ओ. कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के नए पद अधिकारियों का डीएम की मौजदगी में शपथ समारोह



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान उ0प्र0 मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा बिजनौर के नए पद अधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला मंत्री सुधांशु शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं उनके समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहते हुए शासकीय कार्यों एवं अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा पारदर्शिता एवं कर्तव्य बोध के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, न्यायिक अंशिका दीक्षित, उप जिलाधिकारी सदर रितु चैधरी, अजीत उपाध्याय प्रांतीय मंत्री, कार्यकारिणी के सदस्य एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

बिजनौर। ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार दोनों युवक मुरादाबाद के कांठ से एक शादी समारोह में शामिल होकर हरिद्वार श्यामपुर अपने घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम जोगीरामपुरी चैराहे पर नजीबाबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक की पहचान उत्तराखण्ड के हरिद्वार श्यामपुर निवासी जैकी पुत्र विजय के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक बॉबी पुत्र रामकिशोर भी श्यामपुर का निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी समीपुर नजीबाबाद अस्पताल पहुंचाया तहां चिकित्सकों ने जैकी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।

# जनादेश के संदेश

बिहार के जनादेश ने सियासत में स्थापित पुराने तमाम समीकरण और मिथ को ध्वस्त कर दिया है। जो लोग जातियों और वर्गों की संख्या को जोड़कर सियासत में लंबे समय से जमे हुए थे उनके पांव अब उखड़ने लगे हैं। सुशासन, विकास और परफॉर्मेंस की राजनीति को जनता खुले दिल से स्वीकार कर रही है। बिहार में लगातार पांचवीं बार नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिली जीत ने सियासी पंडितों और चुनावी गुणा-गणित लगाने वालों को भी न सिर्फ हैरान किया है बल्कि भविष्य के लिए ऐसा अध्याय लिख दिया है जिस पर लंबे समय तक अध्ययन, अनुसंधान होते रहेंगे। बिहार में इस बार जनता के सामने राज्य की दिशा तय करने का अवसर था। आरजेडी के नेतृत्व में महागठबंधन की पार्टियां जिसमें कांग्रेस, वीआईपी और कम्युनिस्ट पार्टियां शामिल हैं, ने चुनावी जीत और सत्ता के लिए जिस तरह के वायदे जनता के साथ किये, वह दरअसल सियासत में गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा है। देश में कुल जनसंख्या के दो-तीन फीसद लोगों को सरकारी सेवाओं से जोड़ा जा सकता है। संविदा और आउटसोर्सिंग जैसी भर्तियों को भी जोड़ दिया जाये तो चार-पांच फीसद से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी देने का मतलब है राजकोष का दिवाला निकाल देना। ऐसे में बिहार में हर घर से एक व्यक्ति को नौकरी देने पर इतना बड़ा खर्च आयेगा जिसे पूरा करना राज्य सरकार के लिए संभव नहीं है। दरअसल किसी राज्य का बजट उसकी जीडीपी के आमतौर पर 25-30 फीसद होता है। इस 25-30 फीसद बजट में भी बड़ा हिस्सा कर्ज का होता है। ऐसे में जब पहले से ही राज्य के संसाधन पूरी तरह से फिक्स और आवंटित हैं, तो फिर नये सिरे से राज्य की पूरी जीडीपी से भी ज्यादा संसाधन जुटाना असंभव है। लेकिन फिर भी महागठबंधन ने राज्य की जनता, बिहार के युवाओं और उनकी भावनाओं के साथ क्रूर मजाक किया। महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव और डिप्टी सीएम फेस मुकेश सहनी की बातों, मीडिया में उनके साक्षात्कार और भाषणों को देख-सुनकर कोई भी सामान्य समझ का व्यक्ति इस निष्कर्ष पर पहुंच सकता है कि महागठबंधन दोनों नेताओं सीएम फेस तेजस्वी और



डिप्टी सीएम फेस मुकेश सहनी को अर्थव्यवस्था, आर्थिक नीतियों और अर्थशास्त्र की कोई समझ नहीं है। वैसे इनकी शिक्षा भी बिहार चुनाव में एक मुद्दा थी। सवाल उठता है कि अगर तेजस्वी को आर्थिक मुद्दों की समझ नहीं है तो फिर कांग्रेस, आरजेडी और महा गठबंधन के अन्य नेताओं ने राज्य के आर्थिक हालात से इनको क्यों नहीं अवगत कराया? अगर सब कुछ जानते हुए भी सबको सरकारी नौकरी का वायदा किया गया, तो यह गंभीर सियासी अनैतिकता है। ऐसे आसमानी वायदों के खिलाफ अदालत और चुनाव आयोग को गंभीर पहल करनी चाहिए। बहरहाल बिहार चुनाव में एक तरफ लालू यादव के शासन के दौरान जंगलराज वाला दुःस्वप्न, तेजस्वी की शैक्षिक योग्यता और सियासी नौसिखियापन, महागठबंधन के गैरजिम्मेदाराना चुनावी वायदे और घटक दलों के बीच खींचतान थी। दूसरी तरफ एनडीए था जिसके चेहरे के तौर पर नीतीश बहुत ही अनुभवी, ईमानदार छवि, परिवारवाद से दूरी और बिहार को विकास के रास्ते पर लाने में उनके द्वारा किये गये अथक प्रयास के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आश्वस्तकारी मार्गदर्शन और भी नेतृत्व था। ऊपर से नीतीश सरकार ने महिलाओं के रोजगार के लिए, गरीबों को मुफ्त बिजली देने के लिए और बुजुर्गों को बढ़ी हुई पेंशन देने के लिए जो कल्याणकारी फैसले किये उससे बिहार की जनता खुश थी। ऐसे में जनता ने मोदी-नीतीश के वायदों पर, उनके नेतृत्व पर और उनके कामों पर भरोसा किया। चुनाव में पीएम मोदी और पूरी एनडीए ने जंगलराज की पुरानी यादों को ताजा कर एक तरह से सरकार की वापसी को सुनिश्चित किया और इस तरह बिहार में ऐतिहासिक जनादेश के साथ एनडीए सरकार की वापसी हुई।

---

विचार

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

# ऐतिहासिक जनादेश के पीछे महिला शक्ति



लोकमित्र गौतम

> चुनाव के पहले जिस तरह नीतीश कुमार ने महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये डाले और वायदा किया कि चुनाव जीतने पर वे उनकी उद्यमिता को लगातार आगे ले जाएंगे, उससे 20 साल से उनके साथ बनी रहने वाली महिला मतदाता न सिर्फ बनी रहीं बल्कि इस बार 1952 के बाद से सबसे ज्यादा मतदान हुआ।

पिछले तीन बार से बिहार विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल जो अनुमान बताते थे, हर बार हकीकत उनको गच्चा देती थी। गच्चा इस बार भी नतीजों ने दिए हैं, लेकिन विरोध में नहीं बल्कि पक्ष में। 11 नवंबर 2025 को दूसरे दौर के चुनाव सम्पन्न होने के बाद 17 एजेंसियों ने अपनी एग्जिट पोल पेश किये थे, जिनमें से किसी भी एजेंसी ने यूं तो एनडीए यानी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को हारता हुआ नहीं बताया था, लेकिन किसी भी एग्जिट पोल में इतना सटीक अनुमान भी नहीं लगाया था। वास्तव में 14 नवंबर 2025 को जिस तरह के नतीजे आए। इस समय जबकि ये पंक्तियां लिखी जा रही हैं, 4 बजकर 55 मिनट हो रहे हैं और करीब करीब 80 से 85 फीसदी मतगणना हो चुकी है और इस समय नतीजों के डिस्प्ले बोर्ड में जो आंकड़े दर्ज हैं, वे एग्जिट पोल के मुकाबले अभूतपूर्व हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय तक एनडीए 186 सीटों पर आगे थी और 16 सीटें जीत चुकी थी। इस तरह उसके खाते में 202 सीटें जा रही थीं। जैसा कि हम सब जानते हैं, इस चुनाव में भाजपा और जेडीयू दोनो 101-101 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भाजपा ने 91 और जेडीयू 83 सीटें जीतते लग रहे थे, जो कि पिछले चुनावों में जीती गई सीटों से 47 सीटें ज्यादा हैं। इस समय भाजपा 17 सीटें ज्यादा जीत रही है। लोक जनशक्ति पार्टी 19 सीटों पर लीड कर रही थी, जो कि उसकी पिछली बार की जीती सीटों से 18 सीटें ज्यादा है। हद तो यह है कि एनडीए में जो अन्य पार्टियां शामिल हैं, उनकी भी सीटें पिछले बार के मुकाबले एक ज्यादा दिख रही है।

इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय एनडीए गठबंधन में जो अन्य पार्टियां हैं, वो 9 सीटों पर लीड कर रही थीं, जो कि पिछले बार की 8 सीटों से एक ज्यादा है। इसके विपरीत महागठबंधन जिसके बारे में ज्यादातर एग्जिट पोल ये तो नहीं कह रहे थे कि महागठबंधन जीतकर सरकार बनायेगा। लेकिन गिनती के तीन चार एग्जिट पोल उन्हें सरकार बनाते हुए भी दिखा रहे थे और कोई भी ऐसा एग्जिट पोल नहीं था, जो उन्हें पिछले बार से उनकी इस बार बहुत कम सीटें आती देख रहा था। लेकिन हकीकत यह रही कि राष्ट्रीय जनता दल जो पिछली बार 75 सीटें जीती थीं और किसी भी पार्टी के मुकाबले उसकी सीटें सबसे ज्यादा थीं, इस बार पिछले बार के मुकाबले 40 सीटें गंवाकर महज 35 सीटों पर टिकता नजर आ रहा है। हालांकि अभी अंतिम रूप से नतीजे नहीं आये।



इसमें अगर कुछ सीटें इधर उधर हो जाएं तो कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन मोटे तौरपर राष्ट्रीय जनता दल की इस बार जबर्दस्त हार हुई है। अगर समूचे महागठबंधन को देखें, तो जिसमें राष्ट्रीय जनता दल के अलावा प्रमुख पार्टियों के रूप में कांग्रेस और सीपीआई (एमएल) शामिल थीं, उन्हें साझे तौरपर पिछले बार के मुकाबले 75 सीटें कम मिल रही हैं। क्योंकि पिछले बार इस गठबंधन को कुल 110 सीटें मिली थीं, जो कि बहुमत से सिर्फ 12 सीटें कम थीं। लेकिन इस बार शाम 5 बजकर 1 मिनट तक महागठबंधन पिछले बार के मुकाबले 75 सीटों से पीछे चल रहा था। इसमें जहां राष्ट्रीय जनता दल की 48 सीटें कम हुई हैं, वहीं कांग्रेस की 14, सीपीआई (एमएल) की 11 सीटें कम हुई हैं। उनके अन्य छोटी पार्टियों में भी दो सीटें कम हुई हैं। दूसरी तरफ प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी जिसका इन चुनावों में बिना किसी इतिहास के भी भारी दखल महसूस किया जा रहा था, वह तो बिल्कुल टांय टांय फिस्स साबित हुई है। जनसुराज ने 200 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये थे और कुछ सीटों पर अपने सहयोगियों को समर्थन दिया था। लेकिन नतीजों के रूप में जनसुराज को एक महाशून्य ही मिला है।

## विधानसभा चुनाव

इस तरह देखें तो पिछले तीन बार की तरह बिहार विधानसभा चुनाव ने इस बार भी गच्चा दिया है। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल एनडीए और महागठबंधन के बीच जबर्दस्त टक्कर बता रहे थे, लेकिन जब अनुमानों के बाद नतीजे सामने आए तो उस समय महागठबंधन जिसमें तब आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस शामिल थीं, ने 243 में से 178 सीटें जीत लीं और एनडीए को सिर्फ 28 सीटें मिली थीं। इस तरह 2015 में विधानसभा चुनावों को लेकर जबर्दस्त उलटफेर हकीकत और एग्जिट पोल के बीच में सामने आया था। इसी तरह 2020 के सर्वेक्षण में कई एग्जिट पोल महागठबंधन को 120 से 140 सीटों में चुनाव जिता रहे थे। जबकि एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए पूरे चुनावों के दौरान लगातार संघर्ष कर रहा था और उसका यह संघर्ष एग्जिट पोल के नतीजों में भी जारी था। एग्जिट पोल दबे और खुले रूप में बता रहे थे कि तेजस्वी यादव के पक्ष में बड़ी लहर चल रही है। लेकिन जब वास्तविक परिणाम आये, तब एनडीए ने महागठबंधन से 15 सीटें ज्यादा जीतकर बहुमत हासिल कर लिया था। एनडीए को तब 125 और महागठबंधन को वास्तव में 110 सीटें मिले। हालांकि आरजेडी अकेली सबसे बड़ी पार्टी थी, उसे 75 और भारतीय जनता पार्टी को 74 सीटें मिली थीं। कहने का मतलब यह है कि 2020 में भी अनुमान आधे अधूरे ही रहे थे। महागठबंधन को जितना लाभ होता दिखाया जा रहा था, उतना लाभ नहीं हुआ और एनडीए को जितने नुकसान में दिखाया जा रहा था, वह नुकसान तो हुआ ही नहीं, उल्टे सीमित ही सही, मगर एनडीए को अंततः बहुमत मिल गया। जिस कारण अंततः सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की ही बनी। एग्जिट पोलों के अनुमानों का यही कुछ कुछ हाल इस साल 2025 में भी वैसा ही रहा है। यह अलग बात है कि इस बार के अनुमान बिल्कुल उलटफेर वाले नहीं थे।

ऊपर हमने 11 नवंबर 2025 को दूसरे दौर के चुनाव सम्पन्न होने के बाद जिन 17 एजेंसियों के एग्जिट पोल का जिक्र किया है, उनमें से कोई भी एनडीए को हारता हुआ नहीं बता रही थीं और कोई भी एजेंसी महागठबंधन को जीतकर सरकार बनाते हुए भी नहीं दिखा रही थीं। यहां तक कि इन 17 एजेंसियों में से किसी ने महागठबंधन को उसकी पिछली सीटें यानी 110 भी आते नहीं बता रही थीं, महागठबंधन की सीटों का अधिकतम अनुमान 108 था। लेकिन ज्यादातर एजेंसियां एनडीए को भी उतनी सीटें आती नहीं बता रही थीं, जितनी 14 नवंबर को 5 बजकर 7 मिनट तक बढ़त के रूप में एनडीए के खाते में थीं। एनडीए को ज्यादातर एग्जिट पोल 135 से 150 के बीच सीटें लाती बता रही थीं। हालांकि सबके नंबर अलग अलग थे, सिर्फ पोल डायरी और प्रज्ञा पोल एनालिटिक दो एजेंसियां ऐसी थीं, जिनके मुताबिक एनडीए को 184 से 209 के बीच सीटें मिल रही थीं। हालांकि 4 बजकर 35 मिनट तक आते आते आंकड़े बदल गये वर्ना 3 बजकर 50 मिनट से 4 बजकर 15 मिनट तक 14 नवंबर 2025 को एनडीए को 207 से 209 सीटें तक मिलती दिख रही थीं। अभी भी अगर अंतिम रिजल्ट जारी होने तक ये आंकड़ा सच में सही साबित हो जाए, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

सवाल है आखिर बिहार में विधानसभा चुनाव नतीजों का अनुमान लगाने में एग्जिट पोल या प्री-पोल इस तरह गलत क्यों साबित होते हैं और 20 सालों से लगातार सत्ता में रहने के बावजूद नीतीश कुमार को किसी तरह की एंटी इंकम्बेंसी का सामना क्यों नहीं करना पड़ा? दरअसल इसकी दो बड़ी वजहें हैं। एक तो इस बार ऐन चुनाव के पहले जिस तरह नीतीश कुमार ने महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये डाले और वायदा किया कि चुनाव जीतने पर वे उनकी उद्यमिता को लगातार आगे ले जाएंगे, उससे 20 साल से उनके साथ बनी रहने वाली महिला मतदाता न सिर्फ बनी रहीं बल्कि इस बार 1952 के बाद से सबसे ज्यादा मतदान हुआ। करीब 67 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया, जबकि इसके पहले अधिकतम 60 से 62 फीसदी तक ही मतदान हुआ था। इस बढ़े मतदान में भी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के मुकाबले 10 से 12 फीसदी तक ज्यादा थी। ..तो एक तो एनडीए को महिलाओं के अंधाधुंध समर्थन ने यह अभूतपूर्व विजय दिलायी और दूसरी बात यह थी कि जिस तरह तेजस्वी प्रसाद यादव ने अंधाधुंध और अव्यवहारिक चुनावी घोषणाएं की थीं, उस पर बिहार के मतदाताओं ने यकीन नहीं किया। वैसे इस अभूतपूर्व जीत के कुछ और कारण भी हैं, लेकिन फिलहाल यही दो कारण सबसे निर्णायक हैं।

---

सोशल मीडिया



ज्ञान, परिश्रम व लोकतंत्र की रक्षक बिहार भूमि की जनता को कोटि-कोटि नमन। यह प्रचंड जनादेश सुशासन, गरीब कल्याण के प्रति एनडीए के संकल्प और महिला सुरक्षा पर मुहर है। अमित शाह.

# आत्म चिंतन

अंतर्दृष्टि

जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए महापुरुषों का मार्गदर्शन जरूरी होता है। महापुरुषों का मार्गदर्शन, साधना और ज्ञान हमेशा मनुष्य का पारिष्कार कर उनमें दैव प्रवृत्तियों एवं सद् चिंतन का विकास करते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

# बड़ा कारोबार भी है शादियों का उत्सव



सामयिक ● अपराजिता

**भारत** में अब बड़े पैमाने पर शादियां सर्दी के मौसम में होती हैं। सर्दियों के मौसम में होने वाली ये शादियां महज पारिवारिक उत्सवभर नहीं हैं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आर्थिक इंजन भी हैं। इन शादियों से हर साल लाखों लोगों को रोजगार मिलता है, करोड़ों-अरबों का कारोबार होता है। इसलिए अगर कहा जाए कि सर्दियों का मौसम अब भारत में परंपराओं और अर्थशास्त्र का चमकदार संगम बन चुका है, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। शायद इसीलिए माना जाता है कि अब सर्दियों का मौसम हिंदुस्तान में केवल ठंडक नहीं लाता बल्कि शादियों की रौनक और रिश्तों की गर्माहट लेकर भी आता है। नवंबर से फरवरी तक देश के अधिकांश हिस्से में आसमान साफ रहता है और हवा में अच्छी लगने वाली हल्की ठंडक घुली होती है। ऐसे सुनहरे मौसम में देश का बड़ा हिस्सा शादी के रंग में रंग जाता है। यह वह समय होता है जब भारत की वेडिंग इंडस्ट्री अरबों रुपये का कारोबार करती है और लाखों लोगों की रोजी रोटी का जरिया बनती है।

इस मौसम में न तो पसीने की परेशानी होती है और न बारिश की चिंता, इसलिए खुली छतों और गार्डनों में भी भव्य आयोजन संभव हो जाते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि खुशी का यह मौसम अर्थव्यवस्था की खुशहाली का मौसम भी है। सर्दियों में भारत की शादी का अर्थशास्त्र अब 5 से 6 लाख करोड़ रुपये सालाना पहुंच चुका है। अगर देखा जाए तो यह एक ऐसी इंडस्ट्री है, जिसका मुकाबला करने में बड़े बड़े औद्योगिक क्षेत्रों को भी पसीने आ जाते हैं। यही वजह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अब शादियां खुदरा व्यवसाय नहीं बल्कि संगठित उद्योग का रूप ले चुकी हैं। इनमें प्लानिंग होती है, डेकोरेशन होता है, कैटरिंग, फोटोग्राफी, डेस्टिनेशन मैनजमेंट और डिजिटल प्रमोशन तक का पेशेवराना कारोबार होता है। क्योंकि सर्दियां त्योहारों के बाद आती हैं। दिवाली, छठ और नवरात्रि की खुशियों का सिलसिला जब समाप्त हो जाता है, तो शादियों का जोश ठाठे मारने लगता है। अगर भारत की पारंपरिक अर्थव्यवस्था की नजर से देखा जाए तो सर्दियों की शादियों का वह समय होता है, जब किसान खरीफ की फसल बेचकर सशक्त हो चुका होता है। भारत में इन दिनों औसत शादियां 6-7 लाख रुपये से लेकर कई करोड़ तक की हो रही हैं। बड़े शहरों में डेस्टिनेशन वेडिंग का चलन बढ़ने के कारण शादियों का खर्च डेढ़ से दोगुना तक बढ़ जाता है। लेकिन शादियों में आज भी सबसे बड़ा हिस्सा ज्वैलरी का ही होता है। भले 10 ग्राम सोने की कीमत 1 लाख रुपये से बहुत ऊपर पहुंच चुकी हो, लेकिन भारत में सोना महंगा हो या सस्ता, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। शादियों में अगर सोने की ज्वैलरी बनती है तो बनती ही है, फिर चाहे उसके लिए घर, द्वार तक क्यों न बेचना पड़ जाए। क्योंकि भारत में मानकर चला जाता है कि शादी रोज रोज नहीं होती। इसलिए लोग कुछ भी करके शादी के खर्च का डिकोरम पूरा करते हैं। आज भी शादियों में होने वाले कुल खर्च में ज्वैलरी और फैशन को अगर मिला दिया जाए, तो यह 40 से 45 फीसदी तक अकेले हो जाता है बाकी खर्चों में 15 से 20 प्रतिशत खर्च कैटरिंग और शादी की जगह की व्यवस्था में होता है। डेकोरेशन और लाइटिंग तथा अन्य छोटे मोटे खर्चे मिलाकर भी 15 से 18 फीसदी तक बन जाता है और आज के हिसाब से फोटोग्राफी तथा डिजिटल रूप से शादियों को सुरक्षित करने का खर्च भी 5 से 10 फीसदी तक के खर्च का हिस्सा बनता है।

यूं तो पूरे देश में ही शादियों में बहुत पैसे खर्च होते हैं, लेकिन आमतौर पर अगर देश के किसी एक हिस्से में सर्दियों के समय शादियों में होने वाले सबसे ज्यादा खर्च की बात कही जाए, तो वह राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र यानी एनसीआर है। साल 2024 की सर्दियों में यहां करीब 1.3 से लेकर 1.5 लाख करोड़ रुपये तक शादियों का कारोबार सिर्फ सर्दियों में हुआ था। इसलिए अगर देश में किसी एक इलाके को शादियों का सबसे बड़ा हब या औद्योगिक क्षेत्र माना जाए, तो राजधानी और राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र ही है। वैसे शादियों की अर्थव्यवस्था देश के कोने कोने तक फैली है। देश का ऐसा कोई गांव, कोई ऐसा शहर, कोई ऐसा कस्बा नहीं है, जहां हर साल बड़े पैमाने पर शादियां न होती हों। एक अनुमान के मुताबिक देश में हर साल 1 से 1.2 करोड़ लोग शादियों के बंधन में बंधते हैं और देश का ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां शादियां न होती हों। इसलिए शादी की अर्थव्यवस्था पूरे देश में फैली हुई है। मगर पिछले एक दशक से देश के कुछ खास शहर या विशेष इलाके डेस्टिनेशन मैरिज का केंद्र बनकर उभरे हैं। जैसे- राजस्थान के किले, हरिद्वार और ऋषिकेश के धार्मिक स्थल तथा दक्षिण भारत के बड़ी बड़ी मान्यताओं वाले मंदिर। इन सब जगहों में हर साल करोड़ों, अरबों रुपये की शादियां सम्पन्न होती हैं।

राजस्थान में उदयपुर जैसे शहर और ऐतिहासिक हवेलियां शादी कारोबार का बड़ा मजबूत हिस्सा बनकर उभरी है। भारत में शादियों को लेकर इतनी तरह की अनुभूतियां हैं कि एक महाशादी पुराण तैयार हो सकता है। जहां शादियों को लेकर हमारा मध्य और निम्न मध्यवर्ग लगातार यह शिकायत करता रहता है कि शादियां उसकी समूची अर्थव्यवस्था को गड़बड़ा देती हैं, वहीं देश में लाखों ऐसे लोग हैं, जिनकी रोजी रोटी का जरिया ही शादी है। शादी का मौसम आते ही देश में लाखों लोगों को त्वरित आधार पर रोजगार मिलने लगता है। हलवाई, डेकोरेटर, मेकअप आर्टिस्ट, बैंडबाजा वाले, दर्जी, फोटोग्राफर, फूल विक्रेता और वेटर ये ऐसे पेशे हैं, जिनकी समूची कमाई शादियों के मौसम पर ही टिकी होती है। एक शादी में औसतन 200 से लेकर 500 तक लोगों को अस्थायी या त्वरित रोजगार मिलता है। यही वजह है कि हमारे यहां विशेषकर सर्दियों की शादियां भारत के असंगठित कार्यक्षेत्र के लिए एक लाइफलाइन की तरह हैं। हालांकि हाल के दशकों में जयपुर, उदयपुर, गोवा, ऋषिकेश, बाली और बैंकॉक जैसे देश-विदेश में अनेक डेस्टिनेशन वेडिंग सेंटर बनकर उभरे हैं, जहां हर साल करोड़ों, अरबों रुपये का शादी का कारोबार होता है।

लेकिन इस चलन के बावजूद देश का कोई ऐसा गांव, कस्बा, छोटा शहर या महानगर नहीं है, जहां नियमित तौरपर शादियां न होती हों। ..तो कहना चाहिए शादियां पूरे देश का अपनी तरह का व्यवसाय है। आजकल चूंकि युवा पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता काफी ज्यादा बढ़ गई है, इसलिए इन दिनों शादी की विभिन्न थीम्स में ग्रीन वेडिंग और डिजिटल वेडिंग या इकोफ्रेंडली वेडिंग भी अपनी अपनी तरह की शादियों का स्टाइल है। जैसे हर तकनीक के साथ होता है कि वह जब आती है, तो अपने तूफानी प्रभाव में हर क्षेत्र को प्रभावित करती है। डिजिटल टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया आज की जीवनशैली की ऐसी ही तकनीकें हैं, जो इन दिनों 3 हजार से भी ज्यादा पुरानी शादी की संस्था को खूब प्रभावित कर रही हैं। यही कारण है कि अब शादियां महज पंडित और नाई की सक्रियताभर से नहीं होतीं बल्कि इस क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित कामगारों की एक मजबूत फौज भी तैयार हो चुकी है। देश में सैकड़ों ऐसी वेबसाइटें हैं, जो हर साल एक से सवा करोड़ के बीच होने वाली शादियों में हजारों शादियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेती हैं और करोड़ों का कारोबार करती हैं, जिसके कारण शादियों के मौसम में डिजिटल कार्यस्थलों में भी अब लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। हालांकि आज भी शहरी और ग्रामीण शादी में काफी कुछ फर्क देखने को मिलता है, लेकिन यह ज्यादातर फर्क हैसियत का होता है, स्टाइल का ज्यादा फर्क नहीं रह गया। आज जिस तरह शादियों में खानपान का बूफे सिस्टम शहरों में होता है, लगभग 70 से 80 फीसदी तक वही सिस्टम गांवों में देखने को मिलता है और जहां तक खाने पीने की चीजों की बात है, उसमें तो लगभग 99 फीसदी की साम्यता हो चुकी है। दुनिया की हर इंडस्ट्री में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, मगर भारत का शादी उद्योग या वेडिंग इंडस्ट्री एक ऐसा उद्योग क्षेत्र है, जहां सालाना 10 से 12 फीसदी की विकास दर होती ही है और यह आज नहीं दशकों से स्थिर विकास दर है, जो बढ़नी ही है, घटनी नहीं। इसलिए अगर भारत में शादियों को भावनाओं के मेल के साथ अर्थव्यवस्था का इंजन कहा जाए, तो अतिश्योक्ति नहीं होगा। विशेषकर सर्दियों की शादियां तो ऐसी होती हैं जब इस मौसम में रिश्ते भी बनते हैं और कारोबार भी सही से चलता है।




---

## आप की बात

### तमाशबीन बना यूएनओ

दुनिया में कई मोर्चे पर युद्ध चल रहा है। इजराइल कई आतंकी संगठनों से लड़ रहा है, ईरान से भी उसका टकराव चल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है, लेकिन युद्ध रोकने के लिए अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बना हुआ है। कहीं भी यूएनओ की कोई भूमिका नजर नहीं आती है। इसी तरह गरीबी, असमानता और क्लाइमेट चेंज को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ कोई गंभीर पहल करने में नाकाम रहा है। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासांगिकता पर सवाल उठाये जा रहे हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा स्वरूप को बदलने और इसमें भारत की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखी थी। उनका सवाल था कि आखिर भारत, संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए कब तक इंतजार करता रहेगा? पीएम मोदी का कहना है कि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और संयुक्त राष्ट्र संघ के मूल चरित्र में सुधार वक्त की मांग है। यदि इस पर शीघ्र ही गौर नहीं किया गया तो संयुक्त राष्ट्र का अस्तित्व खतरे पड़ जायेगा। संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था।

अमित कुमार सिंह, लखनऊ.

### खेल पर फोकस बढ़ायें

ओलंपिक खेलों में भारत को एक बार फिर कुछ खास हाथ नहीं लगा है। देश को खेल के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। देश को अपने आकार-प्रकार के अनुसार खेलों में प्रदर्शन के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। देश को बार-बार ओलंपिक जैसी स्पर्धाओं में निराश होना पड़ता है। ओलंपिक में भारत कुल छह पदक मिले हैं। एक रजत पदक और 5 कांस्य पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा, जबकि टोक्यो ओलंपिक में हमारा स्थान 48वां था। 1996 के अटलांटा और 2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों में भी भारत मात्र 1-1 कांस्य पदक के साथ 71वें स्थान पर था। यह 1992 के बाद पहला मौका है, जब भारत पाकिस्तान (62वां स्थान) से पीछे रहा है। उस साल भारत खाली झोली लौटा था, जबकि पाकिस्तान एक कांस्य पदक हासिल करने में कामयाब रहा था। विश्व जनसंख्या में भारत की 18 फीसदी हिस्सेदारी है, लेकिन ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन बेहद कमजोर है। पदकों का आंकड़ा निराशाजनक ही नहीं, राष्ट्रीय अपमान भी है। ओलंपिक प्रदर्शन सुधारना बहुत जरूरी है।

**धीरेन्द्र प्रताप मौर्य, लखनऊ.**

संक्षेप

## शिकायतों के निस्तारण में न हो लापरवाही: डीएम

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो।

जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# पं. नेहरू ने देश के विकास की नींव रखी: राजेन्द्र प्रताप सिंह




जिला संवाददाता

**अयोध्या।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन को कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया। इससे पूर्व महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी और राष्ट्रीय छात्र संगठन अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने प्राइमरी पाठशाला गद्दोपुर में छात्रों को पाठ्य सामग्री तथा मिष्ठान वितरण किया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह तथा संचालन जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने किया। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे वह एक कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ प्रखर वक्ता तथा महान लेखक भी थे उन्हें आधुनिक भारत के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है।

महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा बच्चों में चाचा के नाम से प्रसिद्ध पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने प्रधान मंत्री पद से भारत को दुनिया में सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाई। उन्होंने भारत के सर्वांगीण विकास के लिए विदेश नीति, आर्थिक प्रगति की नींव, पंचवर्षीय योजना, देश का औद्योगिकीकरण, विश्व शांति आदि को लागू किया। उन्होंने भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने पंडित नेहरू को समाजवाद का असली प्रणेता बताते हुए कहा पंडित नेहरू ने देश के विकास की नींव रखी। जिला प्रवक्ता शीतला पाठकने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए कहा विपरीत परिस्थितियों में भारत की बागडोर संभाल कर उन्होंने भारतवर्ष की उन्नति के मार्ग को सर्व धर्म कुटुंबकम की भावना के साथ प्रशस्त किया।पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू का व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव अनुकरणीय रहेगा। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी तथा छात्र संगठन अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ताने कहा प्रधानमंत्री के रूप में17 वर्षों तक इस पद पर रहते हुए, उन्होंने न केवल देश बल्कि भारत के लोगों के दिल पर भी राज किया। उन्होंने भारत को एक उन्नत और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

## विहान विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस

बहराइच 14 नवम्बर। सर्वशक्तिमान प्रतिभा सभी को देता है परन्तु सभी को एक समान अवसर नहीं प्राप्त होते हैं। हमारी नन्ही मुन्नी बच्चियों को विहान बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सभी बालिकाएं इस अवसर का भरपूर लाभ उठाकर समाज में ऊंचा स्थान प्राप्त कर परिवार व देश का नाम रौशन करें। विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी आप जैसी बेटियों के कांधों पर है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी पूरे मनोयोग के साथ शिक्षा प्राप्त कर समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

श्रम विभाग द्वारा हुजूरपुर रोड पर संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय में बाल दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उक्त उदगार व्यक्त किये। डीएम ने कहा कि विहान विद्यालय की जिम्मेदारी मात्र बच्चियों को कक्षा 08 उत्तीर्ण कराना ही नहीं है। बल्कि हमें यह भी देखना होगा कि पास आउट छात्राएं आगे की भी पढ़ाई जारी रखें और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विरूद्ध समाज को जागरूक करने में सहयोग प्रदान करें। डीएम ने कहा कि पास आउट बेटियां यदि आगे की पढ़ाई जारी रख रही हैं तो यह माना जायेगा कि वे यहां से अच्छे संस्कार लेकर विदा हुई हैं।समाजिक संस्था सदभावना एवं लायन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाल दिवस समारोह में छात्राओं द्वारा वार्डेन प्रगति सिंह की देख-रेख में निबन्ध लेखन, चित्रकारी, योगा एवं राष्ट्रगान जैसे रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति की गई। कालेज परिसर में लगाये गये बाल मेला में छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार किये गये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाकर बिक्री भी की गयी।

इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, अधीक्षक प्रगति सिंह, सदभावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, जिला संयोजक संजीव शर्मा, लायन्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, आर्दश अग्रवाल, थारू जनजाति की बेटियां जया राना, आईसा, निराशा, दया त्रिवेदी सहित विभिन्न ब्लाकों के सदभावना के पदाधिकारियों व अन्य अतिथियों द्वारा बालिकाओं का उत्साहवर्द्धन किया गया।

## जनपद न्यायाधीश ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति सचेत रहने के लिए किया प्रेरित




**बाराबंकी।** राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोरी में बाल दिवस पर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे जनपद न्यायाधीश ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि शिक्षा वह ज्योति है जो उनके जीवन को तो उजाले से भरेगा ही उनके साथ साथ कई लोगों के जीवन को रोशन करेगा। शिक्षा सभी का बुनियादी हक है और शिक्षा के लिए प्रेरित करना हम सब का दायित्व है। इसके उपरान्त जनपद न्यायाधीश ने पेन, पेन्सिल, टाफी का वितरण किया। अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। संवासिनियों के बेहतर जीवन यापन के लिए एवं उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उनके अन्य स्टेक होल्डर्स सतत प्रयत्नशील है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, संप्रेक्षण गृह किशोरी के प्रभारी, कर्मचारी, पुलिस मौजूद रहे।

## ऋण वितरण शिविर 16 को

**बहराइच।** प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि 16 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोड़हिया नम्बर-1 में मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए विशेष ऋण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से किसान समृद्धि सह योजना के अन्तर्गत मछुआरों एवं मत्स्य पालकों, किसानो, उद्यमियों को ऋण सुविधा का लाभ प्रदान किया जायेगा साथ ही एन.एफ.डी.पी. पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान की जायेगी।

# बिहार में सरकार बनने पर भाजपा में जश्न



**बहराइच।** बिहार में एन डी ए को बहुमत मिलने के बाद प्रदेश के भाजपा कार्यकताओं व नेताओं में काफी खुशी देखने को मिल रही है। नगर में स्थित भाजपा कार्यालय पर आज दोपहर प्रदेश के महामंत्री संजय राय के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को जीत की बधाई दी।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री ने बिहार में एक बार फिर से सरकार बनने पर बिहार की जनता को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह से विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, राहुल गांधी व अखिलेश यादव देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे थे इन सभी को बिहार की जनता में जवाब दे दिया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे, सांसद आनंद गौड़, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, राजन सिंह, अमित शर्मा, हेमा निगम, अशोक गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा समेत अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परीक्षा पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कराये संपन्न: डॉ. बिजेंद्र

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षिक सुधार के संबंध में प्राचार्यों एवं प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में की गई।

● नैक मूल्यांकन प्रक्रिया को अवश्य अपनाएं महाविद्यालय: कुलसचिव

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि सभी महाविद्यालय परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संपन्न कराए। परीक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिस पर सबका विश्वास हो। शिक्षा के क्षेत्र में काफी परिवर्तन हो रहा है उसमें हम सभी को अपग्रेड करना होगा। इससे विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की छवि बढ़ेगी। पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था से शिक्षा में आवश्यक सुधार आएगा। विश्वविद्यालय परीक्षा के समय को कम करेगा जिससे छात्रों को पठन-पाठन का समय अधिक मिले। कुलपति ने महाविद्यालय को इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान कक्ष प्रयोगशाला, पुस्तकालय, पेयजल की सुविधा और उसका अनुरक्षण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा में सीसीटीवी वॉइस रिकॉर्डर युक्त कैमरे प्रयुक्त किए जाएं। साथ ही मानकों के अनुरूप अनुमोदन एवं निर्बाध पठन-पाठन की व्यवस्था महाविद्यालय सुनिश्चित करें। कुलपति ने एनईपी पाठ्यक्रम के अनुरूप रोजगारपरक शिक्षा व्यवस्था को अपनाने पर जोर दिया। छात्रों की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति पर कुलपति ने कहा कि सभी महाविद्यालय सुनिश्चित करें कि छात्र की कक्षा उपस्थिति अवश्य हो। अन्यथा उन छात्रों को परीक्षा में शामिल होने से वंचित कर दिया जाएगा। सभी महाविद्यालय कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था कर शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलाव के साथ आगे बढ़े। कुलपति ने सभी महाविद्यालय को सामुदायिक एवं सामाजिक भागीदारी में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में शीघ्र हेल्प डेस्क की स्थापना कराने को कहा। जिससे शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो सके। बैठक को संबोधित करते हुए कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता अनुसंधान और प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए महाविद्यालय नैक मूल्यांकन प्रक्रिया को अवश्य अपनाएं। इससे महाविद्यालयों की प्रतिष्ठा के साथ-साथ विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों को अनुदान एवं विशेष प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्र ने कहा कि एनईपी की मूल भावना शिक्षा व्यावसायिक एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बने। बैठक में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधकों से संवाद किया गया। समर्थ पोर्टल पर आ रही शिकायतों का समाधान रवि मालवीय ने किया।



## नायब तहसीलदार ने खमौली गोदाम पर की कार्यवाही, 30 बंडल पटाखे करवाये नष्ट



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम सरायबरई में बृहस्पतिवार को दोपहर 1 बजे लाइसेंस धारी खालिद अहमद के पटाखा फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से हुये ब्लास्ट के बाद प्रशासन सख्ती के साथ कार्यवाही कर रहा है। आज शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे ने पुलिस प्रशासन के साथ ग्राम खमौली स्थित खालिद अहमद के गोदाम में रखें लगभग 30 मंडल पटाखे को नष्ट करवाया। इस सम्बन्ध मे नायब तहसीलदार श्री पांडे ने बताया कि खमौली गांव में खालिद अहमद के गोदाम पर रखे लगभग 30 बंडल पटाखे को गड्ढे में गढ़वा का नष्ट करवा दिया गया है। तथा लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया जारी है।

## कक्षा 03 की छात्रा आराध्या गुप्ता बनी एक दिन की सीएमओ



**बहराइच।** महिला कल्याण एंव बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मिशन शक्तिह्य विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट) के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय नानपारा की कक्षा 03 की छात्रा आराध्या गुप्ता को सांकेतिक रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पदभार दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर छात्रा का स्वागत किया तथा अपनी कुर्सी पर बैठाकर कक्ष में मौजूद चिकित्साधिकारियों से छात्रा का औपचारिक परिचय कराते हुए सीएमओ के पदेन उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में महिला पी.जी. कॉलेज प्रबंध समिति की बैठक

**बहराइच।** महिला महाविद्यालय बहराइच के सभाकक्ष में आयोजित महाविद्यालय प्रबन्ध समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने प्राचार्य व शिक्षण स्टाफ से अपेक्षा की है कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को क्वालिटी बेस्ड शिक्षा प्रदान करें तथा उन्हें अन्य सामाजिक, कल्चरल व स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी बढ़ावा दें। बैठक के दौरान प्रस्तावित एजेण्डा पर विचार-विमर्श करते हुए डीएम ने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में डीएम द्वारा कार्मिक मद व अंशकालिक मद पर चर्चा की गयी। साथ ही महिला कालेज में तैनात कार्मिकों की संख्या के बारे में जानकारी ली। डीएम ने प्राचार्या को निर्देश दिया कि महिला पीजी कालेज की छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सोशल एक्टिविटी से भी जोड़ा जाय। साथ ही शिक्षक द्वारा उनको स्पोर्ट, बास्केटबाल, बैडमिन्टन इत्यादि के खेलों के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिये।इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्यामकरन टेकड़ीवाल, डीआईओएस सर्वदानन्द, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी, संतोष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, श्रवण कुमार शुक्ल, शिक्षिका डॉ सरिता यादव, मनीषा गुप्ता, रविकान्त कश्यप व राजेश पाल रावत सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



# शादी समारोह से चोरी हुई बाइक बरामद

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 2 नवंबर की है, जब इनायतनगर थाना क्षेत्र के परसावां गांव निवासी नंदकिशोर कुमारगंज क्षेत्र के पूरे जालिम सिंह धमथुवा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। उसी दौरान उनकी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूपी 42 एएन 2119 अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। नंदकिशोर ने स्वयं स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। अंततः 13 नवंबर को उन्होंने पुलिस को जानकारी दी कि संदेह के आधार पर ओमप्रकाश यादव पुत्र जीवन लाल यादव निवासी पूरे रामशरण का पुरवा पर चोरी का शक है। सूचना मिलते ही कुमारगंज थानाध्यक्ष ओमप्रकाश सक्रिय हो गए और उपनिरीक्षक आकिल हुसैन तथा हमराही सिपाहियों की टीम के साथ तुरंत जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की दोपहर करीब 11 बजे आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी टूट गया और उसने बाइक चोरी करने की बात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस टीम उसके घर पहुंची और वहां भूसे के भीतर छिपाकर रखी गई चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया। पुलिस ने वहीं तत्काल मोटरसाइकिल का सत्यापन करवाया और पुष्टि होने पर उसे कब्जे में ले लिया। इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश, उपनिरीक्षक आकिल हुसैन, कांस्टेबल उमेश गौतम और शशिकांत मिश्रा शामिल रहे।



## एसपी ने परेड की सलामी ली



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों सहित प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षीगण सम्मिलित हुए। महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, आरटीसी/आदर्श मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। आरटीसी बैरक, मेस, आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया गया। तत्पश्चात, पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों की जांच करते हुए गार्द की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परेड में क्षेत्राधिकारी कैसरगंज श्री रवि खोखर, प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह सहित प्रभारी आरटीसी आदि अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे

# स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर डीएम हुए सख्त, 71 अवैध अस्पताल हुए सीज



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध रुप से संचालित अस्पतालो व डायग्नोस्टिक सेन्टरो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से अप्रैल से लेकर नवंबर माह तक लगातार की गई जांच में कुल 77 फर्जी व बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल, पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटरों को सील कर दियाा।

● अवैध अस्पताल, फर्जी लैब्स, झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ चला विशेष अभियान

जांच के दौरान कई जगह बिना रजिस्ट्रेशन, बिना विशेषज्ञ डॉक्टर और बिना लाइसेंस के गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा था। कुछ केंद्रों पर पुराने, एक्सपायर या अवैध दवाइयों का भी इस्तेमाल व कई पैथोलॉजी लैब बिना प्रशिक्षित तकनीशियनों के संचालित मिलीं। डीएम शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर देवा, फतेहपुर बेलहरा, रानीबाजार, सूरतगंज, हैदरगढ़, दरियाबाद, त्रिवेदीगंज, जैदपुर, सिद्धौर, टिकैतनगर, आलापुर, सुबेहा, इचैली रोड, निन्दूरा, महमूदाबाद, बिबियापुर, भानपुर कोठी सहित अन्य क्षेत्रों में संचालित 71 फर्जी अस्पताल, क्लीनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर सील कर दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अवैध अस्पतालों, फर्जी लैब्स और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# बिहार जीत के बाद अयोध्या में भाजपा का विजय उत्सव

**अयोध्या।** बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद अयोध्या में जश्न का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और शुभकामनाओं के साथ विजय उल्लास में डूबे नजर आए। सर्किट हाउस में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और जिलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकताओं ने पहुंचकर पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, बिहार की जीत यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है और जनता विकास की राजनीति का समर्थन कर रही है। यह केवल चुनावी जीत नहीं, जनभावना की विजय है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, भाजपा विचारधारा, संगठन और समर्पण की पार्टी है। बिहार की जनता ने एक बार फिर राष्ट्रवाद और विकास के एजेंडे पर भरोसा जताया है। यह परिणाम ऐतिहासिक है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा, इस चुनाव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब जाति और परिवारवादी राजनीति को स्वीकार नहीं करती। बिहार का यह जनादेश भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा, यह जीत भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का परिणाम है। बिहार की जनता ने देशहित में निर्णय लिया है। शहर के कई क्षेत्रों में कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय रैली भी निकाली। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ह्यखब्बूह्न ने अपने आवास पर जश्न मनाया। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ह्यखब्बूह्न ने कहा, बिहार के जनादेश ने विपक्ष की राजनीति को आईना दिखाया है। अब देश एक ही आवाज में कह रहा हैकृहमारे लिए विकास, सुरक्षा और राष्ट्र सर्वोपरि है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह ह्यरोहितह्न ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली यह ऐतिहासिक जीत राष्ट्रवादी विचारधारा और विकास की राजनीति की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। मौके पर अभिषेक मिश्र, करूणाकर पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने स्टेट बैंक तिराहे पर ढोल नगाडो की धुन पर कार्यकताओं संग मिठाई बांटी। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यह जीत देश की दिशा और दशा बदलने वाले नेतृत्व में जनता के विश्वास की मुहर है। कार्यकताओं की मेहनत रंग लाई है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय ह्यबादलह्न ने कहा, यह परिणाम कार्यकताओं की तपस्या और भाजपा नेतृत्व की दूरदर्शिता का प्रमाण है। आने वाला समय और बड़ी जीतों का होगा। मौके पर स्वामी परमानंद मिश्र, रघुनंदन चैरसिया, राम मोहन भारती, व्यापारी नेता शिवम्ष शुक्ला, राष्टीय खिलाडी रवि प्रकाश मिश्र सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। रोडवेज पर जिला पंचायत सदस्य इंद्र भान सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने राहगीरों को मिठाई खिला कर जीत का जश्न मनाया। पूराबाजार ब्लॉक मुख्यालय पर भाजपा कार्यकताओं ने भी बिहार विजय पर उल्लास व्यक्त किया। इस दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कार्यकताओं के साथ लड्डू बांटकर एवं शुभकामनाएँ देकर जीत का जश्न मनाया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, ह्रबिहार की यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की जीत है।

जनता ने फिर सिद्ध कर दिया है कि वह जातिवाद, दुष्प्रचार और नकारात्मक राजनीति को अस्वीकार करती है और राष्ट्रहित, विकास और सुशासन को प्राथमिकता देती है। मौके पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पं. नेहरू ने धर्मनिर्पेक्ष राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में दिया दूरदर्शिता का परिचय-तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** पं0 जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक और धर्मनिर्पेक्ष राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अपनी दूरदर्शिता का परिचय दिया। नेहरू जी के पिता का नाम मोती लाल नेहरू था। वह एक प्रसिद्ध बैरिस्टर और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता थे उनकी माता का नाम स्वरूप रानी था। नेहरू जी आधुनिक भारत में उनके योगदान में भारत को एक नई पहचान मिली। उक्त उद्गार ओबरी आवास मे प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहरलाल नेहरु की जंयती पर आयोजित कार्यक्रम मे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने व्यक्त किये। पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने कहा कि स्वतन्त्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जी थे। 14 नवम्बर को बालदिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, के0सी0 श्रीवास्तव, राजेन्द्र वर्मा, मो0 इरफान कुरैशी, राम हरख रावत, अजीत वर्मा, पिंकी पाठक, पंकज यादव, मो0 जीशान, रमेश कश्यप, अकील इदरीसी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## बीडीओ ने शुरू किया जन-जागरूकता अभियान



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। किसानों को डिजिटल पहचान दिलाने और उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कूरेभार ब्लॉक प्रशासन ने बड़ा जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को बीडीओ श्री कांत तिवारी ने ब्लॉक मुख्यालय से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गांवों की ओर रवाना किया। बीडीओ ने कहा कि किसानों के लिए फॉर्मर रजिस्ट्रेशन अत्यंत जरूरी है, क्योंकि इसके माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सकेगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों और ब्लॉक कर्मियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर सहयोग की अपील की।बीडीओ ने बताया कि किसान अपने नजदीकी पंचायत भवन, कृषि विभाग कार्यालय और जनसेवा केंद्र पर जाकर अपना फॉर्मर रजिस्ट्रेशन कराएं, जिससे भविष्य में किसी भी योजना का लाभ लेते समय परेशानी न हो।

## अनंत वर्मा को मिला प्रथम पहला स्थान

सुलतानपुर (वीओएल)। बाल दिवस पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में एसके प्रेसिडेंसी पब्लिक स्कूल के छात्र अनंत वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर द्वारा किया गया, जिसमें जिले के 37 विद्यालयों के 100 विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक सुलतानपुर, जटा शंकर यादव ने छात्रों को विज्ञान की चुनौतियों और नई तकनीकी के बारे में मार्गदर्शन दिया। निर्णायक दल में एनआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वरुण सोनकर और डॉ. संजय कुमार ने उत्कृष्ट मॉडल प्रदर्शनों के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर अभिषेक द्विवेदी (एनआईसी करौंदिया) और तृतीय स्थान पर शिवांग चतुवेर्दी (एनआईसी लाल डिग्गी) रहे। समारोह के संयोजक डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को सफल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र चतुवेर्दी और सहयोग राय साहब यादव ने किया, और इस अवसर पर शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

## 50 आपदा मित्र स्वयंसेवक 12 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए हुए रवाना

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले में आपदा प्रबंधन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आपदा मित्र परियोजना के तहत 50 स्वयंसेवकों को 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय, लखनऊ रवाना किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से अपर जिलाधिकारी (वि/रा) राकेश सिंह ने स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित टीम का होना किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक है।

# चाचा नेहरू की जयंती पर लगा बाल मेला

## स्टॉल लगाने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित



रायबरेली। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर डीह क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में बाल मेले का आयोजन कराया गया। बाल मेला में विद्यालय के बच्चों द्वारा स्टॉल पर जिसमें गुब्बारे, नमकीन ,मूंगफली, मीठा ,कुरकुरे, गुलईया सहित अन्य सामग्री लगाकर बिक्री की गई। सम्पन्न हुए खेलकूद में बच्चों ने खूब लुफ्त उठाये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुषील कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को बच्चों के उत्साह बढ़ाने के लिए बाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर षिक्षक आरबी सिंह द्वारा पंडित नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में बच्चों को बताया गया। कार्यक्रम का संचालन कुनाल यादव एवं धन्यवाद अनुराधा कुमारी षर्मा के द्वारा सभी के प्रति व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 की पलक व महिमा, कक्षा4 की अनन्या तथा कक्षा 5 की जान्हवी व दीपक की ड्राइंग अच्छी रहने पर पुरस्कृत किया गया। वहीं कक्षा 4 और 5 के बच्चों के बीच ह्यटग आफ वारह्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद जलेबी दौड का आयोजन किया गया। जलेबी दौड में बच्चों ने खूब मजे लिए। जलेबी दौड का आयोजन प्रतिभा सिंह एवं अनुराधा ने किया। इस अवसर पर सभी बच्चों को पेन, पेन्सिल, रबर आदि दिए गये। वहीं परशदेपुर रायबरेली। परशदेपुर व नसीराबाद क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शुक्रवार को बाल दिवस का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और सांस्कृतिक माहौल में मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, जिनमें बाबा रामदास इंटर कॉलेज, डीपीएस पब्लिक स्कूल पूरे सोमवंशी मजरे लहेंगा, एन एच पब्लिक स्कूल परशदेपुर, लिटिल एंजिल्स पब्लिक स्कूल परशदेपुर आदि विद्यालयों में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने ह्यचाचा नेहरूह्य को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व, राष्ट्रनिर्माण में योगदान और बच्चों के प्रति उनके स्नेह को स्मरण किया। डीह विकास खंड के मधुकरपुर स्थित बाबा राम दास कॉलेज में बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें जूनियर तथा सीनियर खिलाड़ियो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कबड्डी,शतरंज, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, हिन्दी स्पीच, इंग्लिश स्पीच, तथा क्राफ्ट जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रत्येक खेल में प्रतिभागियों ने शारीरिक कौशल, एकाग्रता, एकता, धैर्य, टीम भावना, योजना, रणनीति, तर्क करने की शक्ति, बेहतर मैनेजमेंट और एकजुटता का प्रमाण दिया। विद्यालय में बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए।

# चेकिंग में 749 चालान, 107 वाहन सीज

## 1600 छात्रों को किया गया जागरूक



रायबरेली। यातायात माह के अवसर पर रायबरेली पुलिस ने शासन के आदेशों के क्रम में बिना नंबर प्लेट और फॉल्टी नंबर प्लेट वाले डंपर-ट्रक वाहनों के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रवर्तन अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी यातायात के परिवेक्षण में प्रभारी यातायात निरीक्षक इंदरपाल सिंह सेंगर की अगुवाई वाली टीम ने शहर के प्रमुख चैराहों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान कुल 232 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 73 वाहनों का चालान किया गया और 107 वाहनों को सीज कर संबंधित थानों में दाखिल किया गया। अभियान के तहत त्रिपुला चैराहा, रतापुर चैराहा, सारस तिराहा, सिविल लाइन चैराहा, डिग्री कॉलेज चैराहा, लालगंज तिराहा, चैराहा, बस स्टॉप चैराहा आदि स्थानों पर विशेष टीमें तैनात की गईं। इन चैराहों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट (एमवी एक्ट) के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान फॉल्टी नंबर प्लेट, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना सीट बेल्ट, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, नो पार्किंग जोन में पार्किंग, बिना हेलमेट और अन्य उल्लंघनों पर फोकस रहा।

इसके अलावा अभियान में 107 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई, जो मुख्य रूप से बिना नंबर प्लेट या फॉल्टी प्लेट वाले डंपर-ट्रक थे। ये वाहन संबंधित थानों में जमा कराए गए और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। प्रवर्तन के साथ-साथ यातायात पुलिस ने जनजागरूकता पर भी जोर दिया। गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी की उपस्थिति में लगभग 1600 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क संकेतों, सड़क चिह्नों, राहगीर योजना (गुड समरिटन) और मूक-बधिर चालकों के प्रतीक चिह्नों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## बाल दिवस पर शिक्षण संस्थान में हुआ आयोजन



अमेठी । जनपद के जगदीशपुर ब्लॉक क्षेत्र के वलीपुर स्थित गुरुदयाल रामपती शिक्षण संस्थान में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन एवं बाल दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य एवं मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल मिश्रा ने किया, अतिथियों का स्वागत विद्यालय के अध्यक्ष शिवप्रसाद मौर्य व प्रबंधक अमरजीत मौर्य ने अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर किया। बाल दिवस के इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं तथा दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों के उत्साह, प्रतिभा और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, पूर्व विधायक राधेश्याम कन्नौजिया, तथा पूर्व ग्राम प्रधान राजेश प्रताप शुक्ला, वर्तमान ग्राम प्रधान अजय कुमार यादव, नन्दलाल चौहान, बी डी सी प्रशांत चौरसिया, शिक्षक तिलकराम, पंकज पाण्डेय, करुणेश प्रताप सिंह, नीतू मौर्या, आरती मौर्या, प्रीती पाल आदि मौजूद रहे।

## 53 राइस मिलर सरकारी धान लेने से किया इनकार

गौरीगंज, अमेठी। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जहां किसानों के धान का उचित मूल्य देने के लिए जनपद के सभी केन्द्रों पर धान खरीद के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों का धान क्रय केन्द्रो पर खरीदा जाय इसके लिए केन्द्र बनाये गये है लेकिन अमेठी जनपद में एफ आर के चावल आपूर्ति न होने से सरकारी धान लेने से राइस मिलर इंकार कर रहे हैं। बताते चलें कि जनपद में कुल 99 क्रय केंद्र खोले गए है जहां 90 क्रय केंद्रों पर धान खरीद चालू हो गई है जनपद में कुल 2428 टन 438 किसानों से धान की खरीद की गई है जो 1.77 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष है। जनपद में 53 राइस मिलो पर सरकारी धान खरीद कर भेजा जाता है लेकिन एफ आर के चावल की आपूर्ति न होने से सरकारी क्रय केंद्रों का धान लेने से इंकार कर दिया है जिसका असर क्रय केंद्रों पर पड़ सकता है क्योंकि तमाम ऐसे केन्द्र है जहां पर 100-200 कुंतल धान रखने व्यवस्था नहीं है ऐसे में धान खरीद भी प्रभावित हो सकती है। बताते चलें कि एफ आर के चावल में आयरन, विटामिन, फ्लोक्एसिड सहित अन्य तत्व पायें जाते हैं जो चावल की गुणवत्ता में सहायक होता है। इस सम्बन्ध में जिला विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि उक्त मामले शासन से वार्ता चल रही है जल्द ही इसका निराकरण हो जायेगा।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

अमेठी । जिले के इन्हौना थाना क्षेत्र स्थित अहोरवाभवानी मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही दो कार सवार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की भनक लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को सिंहपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार दुर्घटना के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार पेड़ से जा भिड़ी। सूचना मिलते ही इन्हौना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रारंभिक तौर पर मान रही है कि हादसा तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन संचालन के कारण हुआ है, हालांकि अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है।

## आज के बच्चे कल के भविष्य है: प्रदीप सिंघल




अमेठी । शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर बाल दिवस बड़ी उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और बच्चों के प्रिय ह्यचाचा नेहरू को स्मरण करते हुए कहा कि भारत के भविष्य का निर्माण बच्चों की मजबूत नींव पर ही निर्भर करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि नेहरू जी का बच्चों के प्रति गहरा स्नेह और चिंता उनके विचारों में साफ झलकता था। उन्होंने नेहरू जी के प्रेरणादायक स्लोगन आज के बच्चे, कल का भविष्य हैं को दोहराते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

महिला कांग्रेस और युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि नेहरू जी का संदेश बच्चों को प्यार दो, बच्चों से प्यार सीखो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे के लिए समान अवसर और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया और बाल कल्याण को प्राथमिकता देते हुए जनसेवा जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं कार्यकताओं सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डाकविभाग की निदेशक ने किया विभिन्न योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण



सुलतानपुर (वीओएल)। प्रीति अग्रवाल, प्रयागराज रीजन की निदेशक ने सुलतानपुर जनपद का एक दिवसीय दौरा किया और डाकविभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए डाक विभाग के कर्मचारियों को सराहा और उन्हें सम्मानित किया। निदेशक ने विशेष रूप से महालॉगिन-डे के तहत डाक जीवन बीमा और सुकन्या समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार में जुटे कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने डाक अधीक्षक राजेश कुमार तिवारी और उनकी टीम को योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए बधाई दी। प्रीति अग्रवाल ने यह भी बताया कि उनके नेतृत्व में डाकविभाग ने केंद्र सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सहायक डाक अधीक्षक मनोज यादव के कुशल संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में संयुक्त जनपद अमेठी-सुलतानपुर के सहायक डाक अधीक्षक पवन कुमार, निरीक्षक शैलेश शर्मा, आनंद कुमार, पवन त्रिपाठी और दोनों जनपदों के पोस्टमास्टर सुरेंद्र चैबे, रामआसरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम कर्मचारियों को प्रेरित करने और उनके प्रयासों को मान्यता देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## राणा प्रताप महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने कालेज की खिलाड़ी प्रतिनिधि ज्योति सिंह को मशाल सौंपकर उद्घाटन किया। पहले दिन पुरुष व महिला वर्ग के विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

चार सौ मीटर दौड़ में प्रभात, मानसी यादव, नसीमुद्दीन और कोमल ने क्रमशः शीर्ष स्थान हासिल किया। भाला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, और गोला फेंक में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पुरुष वर्ग में अनिल कुमार और अभिषेक पाण्डेय ने अपने-अपने खेल में सर्वोच्च प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में प्रतीक्षा यादव, चंद्रिका और कोमल ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। समापन समारोह शनिवार को होगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में बाल दिवस पर याद किए गये चाचा नेहरू

- बाल मेले सहित गीत, नृत्य व अन्य प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन
- बच्चों ने मेले के स्टॉलों पर व्यंजनों का उठाया लुफ्त, की खरीदारी



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री प. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने आये हुए अतिथियों सहित प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति और शिक्षकों के साथ विद्यालय प्रांगण में आयोजित भव्य बाल मेले का उद्घाटन किया और नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। श्री शर्मा ने मेले का अवलोकन किया और कुछ स्टॉलों से खरीदारी भी की। कार्यक्रम में गीत और नृत्य के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उनके प्रतिभागियों को संस्थापक-प्रबंधक और अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही स्टॉल विनर, रनर, बेस्ट एंटरटेनर और लकी ड्रॉ के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। संस्थापक-प्रबंधक श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि चाचा नेहरू की जयंती बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज का दिन बच्चों की खुशियों, अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बाल मेले में बच्चों की रचनात्मकता, प्रतिभा और उत्साह को एक मंच देने के प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों में बच्चों ने अपने कौशल, नवाचार और टीमवर्क की शानदार प्रस्तुति दी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, सीखने की नई प्रेरणा मिलती है और उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। विजेताओं में जूनियर विंग से गायन प्रतियोगिता में अविरल श्रीवास्तव प्रथम और देवेश शर्मा द्वितीय वहीं सीनियर विंग में श्रेया दीक्षित और अपर्णा मिश्रा प्रथम एवं आस्था सिंह द्वितीय रही। जूनियर विंग नृत्य प्रतियोगिता में सौभाग्य मणि और मानस ऋषि श्रीवास्तव ने द्वितीय और मन्नत मिश्रा ने प्रथम वहीं सीनियर विंग में एंजल पटेल प्रथम और वर्तिका सिंह द्वितीय रही। इसके अलावा लकी ड्रा विजेताओं में आयुषी को प्रथम पुरस्कार के रूप में साइकल, वीर को द्वितीय पुरस्कार म्यूजिक सिस्टम और तृतीय पुरस्कार के रूप में ऋषिका सिंह को ट्राली बैग दिया गया। इस अवसर पर उप-प्रधानचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह, ऋतुराज श्रीवास्तव, कामरान, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके चित्र पर पुश्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

स्कूल टीचर प्रदीप शर्मा ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने देश को विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए आजादी के बाद जो कार्य किए वे देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। आजाद भारत की बागडोर इन्होंने ही अपने हाथों में सबसे पहले ली थी।

# थाना हरचन्दपुर का त्रैमासिक निरीक्षण



रायबरेली। क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को थाना हरचन्दपुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के संपूर्ण परिसर की सूक्ष्मता से जांच की और पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशीलता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य थाने की कार्यप्रणाली को और अधिक कुशल, पारदर्शी तथा जनहितैषी बनाना रहा। निरीक्षण के क्रम में क्षेत्राधिकारी ने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया। इसमें मालखाना, हवालात, आगन्तुक रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरा कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष और महिला सहायता डेस्क शामिल थे। थाने की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर को हमेशा स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए, ताकि आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया गया। श्री कुमार ने कहा कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाना चाहिए, क्योंकि इससे जनता का पुलिस पर विश्वास कम होता है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक, सहायक कर्मचारी और अन्य पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी ने व्यवहार में सुधार लाने की सलाह दी। ।इसके अलावा, क्षेत्राधिकारी ने थाना स्तर पर महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश जारी किए गए। क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु चेकिंग अभियान को तेज करने और गश्त की संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया।

# सरकारी सुविधाओं के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य: एसडीएम



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। फॉर्मर रजिस्ट्री की धीमी गति पर जयसिंहपुर एसडीएम ने पंचायत सचिवालय, जन सेवा केंद्रों व धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जन सेवा केंद्र संचालकों को फॉर्मर रजिस्ट्री का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। तहसील क्षेत्र के गांवों में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान का एसडीएम प्रभात कुमार सिंह ने शुक्रवार को मोतिगरपुर कस्बे में स्थित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर), बढ़ौनाडीह धान क्रय केंद्र व पंचायत भवन डींगुरपुर बनकेगांव का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएससी संचालकों को कहा कि अगर इस कार्य में किसी ने भी लापरवाही बरती या फिर रजिस्ट्री करने से इनकार किया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फसल बीमा, आपदा राहत, बीज, खाद, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, बैंक लोन और किसान क्रेडिट कार्ड आदि अन्य सुविधाओं के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य बताया। एसडीएम द्वारा पारसपट्टी स्थित धान क्रय केंद्र बढ़ौनाडीह पर औचक निरीक्षण के दौरान मशीन खराब पाई गयी। जिसे जल्द बनवाकर तौल शुरू करने के निर्देश दिया गया। डींगुरपुर बनकेगांव पंचायत सचिवालय पर कैम्प में प्रधान रणजीत वर्मा, लेखपाल लाल बहादुर श्रीवास्तव, सफाईकर्मी घनश्याम, सुरेश मौजूद रहे।

# बाल दिवस पर बच्चों ने लगाई ज्ञान-मस्ती की दुकानें, मेले में उमड़ी रौनक

कूरेभार, सुलतानपुर। बाल दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय धनजई प्रथम में उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार की दुकानों के रूप में छोटा मेला सजाया, जिसमें खेल-खिलौने, शैक्षणिक मॉडल, हस्तनिर्मित सामग्री और खाने-पीने की वस्तुओं की आकर्षक झलक देखने को मिली। बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह को देखकर शिक्षक-अभिभावक सभी ने उनकी सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत स्टाफ द्वारा बाल दिवस केक काटकर की गई। इसके बाद बच्चों ने अपनी-अपनी दुकानों पर गतिविधियां शुरू कीं, जिनका सभी ने आनंद लिया। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सहभागिता बढ़ाना रहा, जिसमें विद्यालय ने सफलता हासिल की। इस दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक वंदना सिंह, सहायक अध्यापक सुमन वर्मा, शिक्षा मित्र श्रद्धा पाठक, शिवशंकर सिंह और रामफेर वर्मा सहित सभी बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसी क्रम में मॉडल प्राथमिक स्कूल कूरेभार प्रथम पर नौनिहालों ने मानसिक गतिविधियों से जुड़े अनोखे तरह के खेल से सबको आश्चर्य में डाल दिया। यहां बाल मेले में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका अंजना तिवारी, नीलम यादव, भावना, नीरज त्रिपाठी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# बाल दिवस पर नर्सिंग छात्रों ने लगाया आकर्षक फूड स्टॉल

## केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय में मनाया गया बाल दिवस




**सुलतानपुर (वीओएल)।** बाल दिवस के अवसर पर केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय में शुक्रवार को हर्षोल्लास और उत्साह से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नर्सिंग संकाय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल लगाए गए, जिनमें फुल्की, दही-बड़ा, बड़ा पाव, चाऊमीन, दही-जलेबी सहित कई स्वादिष्ट व्यंजन विशेष आकर्षण का केंद्र बने।

बच्चों ने अपने-अपने स्टॉल को न सिर्फ आकर्षक तरीके से सजाया, बल्कि पूरी जिम्मेदारी और उत्साह के साथ उसकी व्यवस्था भी संभाली। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद स्टॉलों का उद्घाटन संस्थान के डायरेक्टर डॉ. महेश प्रसाद ने किया। उन्होंने बच्चों द्वारा दिखाई गई रचनात्मकता और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में प्रबंधन कौशल, टीम वर्क और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं। संस्थान के प्रशासक राजेश दूबे ने भी स्टॉलों का निरीक्षण किया और छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बाल दिवस सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि सीख और अनुभव का माध्यम भी है। वहीं नर्सिंग संकाय की प्राचार्य रजनी नगपुरे ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में संकाय के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों के साथ मिलकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। पूरे आयोजन के दौरान परिसर में उत्साह, रौनक और मिठास का माहौल छाया रहा। इस मौके पर सुरभि सिंह, चन्द्रावती दूबे, श्रद्धा लक्षकार, प्रांजलि, संयोगिता श्रीवास्तव, आरती मौर्या, रिचा सिंह, खुशबू मौर्या, दिव्यांशी शुक्ला, राहुल कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## आगरा सेंट्रल जेल में हाई अलर्ट

**आगरा।** दिल्ली में धमाके के बाद जेल में बंद पाकिस्तानी बंदियों पर सख्ती कर दी गई है। उन पर त्रिस्तरीय कैमरों से नजर रखी जा रही है। इतना ही नहीं बैरक से निकलने का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। दिल्ली में कार धमाके की आतंकी घटना के बाद आगरा में भी हाई अलर्ट है। केंद्रीय कारागार की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां पर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के 28 आतंकी और जम्मू-कश्मीर के 22 नागरिक निरुद्ध हैं। कैमरों से त्रिस्तरीय निगरानी की जा रही है। वहीं अब उनके हाई सिक्योरिटी बैरक से बाहर आने का समय भी घटा दिया गया है। पीएसए के तहत अक्तूबर 2021 में जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ पाकिस्तानी और पीओके के आतंकियों को केंद्रीय कारागार में भेजा गया था।

कई खेप में 100 से अधिक बंदी आए थे। बाद में उन्हें अलग-अलग जेलों में शिफ्ट कर दिया गया था। वर्तमान में 50 ही बचे हैं। बंदियों को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। साथ ही केंद्रीय कारागार की तरफ आने वाले रास्तों पर पुलिस के साथ पीएसी भी लगी है।

# राजकीय शिशु सदन में बाल दिवस समारोह आयोजित

जिला संवाददाता



**मथुरा।** उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद के दिशा-निर्देश एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ह्लतरंगह्व पहल के अंतर्गत राजकीय शिशु सदन, मथुरा में बाल दिवस का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश विकास कुमार के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**● न्यायाधीश ने दीप प्रज्जवलित करके किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

सुरेन्द्र प्रसाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड गौरव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास कुमार, सदनों के अधीक्षक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

बच्चों ने इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किए, जिनसे वातावरण में उत्साह और राष्ट्रीय भावनाओं की ऊर्जा भर गई। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा किए गए हैरतअंगेज कलाबाजी के प्रदर्शन ने उपस्थित अतिथियों को प्रभावित किया और सभा स्थल में तालियों की गूंज भर गई। बाल दिवस के आयोजन पर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने बच्चों को बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व एवं इसके उद्देश्य के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बाल अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा तथा उनके समग्र विकास पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रेरणादायक संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न गतिविधियों, देशभक्ति गीतों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं उनके समग्र विकास पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। ह्लतरंगह्व पहल के अंतर्गत बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएँ और सहभागिता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों को उपहार एवं प्रोत्साहन सामग्री वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी विकास कुमार ने सभी माननीय अतिथियों, अधिकारियों तथा कार्यक्रम से जुड़े सहयोगी सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ह्लतरंगह्व पहल के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सभी की सहभागिता और बच्चों के उत्साह के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक और गरिमामय समापन हुआ।

## बाल दिवस के अवसर पर जिला कारागार में हुई निबन्ध प्रतियोगिता



**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा पर आज बाल दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निदेर्शानुपालन में बंदियों के मध्य एक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। निबन्ध लेखन संबंधित विषय में अपनी अभिव्यक्ति का एक अच्छा माध्यम है। निबंध लेखन को अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम मानते हुए, प्रतियोगिता के लिए कई महत्वपूर्ण विषय निर्धारित किए गए थे। इनमें ह्लकारागार एक सुधारात्मक गृहह्व, ह्लभारतीय न्याय व्यवस्थाह्व, ह्लकारागार बंदी जीवनह्व और ह्लबाल दिवस पंडित जवाहरलाल नेहरूह्व शामिल थे। प्रतिभागियों को इनमें से किसी एक विषय पर निबंध लिखने का विकल्प दिया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 85 पुरुष और 7 महिला बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षा अध्यापक सुलेंद्र चैधरी ने प्रतियोगिता के प्रपत्र तैयार किए थे। निबंध 100 अंकों का था और इसे पूरा करने के लिए एक घंटे का समय निर्धारित किया गया था। आयोजन उपकारपाल दुर्गेश प्रताप सिंह और शिक्षा अध्यापक की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर, पुरुष और महिला दोनों वर्गों से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बंदियों को पुरस्कृत किया गया। जेल प्रशासन ने बताया कि इस तरह के आयोजन बंदियों के व्यक्तित्व विकास और उनमें सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## एडीजी आगरा जोन ने साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** पुलिस लाइन सभागार में मिशन शक्ति 0.5 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यशाला में एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और डीआईजी आगरा रेंज शैलेश कुमार पांडे मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे, जबकि जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे सभी अतिथियों ने बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर नवयुवक पीढ़ी को जागरूक किया इस अवसर पर बोलते हुए एडीजी आगरा जॉन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आधुनिक समय में जिस तरह से साइबर क्राइम बढ़ रहा है उससे जरूरी हो गया है कि हम सब ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करें जो नवयुवक नवयुवतियों को साइबर क्राइम से सचेत करें और उत्तर प्रदेश में खासकर सरकार द्वारा इस दिशा में अनेकों क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैं , जो आम इंसान को साइबर क्राइम के प्रति सचेत करते हुए उनको सुरक्षित भी करेगा इस अवसर पर डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने कहा कि हमने आगरा परिक्षेत्र में साइबर क्राइम को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए हैं हमने आगरा परिक्षेत्र के 157 साइबर अपराधियों को जेल भेजा है, साथ ही महिला साइबर अपराध के तहत 52 अपराधियों को जेल भेजा है साइबर थाना और साइबर हेल्प डेस्क आगरा परीक्षेत्र के सभी जगह क्रियाशील है इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी बढ़ते साइबर अपराध को लेकर सचेत रहने की बात कही अभी हाल ही में हमने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के क्षेत्र में 6 महिलाओं को गिरफ्तार किया है, इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण का लखनऊ से लाइव साइबर क्राइम और अवेयरनेस के बारे में देखा और सुना गया, इस अवसर पर साइबर क्राइम एक्सपर्ट रक्षित टंडन भी मौजूद रहें।

# संत प्रेमानंद ने किए हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि के दर्शन



**मथुरा।** ब्रज के रसिक संत प्रेमानंद महाराज के दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। संत प्रेमानंद महाराज वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमिह्ल हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिरह्व बाद ग्राम पहुंचे। जैसे ही प्रेमानंद महाराज के बाद ग्राम पहुंचने की सूचना फैली, हजारों

**● हजारों की संख्या में उमड़ा भक्तों का सैलाब**

भक्तजन उनके दर्शनों के लिए एकत्रित हो गए। भक्तों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। संत प्रेमानंद महाराज ने हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में प्रणाम किया और श्रीजी के चरणों में बैठकर राधा नाम संकीर्तन किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महाराज ने जन्मभूमि परिसर में स्थित ह्लतारा महलह्व में दर्शन किए और अष्ट सखियों को भी राधा नाम संकीर्तन कर रिझाया। इस दौरान संत प्रेमानंद महाराज भावविभोर नजर आए। राधावल्लभ संप्रदाय के संप्रदायाचार्य हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में दर्शन को संत प्रेमानंद महाराज ने हर भक्त के लिए परम सौभाग्य का विषय बताया। उन्होंने कहा कि हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में ह्लसेवक वाणीह्व पाठ करने के बाद ही ऐसी अहेतु की कृपा हुई कि राधावल्लभ लाल के रंग में रंग गए। यह कृपा ही है जो देश ही नहीं, दुनियाभर में राधा नाम की ध्वजा पताका लहराए हुए है। इस अवसर पर चारों ओर राधा नाम संकीर्तन गूंज रहा था, जिसने एक अद्भुत भक्तिमय माहौल बना दिया। इस मौके पर बड़ा रासमण्डल के महामंडलेश्वर महंत लाड़िली शरण महाराज, हिताचार्य पीठ के महंत दम्पति शरण महाराज, श्रीजी मंदिर बाद ग्राम के मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह तरकर सहित हजारों की संख्या में साधु-संत व भक्तजन उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण-जन्मभूमि के दर्शन कर अभिभूत हुए विनय कटियार



**मथुरा।** हिन्दूवादी नेता एवं पूर्व सांसद विनय कटियार ने शुक्रवार 14 नवम्बर को पूर्वान्ह समय लगभग 11:30 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किये।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने हिन्दूवादी नेता एवं पूर्व सांसद विनय कटियार का स्वागत प्रसादी-पटुका ओढ़ाकर किया ।सर्वप्रथम विनय कटियार ने भागवत भवन मंदिर में श्रीराधाकृष्ण जी युगल सरकार के दर्शन कर पुष्पार्चन किया तदोपरान्त मंदिर पूजाचार्यों द्वारा विनय कटियार जी को प्रसादी स्वरूप पगड़ी, पटुका एवं लड्डुओं का प्रसाद प्रदान किया गया। इसके पश्चात श्री कटियार जी द्वारा श्रीगर्भ गृहजी मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन से अभिभूत श्रीकटियार ने जन्मस्थान की व्यवस्थाओं एवं रख-रखाव की प्रशंसा की।

इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय शारीरिक प्रशिक्षण प्रमुख नरेश, विभाग संपर्क प्रमुख मनीष एवं संत गंगाधर महाराज ने भी विधिवत भगवान के दर्शन, पूजन-अर्चन किया।

## बच्ची की संदिग्ध हालत में मौत, जांच शुरू

**आगरा।** फतेहाबाद के गांव कसियाई में डेढ़ माह की एक बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्ची के मायके पक्ष ने उसके पिता पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कसियाई गांव निवासी रामजीलाल पुत्र मानिकचंद्र पर उसके ससुराल पक्ष ने अपनी डेढ़ माह की बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। इस मामले की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर अपराध राजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस को दिए बयान में रामजीलाल ने बताया कि उसकी पत्नी ज्ञान देवी दीपावली के दिन बेटी के जन्म के बाद से ही अपने मायके गांव बांस कबीस ( डौकी ) में रह रही है और अब तक वापस नहीं लौटी है। रामजीलाल के अनुसार बच्ची बीमार थी, जिसे वह इलाज के लिए फतेहाबाद ले गया था। रामजीलाल ने आगे बताया कि बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टर मुकेश बघेल के यहां ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत की सूचना मिलते ही मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## चोरी का ई रिक्शा 12 मोबाइल बरामद, 4 अभियुक्त गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम ने चार अभियुक्तों को चोरी के ई-रिक्शा व चोरी के 12 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया है ।दिनांक 30.10.2025 को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसके घर के बाहर खडा ई-रिक्शा चोरी कर लिया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रामगढ पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया, शुक्रवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नगला गूलरिया कच्चा रास्ता से चार अभियुक्तगण मोमीन पुत्र अलिया उर्फ अली हुसैन, आरिफ उर्फ टिक्कुल पुत्र गफूर, समीर पुत्र बबलू एवं मोहसिम उर्फ नंगा पुत्र बाबू खान को संबंधित मुकदमे में एक चोरी के ई-रिक्शा व 12 चोरी के मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया ।थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## कमलानगर में युवती से छेड़छाड़

**आगरा।** ताजनगरी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कमलानगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवती से छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। आरोप है कि इलाके में स्थित ओम गेस्टके मालिक गौरव पुरोहित ने शराब के नशे में एक युवती के साथ क्लिनिक के बाहर बदसलूकी की। विरोध करने पर उसने युवती का टॉप फाड़ने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक युवती किसी कार्य से कमलानगर स्थित एक निजी क्लिनिक पर आई थी। तभी पास ही स्थित ह्यओम गेस्टह्व के संचालक गौरव पुरोहित शराब के नशे में वहां आ पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने युवती से अश्लील टिप्पणी की और जबरन पकड़ने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने उसका टॉप फाड़ने की कोशिश की और धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो जान से मार देगा। घटना के बाद स्थानीय लोग जुट गए, लेकिन आरोपी तब तक फरार हो चुका था। पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए घटना की शिकायत कमलानगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गौरव पुरोहित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी गौरव पुरोहित के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी और अभद्रता की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय गवाहों के बयान भी एकत्र किए जा रहे हैं ताकि घटना की सटीक पुष्टि की जा सके। सूत्रों के मुताबिक आरोपी गौरव पुरोहित घटना के तुरंत बाद गेस्ट हाउस बंद कर फरार हो गया। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। आरोपी के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस घटना के विरोध में कहा कि दिनदहाड़े शहर में इस तरह की हरकतें पुलिस गश्त पर सवाल उठाती हैं। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब शहर में महिलाओं के साथ अभद्रता और उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

# अस्पताल संचालक के साथ 1.17 करोड़ की ठगी

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के रहने वाले हॉस्पीटल संचालक के साथ करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र में होटल खरीदने के नाम पर हॉस्पीट संचाल से 1.17 करोड़ रुपए ले लिए गए। होटल का बैनामा न होने पर जब पीड़ित ने रुपए मांगे तो उसे लारेंस विश्नोई का डर दिखाकर धमकाया गया। पीड़ित ने ठगी के 6 माह बाद

**● होटल में निवेश के नाम पर हड़पी रकम, लॉरेंस विश्नोई के नाम पर डराया**

एफआईआर दर्ज कराई है। कालिंदी विहार निवासी डॉ. रविंद्र सिंह बघेल जलेसर रोड पर आरबी हॉस्पीटल चलाते हैं। हॉस्पीटल में मैनेजर इनके बड़े भाई जरजोधन सिंह है। रविंद्र सिंह ने बताया कि बडे. भाई पहले पुणे में हलवाई का काम करते थे। वहां पर उनकी मित्रता रमेश कुकरामजी चौधरी से हुई। दोनों ने साथ मिलकर काम किया। दोनों के बीच में भाई जैसे संबंध थे। जुलाई 2017 में आरोपी रमेश कुकरामजी ने होटल व्यवसाय करने के लिए 5 लाख रुपए उधार लिए। इसके एवज में 50 ग्राम सोने की गिन्नी को गिरवी रखा। कई साल तक रुपए वापस नहीं किए। उसने कहाकि रुपए वापस न करने पर सोने की गिन्नी अपने पास रख ले। वर्ष 2023 सितंबर में रमेश ने फोन कर कहाकि पुणे में एक होटल बहुत कम रेट में मिल रहा है। होटल मालिक प्रॉपर्टी बेचकर अमेरिका जा रहा है। उसने फोन पर होटल की वीडियो भी दिखाई। उसने कहाकि दोनों मिलकर तीन करोड़ में होटल खरीद लेते हैं। जनवरी 2024 में बैनामा करवा लेंगे। उसकी बातों में आकर एडवांस के तौर पर उमेश शरत व किरण राव चंद्र के खाते में 1.17 करोड़ रुपए दे दिए। जनवरी में जब बैनामा की बात कही तो आरोपी ने कहाकि होटल मालिक लापता हो गया है। उसके पास जो रकम आई थी, वो वापस नहीं करेगा। जब पीड़ित परिवार ने रकम लौटाने की मांग की तो आरोपी ने डराया धमकाया। वो अपने रिश्तेदारों को लेकर पुणे गया। जहां पर आरोपी ने धमकी दी कि उमेश व रामचंद्र के पास मत जाना नहीं तो सबको मार देंगे। उन्होंने लॉरेंस विश्नोई से बात कर ली है। इस धमकी के बाद शिकायतकर्ता परिवार भयभीत हो गया। उन्होंने कुछ दिनों तक होटल में रुककर मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन धमकी के डर से चुपचाप वापस आकर बैठ गए। अब उन्होंने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

## पदयात्रा में धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री हुए बेचैन

मथुरा। दिल्ली से चलकर वृंदावन आ रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा शुक्रवार को दोपहर बाद छाता पहुंच गई। यात्रा के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कुछ बेचैन हुए तो जमीन पर बैठकर कुछ देर के लिए लेट गए। यहां कुछ देर आराम करने के बाद वह आगे बढ़े। दिल्ली आगरा हाईवे पर सनातन हिन्दू एकता में हजारों की भीड़ है। चिकित्सकों का कहना है कि लगातार चलने से फेफड़ों में धूल भरने की शिकायत है। इसलिए यात्रा के दौरान वह असहज महसूस कर रहे हैं।

## मधुमेह रोग के प्रति लोगों को किया जागरूक

मथुरा। महर्षि दयानंद सरस्वती जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मधुमेह रोग के कारणों और बचाव के प्रति जागरूक करना था। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. नीरज अग्रवाल के मार्गदर्शन में एन.सी.डी. विभाग द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में वरिष्ठ चिकित्सकों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। अपने संबोधन में, डॉ. अग्रवाल ने मधुमेह रोग के कारणों और इससे बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों को रोग को नियंत्रित रखने के लिए आवश्यक उपाय भी बताए। सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम रोग के प्रभावी प्रबंधन और रोकथाम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## फैक्ट्री लूट का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के नरायच स्थित ताज आयरन फैक्टरी में सिक्योरिटी गार्डों पर हमला कर दो बदमाशों ने लूट की थी। बृहस्पतिवार रात को फाउंड्री नगर क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश गिरफ्तार किया गया। पैर में गोली लगने से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि 11 नवंबर की रात 1 बजे नरायच स्थित ताज आयरन फैक्टरी में दो बदमाश घुस आए थे। उस समय फैक्टरी में सिक्योरिटी गार्ड पुष्पेंद्र और गिरीश मौजूद थे। दोनों गार्ड पर सरिया से हमला बोला था। हमले में दोनों घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बदमाश लूटपाट कर सामान ले गए थे। मामले में मैनेजर अनुराग प्रताप सिंह ने केस दर्ज कराया। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से सुराग मिले। इस पर बृहस्पतिवार रात को फाउंड्री नगर में घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर बदमाश फायरिंग करने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश उर्फ माइवाला बताया। वह ट्रांस यमुना कॉलोनी का है। उसके पास से तमंचा, कारतूस, 4 चांदी के सिक्के बरामद किए गए। वहीं उसका साथी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# पति-पत्नी के विवाद में पुलिस को कार्रवाई करना पड़ा भारी

**आगरा।** पति-पत्नी के विवाद में नियमों की अनदेखी कर दबिश देने वाले सदर थाने के दो दारोगा अब खुद फंस गए हैं। विभागीय जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि दोनों पुलिसकर्मी बिना महिला पुलिसकर्मी के गांव मनकेड़ा स्थित एक घर में घुस गए थे और इस दौरान महिलाओं से अभद्रता के आरोप भी सामने आए। जांच में आरोप सत्य पाए जाने के बाद दोनों दारोगाओं एसआई मोहित चौधरी और आकाश धामा को दोषी माना गया है। उच्चाधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

घटना 7 सितंबर की है। मनकेड़ा निवासी नरेंद्र चाहर के घर पति-पत्नी के विवाद को सुलझाने के नाम पर सदर पुलिस की टीम पहुंची थी। आरोप है कि एसआई मोहित चौधरी और आकाश धामा सादे कपड़ों में घर में दाखिल हुए और किसी भी कानूनी प्रक्रिया या महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी का ध्यान नहीं रखा गया। परिवार की महिलाओं ने पुलिस पर अभद्र व्यवहार और डराने-धमकाने के आरोप लगाए थे। पीड़िता नीरज चाहर ने घटना का सीसीटीवी फुटेज सहित आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले

**● दबिश विवाद में बिना महिला पुलिसकर्मी के घर में घुसे दारोगा, अभद्रता के आरोप साबित**

ने तूल पकड़ा। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों ने अपर पुलिस उपायुक्त अपराध हिमांशु गौरव को जांच सौंपी। अपर डीसीपी हिमांशु गौरव की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। दबिश के समय महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी। पुलिस टीम ने जबरन घर में प्रवेश किया, जो सीसीटीवी वीडियो से साबित हुआ। घटना के 28 दिन बाद नरेंद्र चाहर के खिलाफ पिस्टल चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया, जिसे जांच में संदिग्ध और बाद की कार्रवाई बताया गया। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि दोनों दारोगाओं की भूमिका अनुचित और नियमविरुद्ध थी। शिकायत वायरल होने के बाद 8 सितंबर को एसआई मोहित चौधरी ने उलटा नरेंद्र चाहर पर सरकारी कार्य में बाधा का केस दर्ज करा दिया। हालांकि जांच रिपोर्ट में इस केस को बाद में दबाव बनाने की कोशिश बताया गया है। विभागीय जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस महानिदेशक कार्यालय को भेज दी गई है, जहां से दोनों अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है। पूरा विवाद दरअसल जगदीशपुरा थाना क्षेत्र के बिचपुरी निवासी सीमा देवी और उनके पति पुष्पेंद्र के बीच लंबे समय से चल रहे झगड़े से जुड़ा है। सीमा देवी की शिकायत पर 30 सितंबर को मुकदमा दर्ज हुआ, जिसके बाद 5 अक्टूबर को पुष्पेंद्र ने उलटा अपनी पत्नी और साले नरेंद्र चाहर पर ?50,000 और पिस्टल चोरी का आरोप लगाया।

इसी सिलसिले में पुलिस ने मनकेड़ा गांव में दबिश दी थी, जो अब खुद कानूनी पचड़े में बदल गई। रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने के बाद पुलिस मुख्यालय से दोनों दारोगाओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय मानी जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि इस प्रकरण ने फील्ड ड्यूटी में प्रक्रियात्मक लापरवाही पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। अब पुलिस कमिश्नर स्तर पर यह तय किया जाएगा कि दोनों अधिकारियों को निलंबित किया जाए या लाइन हाजिर कर आगे की विभागीय जांच कराई जाए।

## बाल दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

फिरोजाबाद । बाल दिवस के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज युवा प्रभाग द्वारा बच्चों में रचनात्मकता एवं सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय एवं श्री स्वामी लालतानंद आदर्श योग विद्या मंदिर सहित एस एच डी इंटर कॉलेज, ओम पब्लिक स्कूल, श्री डी एल पब्लिक स्कूल के आलावा सुहाग नगर एवं दौलतपुर ब्रह्मकुमारीज सेंटर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




प्रतियोगिता के अंत में विद्यार्थियों को पेन और टॉफी चॉकलेट वितरित किए गए ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम फिरोजाबाद नीरज पटेल ने बच्चों को मन को शांत रखने के लाभ और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि शांत मन से ही रचनात्मक विचार एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। बीके खुशी ने विद्यार्थियों से उनके जीवन-लक्ष्य के बारे में चर्चा की और लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक आत्म-परिवर्तन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक आदतों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग से शिवकुमार कुशवाहा शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

## बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने मिष्ठान वितरण कर हर्ष व्यक्त किया



**टूंडला।** नगर में भाजपाइयों ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर पार्टी कार्यालय भारत माता चौक स्टेशन रोड पर मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने देश में प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा बिना भेदभाव किए जा रहे विकास पर भरोसा जताया और एनडीए को पूर्ण बहुमत दिया है। इस अवसर पर टूंडला चेयरमैन चौ. भंवर सिंह, नारखी ब्लॉक प्रमुख सुशील चक चौधरी भगत सिंह अध्यक्ष सतीश बघेल ब्लॉक प्रमुख टूंडला जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल शैलेंद्र सिंह ज्ञानेंद्र सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सचिन जैन जितेंद्र मोरवानी सोनू कश्यप अजीत कुशवाहा विनोद बाबू मुकेश धाम महिपाल निषाद पूरन सिंह मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा विष्णु तिवारी पवन चक आनंद प्रताप सिंह अनंत प्रताप सिंह शशांक प्रताप सिंह राजपूत अजय कुमार प्रधान प्रधान गुड्डू बघेल संदीप जैन संजीव दीक्षित गुड्डा प्रशांत धाकरे जुबिन भारद्वाज गौरव सिसोदिया देवांशु उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित रहे

संक्षेप

## कोस्टा कॉफी ने लॉन्च की कैरेमल नटक्रैकर फेस्टिव रेंज

नईदिल्ली। कोका-कोला के अंतर्गत आने वाला लोकप्रिय कॉफी ब्रांड कोस्टा कॉफी इस सर्दियों के हॉलिडे सीजन को और खास बनाने के लिए भारत में अपनी नई कैरेमल नटक्रैकर रेंज पेश कर रहा है। पहली बार लॉन्च की गई यह फेस्टिव रेंज गर्मजोशी, स्वाद और साथ बिताए पलों को और यादगार बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। यह नई रेंज 15 नवंबर से सीमित अवधि के लिए चुनिंदा कोस्टा कॉफी आउटलेट्स और प्रमुख डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगी। यह पेशकश ब्रांड की फ्लेवर-फर्स्ट सोच को और आगे बढ़ाती है तथा ग्राहकों को कॉफी से परे एक संपूर्ण और यादगार अनुभव प्रदान करती है।

## एसबीआई कार्ड ने ग्राहकों को जागरूक किया

बंगलुरु। एसबीआई कार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह के अवसर पर ग्राहकों को बताया कि भारत की वित्तीय व्यवस्था लगातार विकसित हो रही है और पैसों के लेन-देन का तरीका बदल रहा है, क्योंकि लोग अब यूपीआई, कार्ड पेमेंट, ई-कॉमर्स और रिटेल आउटलेट जैसी सुविधाओं का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे एक बड़ा बदलाव आया है। बात चाहे गहनों के खरीद की हो, लाइफस्टाइल से जुड़ी जरूरी चीजों को अपग्रेड करने और बेहतर अनुभव वाले ट्रैवल बुकिंग की हो, या फिर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ढूंढने की बात हो, ग्राहक रिटेल और ई-कॉमर्स दोनों जगहों पर हमेशा सबसे अच्छे डील की तलाश में रहते हैं।

## आरसीएम की रूपांतरण यात्रा बनी जनआंदोलन

सुल्तानपुर। आरसीएम की रूपांतरण यात्रा, जिसमें अब तक देश के 20 शहरों में एक लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं, 19 नवम्बर को सुल्तानपुर पहुँचेगी।16 सितंबर को राजस्थान के भीलवाड़ा से आरसीएम के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू हुई यह यात्रा सभी अपेक्षाओं से आगे निकल चुकी है और अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब तक की यात्रा के उत्साह को देखते हुए उम्मीद है कि सुल्तानपुर में इस यात्रा को और भी ज्यादा जनसमर्थन मिलेगा, जहाँ हर उम्र और वर्ग के नागरिक सक्रिय भागीदारी करेंगे। इस यात्रा के दौरान आम नागरिक बच्चे, महिलाएं और परिवार स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार जैसे मुख्य सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और समाज सेवा के महत्व के बारे में सीखा है।

## ईमामी ने की रणनीतिक रीब्रांडिंग की घोषणा

कानपुर। केश किंग भारत का एक प्रमुख आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड है। इस ब्रांड ने अपने आपको एक नया रूप देने के लिए रीब्रांडिंग की पहल करते हुए पेश किया है केश किंग गोल्ड। इससे ब्रांड की पहचान, प्रस्तुति और पैकिजंग को एक नया और आकर्षक दर्जा मिला है। इस रीब्रांडिंग के जरिये ईमामी ने अपने ब्रांड केश किंग के लिए एक अलग रणनीति को अपनाया है। अब यह केवल अपने पारंपरिक आयुर्वेदिक बुनियाद तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने एक दमदार नई सोच को अपनाया है। ह्लकेश किंग की यह रीब्रांडिंग सिर्फ दिखावे के लिए किया गया कोई बदलाव नहीं है इसमें रणनीतिक रूप से उल्लेखनीय परिवर्तन किए गए हैं। यह ब्रांड बालों की संपूर्ण देखभाल में केश किंग को गोल्ड स्टैंडर्ड के रूप में स्थापित करना चाहता है, जो कि इसकी भविष्य की योजनाओं का एक हिस्सा है।

## हिमालया वेलनेस का सीरम युक्त बॉडी लोशन लॉन्च

नयी दिल्ली। हिमालया वेलनेस ने भारतीय महिला आइस हॉकी टीम के साथ साझेदारी करते हुए अपना नया अभियान # स्ट्रॉन्गवुमनसॉफ्टस्किन लॉन्च किया है, जिसके तहत ब्रांड ने हिमालया कोकोआ बटर इंटेंसिव सीरम बॉडी लोशन पेश किया है। अपने श्रेणी का पहला, यह इनोवेटिव लोशन सीरम के लाभों और 100% प्राकृतिक अवयवों से तैयार किया गया है, जो त्वचा को गहन पोषण और दीर्घकालिक देखभाल प्रदान करता है। यह सहयोग उन महिलाओं का सम्मान करता है जो सीमाओं को लांघकर चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करती हैं। भारतीय महिला आइस हॉकी टीम के साथ साझेदारी हमें शक्ति और दृढ़ता जैसे मूल्यों का उत्सव मनाने का अवसर देती है - ऐसे मूल्य जो हमेशा हिमालय वेलनेस के मूल में रहे हैं। इस साझेदारी के माध्यम से हम महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें यह याद दिलाना चाहते है कि जब वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ती हैं।

# सेंसेक्स में 84 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 84 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही।

निवेशकों ने निचले स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी की, जिससे बाजार बढ़त में रहा। कारोबार की शुरुआत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 449.35 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,029.32 पर खुला। एनएसई निफ्टी 138.35 अंक या 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,740.80 पर खुला। हालांकि, दोनों प्रमुख सूचकांकों ने बाद में सुधार दर्ज किया और लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 84.11 अंक यानी 0.10 प्रतिशत बढ़कर 84,562.78 पर और एनएसई निफ्टी 30.90 अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,910.05 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, सन फार्मास्युटिकल्स, एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, पावरग्रिड और बजाज फिनसर्व बढ़कर बंद हुए। दूसरी ओर इन्फोसिस, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी इंडिया और लार्सन एंड टुब्रो नुकसान में बंद हुए। एसबीआई सिक्योरिटीज के तकनीकी अनुसंधान और वायदा-विकल्प प्रमुख सुदीप शाह ने कहा, निवेशकों का ध्यान आगामी आरबीआई एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की एफओएमसी बैठकों पर है।

इसलिए उन्होंने फिलहाल इंतजार करना बेहतर समझा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 383.68 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,091.87 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.51 प्रतिशत बढ़कर 63.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# रुपया तीन पैसे टूटकर 88.73 प्रति डॉलर पर बंद



नयी दिल्ली। रुपया शुक्रवार को तीन पैसे टूटकर 88.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने घरेलू मुद्रा पर दबाव बनाया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि बिहार चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को मिले व्यापक जनादेश के बाद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.70 पर खुला। कारोबार के दौरान 88.75 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक पहुंचा। अंततः रुपया 88.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.70 पर बंद हुआ। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.27 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 84.11 अंक चढ़कर 84,562.78 अंक पर और निफ्टी 30.90 अंक की बढ़त के साथ 25,910.05 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63.98 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफ आई आई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 383.68 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस बीच, दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी से थोक मुद्रास्फीति में अक्टूबर में गिरावट दर्ज की गयी और यह 27 महीने के निचले स्तर शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में 0.13 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 2.75 प्रतिशत रही थी।

# थोक मुद्रास्फीति 27 महीने के निचले स्तर पर

नयी दिल्ली। दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी से थोक मुद्रास्फीति में अक्टूबर में गिरावट दर्ज की गयी और यह 27 महीने के निचले स्तर शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में 0.13 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 2.75 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, अक्टूबर 2025 में मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में नरमी रही। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 5.22 प्रतिशत के मुकाबले अक्टूबर में 8.31 घटी। प्याज, आलू, सब्जियों और दालों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की महंगाई दर में अक्टूबर में 34.97 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि सितंबर में यह 24.41 प्रतिशत थी। दालों में अक्टूबर में 16.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि आलू और प्याज में यह क्रमशः 39.88 प्रतिशत और 65.43 प्रतिशत रही।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 687 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.69 अरब डॉलर घटकर 687.03 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पिछले कुछ सप्ताह से विदेशीमुद्रा भंडार में गिरावट का रुख देखा जा रहा है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रह गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सात नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.45 अरब डॉलर घटकर 562.14 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 19.5 करोड़ डॉलर घटकर 101.53 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 5.1 करोड़ डॉलर घटकर 18.59 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत का आरक्षित भंडार 4.77 अरब डॉलर पर अपरिवर्तित बना रहा।

# जीएसटी दर में कटौती से यात्री वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री

नयी दिल्ली। जीएसटी दरों में बदलाव के कारण कीमतों में कटौती के साथ ही त्योहारी मांग के कारण अक्टूबर में यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री हुई।

उद्योग संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अक्टूबर में कंपनियों ने डीलरों को रिकॉर्ड संख्या में यात्री वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की भी आपूर्ति की। अक्टूबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 4,60,739 इकाई रही, जो पिछले साल अक्टूबर में 3,93,238 इकाई थी। सियाम ने एक बयान में कहा कि समीक्षाधीन महीने में दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 22,10,727 इकाई हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 21,64,276 इकाई थी। पिछले महीने स्कूटर की बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 8,24,003 इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2024 में यह 7,21,200 इकाई थी। मोटरसाइकिलों की बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर चार प्रतिशत घटकर 13,35,468 इकाई रही। तिपहिया वाहनों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 81,288 इकाई हो गई। डीलरों को अक्टूबर में अब तक सबसे अधिक संख्या में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की आपूर्ति की गई।

# धूम्रपान से 80 लाख की जान बचाई जा सकती है डब्ल्यूएचओ

नयी दिल्ली। तंबाकू सेवन आज भी विश्व के सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों में से एक है, जो हर साल 80 लाख से अधिक लोगों की जान लेता है। एक नई वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि देश 21वीं सदी की वैज्ञानिक प्रगति का पूरा उपयोग करें।

तो 2060 तक विश्वभर में 10 करोड़ से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती है। फिलहाल दुनिया में 1.1 अरब से अधिक धूम्रपान करने वाले लोग हैं, और तंबाकू से जुड़ी बीमारियाँ हर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। यह महत्त्वपूर्ण रिपोर्ट लाइव्स सेव्डः सेविंग 100 मिलियन लाइव्स बाय 2060ह्व प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. डेरेक याच (प्रोजेक्ट लीडर) और डॉ. डेलॉन ह्यूमन द्वारा तैयार की गई है। भारत, जहाँ वयस्क धूम्रपानकताओं की दर 21.8% है - और जो दुनिया के सबसे बड़े धूम्रपानकर्ता समूहों में से एक है - इन नई रणनीतियों को अपनाकर 2060 तक लगभग 80 लाख लोगों की जान बचा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि भारत पारंपरिक तंबाकू नियंत्रण के साथ नियमित, विज्ञान-आधारित और नियंत्रित वैकल्पिक उपायों को भी शामिल करे।

# टाटा मोटर्स ने थिंक गैस के साथ साझेदारी की

मुंबई। टाटा मोटर्स ने भारत की प्रमुख सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी थिंक गैस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य देश में लंबी दूरी और भारी ट्रकिंग सेगमेंट के लिए एलएनजी (लिक्विफाइड नैचुरल गैस) रीफ्यूलिंग नेटवर्क को सुदृढ़ बनाना है। यह सहयोग ईंधन गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इन्फ्रास्ट्रक्चर की तैयारियों को बेहतर करने और एलएनजी-चालित वाणिज्यिक वाहनों के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित करने के माध्यम से स्वच्छ और डीकार्बनाइज्ड माल परिवहन की दिशा में परिवर्तन को गति देगा। इस साझेदारी के तहत टाटा मोटर्स और थिंक गैस संयुक्त रूप से संभावित फ्रेट कॉरिडोर्स और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स की पहचान करेंगे, जहाँ एलएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जा सके। थिंक गैस उच्चतम ईंधन गुणवत्ता मानकों और आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने पर ध्यान देगा, ताकि वाहनों की प्रदर्शन क्षमता और ईंधन दक्षता सर्वोत्तम बनी रहे। साथ ही, टाटा मोटर्स के ग्राहकों को विशेष लाभ, जैसे प्राथमिकता आधारित मूल्य निर्धारण भी प्रदान किए जाएंगे। भारत में माल ढुलाई को टिकाऊ और कुशल बनाने के लिए एलएनजी एक बहुत अच्छा और व्यावहारिक विकल्प है।

## एलजी ने की अपनी वित्तीय रिपोर्ट जारी

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड, जो प्रमुख घरेलू उपकरणों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में नंबर वन कंपनी है, ने आज एफवाई26 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए। क्यू2-एफवाई26 पर ठंडे मौसम, भू-राजनैतिक परिस्थितियों और विदेशी मुद्रा से जुड़ी चुनौतियों का प्रभाव पड़ा. इसके बावजूद, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने साल-दर-साल आधार पर राजस्व और बाजार हिस्सेदारी दोनों में वृद्धि दर्ज की। 2026 की एच1 में ठंडा मौसम, भू-राजनैतिक चुनौतियां, शुल्क और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव जैसी कई व्यापक आर्थिक बाधाएं सामने आईं। इसके बावजूद, भारत में हमारी टीम ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए बिक्री में स्थिर वृद्धि हासिल की, बाजार हिस्सेदारी बढ़ाई और लाभप्रदता को बनाए रखा।

# खाद्य तेल आयात विपणन वर्ष 2024-25 में 22 प्रतिशत बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपये पर



नयी दिल्ली। भारत ने घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अक्टूबर में समाप्त विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात किया। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी है।

विपणन वर्ष 2023-24 (नवंबर-अक्टूबर) में, भारत का खाद्य तेल आयात मूल्य के हिसाब से 1.32 लाख करोड़ रुपये का था, जबकि मात्रा 1.59.6 करोड़ टन रही थी। उच्च वैश्विक कीमतों के कारण मूल्य के संदर्भ में खाद्य तेल आयात में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से आता है। आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटने के लिए, भारत 1990 के दशक से आयात का सहारा ले रहा है। शुरुआती दौर में आयात की मात्रा बहुत कम थी। हालांकि, पिछले 20 वर्षों (2004-05 से 2024-25) में आयात की मात्रा 2.2 गुना बढ़ गई है, जबकि आयात की लागत लगभग 15 गुना बढ़ी है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2024-25 में, भारत को 160 लाख टन (16 मिलियन टन) खाद्य तेलों के आयात पर लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये (18.3 अरब डॉलर) खर्च करने होंगे। मात्रा के संदर्भ में, खाद्य तेलों का आयात विपणन वर्ष 2022-23 में एक करोड़ 64.7 लाख टन, विपणन वर्ष 2021-22 में एक करोड़ 40.3 लाख टन और विपणन वर्ष 2020-21 में एक करोड़ 31.3 लाख टन रहा। एसईए के आंकड़ों के अनुसार, तेल विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान 17,37,228 टन रिफाइंड तेलों का आयात किया गया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 19,31,254 टन था। हालांकि, कच्चे खाद्य तेलों का आयात विपणन वर्ष 2023-24 में।,40,31,317 टन से बढ़कर।,42,73,520 टन हो गया।

## पेज एक का शेष

## बिहार में

सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। राजद ने इस चुनाव में 140 से भी अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा था। बिहार में सरकार बनाने के लिए कम से कम 122 सीटें जीतना जरूरी है।

निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए मतदाता सूची के पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं के बीच दो चरणों में हुए बिहार चुनावों में राजग की यह जीत और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले छह महीनों के भीतर ही पश्चिम बंगाल और असम में चुनाव होने वाले हैं। भाजपा सांसद और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजग बिहार में भारी जीत की ओर बढ़ रहा है।

रूझानों में जीत के आवश्यक आंकड़े को पार करने के कुछ ही देर बाद दोपहर में भाजपा और जदयू के कार्यालयों में जश्न की लहर दौड़ गई और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य करना, पटाखे फोड़ना, गुलाल लगाना और अपने-अपने नेताओं की प्रशंसा में नारेबाजी करना शुरु कर दिया।

जद (यू) के 75 वर्षीय राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के सामने पार्टी कार्यकर्ताओं ने टाइगर अभी जिंदा है शीर्षक से लगे एक पोस्टर के सामने फोटो भी खिंचवाए।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मजाकिया लहजे में कहा, बेशक नीतीश कुमार का कद बाघ से भी ऊंचा है... और हमें विश्वास है कि ये रुझान परिणामों में परिवर्तित हो जाएंगे। अभी तक भाजपा 16 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है जबकि जद (यू) 14 पर और राजद सिर्फ चार पर। रुझानों में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (तारापुर) और विजय कुमार सिन्हा (लखीसराय) और नीतीश कुमार कैबिनेट में मंत्री नितिन नबीन (बांकीपुर) और नीतीश मिश्रा (झंझारपुर) जैसे प्रमुख भाजपा नेताओं ने अजेय बढ़त हासिल की है।

भाजपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे करीब 21 प्रतिशत वोट मिले हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा क्रमशः पांच और चार सीटों पर आगे है। दोनों दलों ने छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ा था।कांग्रेस, जिसे अक्सर विपक्षी गठबंधन इंडिया में एक कमजोर कड़ी के रूप में देखा जाता है, 61 में से केवल चार में आगे है।भाजपा के एक अन्य राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विपक्षी पार्टी ने न केवल अपनी विरासत खोई है बल्कि विश्वसनीयता भी गंवा दी है।उन्होंने एक पोस्ट में कहा, नेहरू जी की जयंती पर राहुल ने कांग्रेस को दिया तोहफाः बार-बार 95 नुकसानउ विरासत खो गई, विश्वसनीयता भी खो गईउ हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम, जिस पर अक्सर भाजपा की बी-टीम होने का आरोप लगाया जाता है, पांच सीटों पर आगे है। पार्टी ने 32 सीटों पर चुनाव लड़ा था।प्रशांत किशोर की बहुप्रचारित जन सुराज पार्टी ने निराशाजनक प्रदर्शन किया है। इस चुनाव में उसका खाता भी खुलता नहीं दिख रहा है। लगातार दूसरे चुनाव में भाजपा के जद (यू) से बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही कार्यकर्ताओं के भीतर से अपने मुख्यमंत्री की मांग उठने की संभावना प्रबल हो गई है। गौरतलब है कि बिहार देश के उन चुनिंदा राज्यों में से एक है जहां भाजपा अभी तक अपने दम पर सरकार नहीं बना पाई है। हालांकि, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस बात पर जोर देते रहे हैं कि बिहार में राजग का नेतृत्व नीतीश कुमार कर रहे हैं। जानकार मानते हैं कि भाजपा ने यह रणनीति इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपनाई होगी क्योंकि उसके पास लोकसभा में बहुमत नहीं है और वह जद (यू) जैसे सहयोगियों पर निर्भर है। केंद्र की सरकार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेदेपा का भी समर्थन हासिल है।

## सीएम योगी ने

और विकसित बिहार के संकल्प पर आधारित है। पोस्ट में उन्होंने लिखा, यह जीत हर उस बिहारवासी की है जिसने जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति को निर्णायक रूप से नकारकर सुशासन और विकास को चुना है। इस प्रचंड विजय के लिए समस्त राजग नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा साथ ही बूथ से लेकर प्रदेश तक दिन-रात संगठन को संभालने वाले बिहार भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को हृदय से धन्यवाद, आपकी निष्ठा और परिश्रम ही इस ऐतिहासिक जीत की सबसे बड़ी ताकत रही है। मौर्य ने कहा बिहार की जनता और प्रत्येक बिहारवासी को बहुत-बहुत धन्यवाद। उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को विजयश्री की अग्रिम शुभकामनाएं।

## तीन बच्चों समेत

पर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अभी तक घटना के पीछे के कारण की जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस का जांच दल तथा फोरेंसिक टीम घटनास्थल के साथ शवों की गहन जांच कर रही है।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने संवाददाताओं से बताया कि इकौना थानान्तर्गत कैलाशपुर के मजरा मनिहारनपुरवा के एक घर में आज सुबह पांच लोगों के शव पाए जाने की खबर मिली थी। फोरेंसिक जांच दल और वरिष्ठ अधिकारियों के मौके पर पहुंचे पर मालूम हुआ कि जिस कमरे में शव थे वह कमरा अंदर से बंद था।

भाटी ने बताया कि ग्रामीणों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो रोज अली का शव पंखे से बंधे एक फंदे से लटका था जिसे लोगों ने उतारा। आरंभिक जांच व साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि रोज अली ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी तथा इसके बाद बच्चों की भी गला दबाकर हत्या कर दी।

उन्होंने कहा कि बच्चों की मौत दम घुटने से हुई है। घटनास्थल से जो आरंभिक साक्ष्य मिले हैं उनके अनुसार बच्चों की मौत का स्पष्ट कारण दम घुटना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सभी मौतों का कारण और अधिक स्पष्ट हो सकेगा।

भाटी ने बताया कि आरंभिक जांच में पता चला है कि कुछ दिन पूर्व मृतक रोज अली व उनकी पत्नी शहनाज के बीच मायके जाने को लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे के और भी कारण हो सकते हैं, जिनका पता लगाया जा रहा है।

इकौना थाना प्रभारी अखिलेश पांडे ने पीटीआई-भाषा से बताया कि मृतक रोज अली अपने परिवार के साथ मुंबई में रहकर वहां राज मिस्त्री का काम करता था और करीब 10 दिन पहले ही वह पत्नी और बच्चों को लेकर घर लौटा था। पति-पत्नी के बीच काफी मनमुटाव था और विवाद बढ़ने पर पत्नी के मायके वालों ने उसे मायके में आकर रहने के लिए कहा था।

## सीएम धामी

नगर क्षेत्र के चार प्रमुख स्थलों पर पार्किंग सुविधाओं का विकास किये जाने और साकेत नगर - रघुनाथ मंदिर -चटवापीपल मोटर मार्ग निर्माण की घोषणा की। उन्होंने बताया की गौचर में स्टेडियम निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है शीघ्र ही इसका कार्य शुरू करवाया जायेगा। क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल एवं मेला उपाध्यक्ष संदीप नेगी ने गौचर मेले का शुभारंभ करने पर मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया और मुख्यमंत्री को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए समस्याओं के निदान के लिए मांग पत्र भी दिया।

इस अवसर पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, राज्य मंत्री हरक सिंह नेगी, राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण खत्री, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत पंवार, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी सहित मेले में आए हुए सभी सम्मानित पत्रकार सहित आम जनमानस उपस्थित रहे।

## 10 वर्ष तक

सहमति लेगा। जिनकी सहमति डिजिटल रूप से नहीं मिलेगी, उनसे ग्राम पंचायत सहायक, कॉमन सर्विस सेंटर या विभागीय कर्मचारी भौतिक रूप से संपर्क करेंगे। दोनों स्तरों पर सहमति न मिलने पर ऐसे नाम प्रक्रिया से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सहमति मिलने के बाद योजना अधिकारी 15 दिनों के भीतर डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से पेंशन स्वीकृत करेंगे और स्वीकृति पत्र लाभार्थी को डाक से भेजा जाएगा। भुगतान सीधे आधार-लिंक्ड बैंक खाते में किया जाएगा और हर किस्त की जानकारी एसएमएस द्वारा उपलब्ध होगी। सरकार एक मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराएगी, जिसमें लाभार्थी पासबुक की तरह अपने सभी भुगतान देख सकेंगे। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वर्तमान नियमों के अनुसार एक वर्ष से अधिक अवधि की किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री अनिवार्य है, लेकिन आमतौर पर अधिकांश किरायानामे मौखिक होते हैं या यदि लिखित होते भी हैं तो उनकी रजिस्ट्री नहीं कराई जाती। ऐसे मामलों का पता आमतौर पर जीएसटी विभाग और बिजली विभाग जैसी एजेंसियों की पत्रावलियों की जांच में चलता है और बाद में कमी स्टाम्प शुल्क की वसूली की कार्रवाई करनी पड़ती है। यह भी अनिवार्य है कि किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री हो या न हो, उस पर सही स्टाम्प शुल्क हर हाल में जमा होना चाहिए। सरकार का मानना है कि यदि शुल्क अधिक होता है तो लोग विलेख लिखने और रजिस्ट्री कराने से बचते हैं। इसी वजह से मानक किरायेदारी विलेख को बढ़ावा देने और 10 वर्ष तक की अवधि के रेंट एग्रीमेंट को औपचारिक बनाने के लिए शुल्क में व्यापक छूट देने की जरूरत महसूस की गई। इस छूट प्रणाली के तहत किरायेदारी विलेख पर अधिकतम स्टाम्प शुल्क और अधिकतम रजिस्ट्रेशन फीस अब निश्चित राशि से अधिक नहीं ली जाएगी। साथ ही औसत वार्षिक किराया तय करते समय अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये रखी गई है। टोल संबंधी पट्टे और खनन पट्टों को छूट से बाहर रखा गया है ताकि राजस्व हानि न हो। स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क की सीमा तय कर दी गई है। यह सीमा किरायेदारी की अवधि और औसत वार्षिक किराए के आधार पर लागू होगी। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा क्योंकि अब किरायेदारी विलेख पर भारी स्टाम्प शुल्क भरने की बाध्यता नहीं रहेगी और लोग अधिक सहजता से रजिस्ट्री करा सकेंगे।

## पूर्वोत्तर को कौशल विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई: सीतारमण

कोहिमा। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार ने बुनियादी ढांचे, निवेश, कौशल विकास और डिजिटल विस्तार के मामले में पूर्वोत्तर को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कोहिमा में छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

## पाकिस्तान में

(डीपीओ) शहबाज इलाही के अनुसार, सदर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ नियमित गश्त पर थे कि तभी आतंकवादियों ने बाजीद खेल के पास उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें तीन आतंकी ढेर हो गये।पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने करक जिले के मीर कलाम बंदा इलाके में एक अभियान चलाया।आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि कई गंभीर मामलों में वांछित एक आतंकवादी मुठभेड़ के दौरान मारा गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों से जुड़े नेटवर्क की पहचान के लिए जांच की जा रही है।




# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 159 रन पर समेटा

## बुमराह की धारदार गेंदबाजी के बाद भारतीय बल्लेबाजों की सतर्क शुरुआत



कोलकाता। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 37 रन बनाकर साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। अपना 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने पारी में 16वीं बार पांच विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के सर्वोच्च स्कोरर एडेन मारक्रम (31) और रियान रिकेलटन (23) को चलता कर शुरुआती झटके देने के बाद शानदार लय में चल रहे टोनी डि जोर्जी (24) को पगबाधा किया।

बुमराह ने चाय के विश्राम के बाद साइमन हार्मर (पांच) और केशव महाराज को पवेलियन की राह दिखाकर अपने पांच विकेट पूरे किये। बुमराह को कुलदीप यादव (36 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (47 रन पर दो विकेट) को अच्छा साथ मिला जबकि अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक सफलता हासिल की। भारतीय बल्लेबाजों ने इसके बाद बेहद सतर्क शुरुआत की। टीम ने खराब रोशनी के कारण जल्दी खेल खत्म होने तक 20 ओवर में एक विकेट पर 37 रन बनाये। भारत पहली पारी में अभी 122 रन पीछे है और क्रीज पर लोकेश राहुल (13) के साथ वाशिंगटन सुंदर (छह) मौजूद है। भारत को इकलौता झटका यशस्वी जायसवाल के आउट होने से लगा जो मार्को यानसन की ऑफ स्टंप के करीब की गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटों पर खेल गये। जायसवाल ने अपनी पारी की 16वीं गेंद पर यानसन के खिलाफ चौके के साथ खाता खोलने के बाद मुल्डर की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराये। उनकी पारी हालांकि लंबी नहीं चली। दूसरे छोर से पारी की शुरुआत में अति रक्षात्मक रवैया अपनाने वाले लोकेश राहुल ने मुल्डर के खिलाफ कवर और मिड ऑफ के बीच शानदार ड्राइव से चौका बटोरा। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने भी शानदार लाइन लेंथ से गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। केशव महाराज ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से लोकेश राहुल को थोड़ा परेशान किया और गेंद कुछ मौकों पर उनके बल्ले और विकेट के बेहद करीब से निकली यही हाल तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आये वाशिंगटन का भी रहा लेकिन दोनों बल्लेबाज अपना विकेट बचाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और मारक्रम ने रिकेलटन के साथ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मारक्रम को खाता खोलने में 23 गेंद लग गये लेकिन उन्होंने शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव के साथ रन बनाने की शुरुआत की और फिर अक्षर पटेल के खिलाफ बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से शानदार लेट कट खेला। उन्होंने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ कलाई का इस्तेमाल करते हुए मिड-विकेट पर शानदार छक्का जड़ा। दूसरी तरफ रियान रिकेलटन ने 22 गेंदों पर चार चौकों और 23 रन की आक्रामक पारी के साथ भारत परेशान करना शुरू कर दिया था। बुमराह ने रिकेलटन आउट करके 57 रन की साझेदारी को तोड़ भारत को पहली सफलता दिलाई। उनका अगला ओवर और कमाल का रहा। उन्होंने शॉट गेंद ने तेजी से उछाल ली जिससे सामंजस्य बिठाने का मारक्रम को समय नहीं मिला और गेंद उनके दस्तानों से टकरा कर चोट से उबर कर टीम में वापसी कर रहे विकेटकीपर ऋषभ पंत के दस्तानों में चली गयी। बुमराह ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा को भी परेशान किया लेकिन उनका शिकार कुलदीप यादव ने किया। कुलदीप की स्पिन लेते गेंद ने उनके बल्ले का अंदरुनी किनारा लिया और लेग स्लिप में ध्रुव जुरेल ने शानदार कैच लपक कर बावुमा की तीन रन की पारी का अंत किया। शानदार लय में चल रहे डि जोर्जी और मुल्डर ने संभल कर खेलते हुए टीम की वापसी की कोशिश की लेकिन दिन के दूसरे सत्र में कुलदीप के खिलाफ रिवर्स स्वीप की कोशिश में मुल्डर पगबाधा हो गये। बुमराह ने डि जोर्जी को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका दिया।

शुरुआती छह ओवरों में 34 रन लुटाने वाले सिराज ने अपने 10वें ओवर में शानदार दोहरी सफलता के साथ दक्षिण अफ्रीका के निचले मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने चार गेंदों के अंतराल में काइल वेरेने (16) और यानसन (शून्य) को आउट किया। चाय के विश्राम से एक गेंद पहले अक्षर पटेल ने कॉर्बिन बॉश (तीन) को पगबाधा किया तो वहीं बुमराह ने तीसरे सत्र की शुरुआत में दो विकेट के साथ औपचारिकता पूरी की। इससे पहले भारतीय टीम ने 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में खेले गये टेस्ट के बाद पहली बार पहली बार चार स्पिनरों को मैदान में उतारा। इसके उलट दक्षिण अफ्रीका ने सिर्फ दो स्पिनरों को एकादश में शामिल किया। टीम को कैगिसो रबाडा के चोटिल होने से झटका लगा और उनकी जगह तेज गेंदबाज बॉश को मौका मिला।

# डब्ल्यूएफआई ने अमन और नेहा पर लगा निलंबन हटाया



नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शुक्रवार को ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और जूनियर पहलवान नेहा सांगवान पर लगा निलंबन हटा लिया। इन दोनों पहलवानों को इस साल की शुरुआत में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में अधिक वजन का पाए जाने के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस फैसले का मतलब है कि दोनों पहलवान प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के आगामी चरण की नीलामी में भाग ले सकेंगे।

पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता अमन को सितंबर में क्रोएशिया के जगरेब में विश्व चैंपियनशिप के दौरान अधिक वजन के कारण निलंबित कर दिया गया था जबकि नेहा को अगस्त में बुल्गारिया के समोकोव में जूनियर विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद निलंबन सामना करना पड़ा था। दोनों पहलवानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अमन को 22 सितंबर और नेहा को 25 अगस्त को भेजे गए नोटिस के जवाब क्रमशः 28 सितंबर और 18 सितंबर को प्राप्त हुए। जगरेब प्रतियोगिता के लिए नियुक्त कोचों को भी नोटिस जारी किए गए थे। डब्ल्यूएफआई के अनुसार पहलवानों ने अपने लिखित बयान में इस घटना को अपनी पहली गलती बताया और महासंघ को आश्वासन दिया कि इस तरह के उल्लंघन दोबारा नहीं होंगे। डब्ल्यूएफआई अनुशासन समिति की 13 नवंबर को हुई बैठक में इन दोनों के जवाबों की जांच की गई और पाया गया कि दोनों पहलवानों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन शानदार रहा है। इसलिए समिति ने उनकी पिछली उपलब्धियों को देखते हुए उनके प्रति नरम रुख अपनाने की सिफारिश की। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने सिफारिश को स्वीकार करते हुए उनके निलंबन को हटाने और उन्हें भविष्य की सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देने का आदेश जारी किया। महासंघ ने हालांकि चेताया कि भार प्रबंधन या अनुशासन से संबंधित किसी भी उल्लंघन के बार बार किए जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्वाई की जाएगी।

**संक्षेप**

## शमी का लखनऊ सुपर जायंट्स में जाना तय

नयी दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ ट्रेड करने के लिए तैयार है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल नीलामी में 35 साल के इस तेज गेंदबाज को 10 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, दोनों फ्रेंचाइजी इस ट्रेड के लिए सहमत हो गई हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के साथ पिछले साल शमी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। उन्होंने नौ मैचों में 56.16 के औसत से केवल छह विकेट लिए थे। शमी फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण राष्ट्रीय टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। वह आखिरी बार भारत के लिए इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेले थे। आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए अपनी टीम से खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख 15 नवंबर है।

## एरिगैसी के सामने अरोनियन की चुनौती

पणजी (गोवा)। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का सामना फिडे विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में शानदार फॉर्म में चल रहे आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन से होगा, जबकि पी हरिकृष्णा कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले मैक्सिको जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा से भिड़ेंगे। टाई-ब्रेक के पहले मुकाबले में हंगरी के पीटर लेको को 2-0 से हराने वाले एरिगैसी की अच्छी रेटिंग के बावजूद आरोनियन के खिलाफ उनका मुकाबला बराबरी को होगा क्योंकि आर्मेनिया का यह खिलाड़ी शानदार लय में चल रहा है। हरिकृष्णा के सामने जोस मार्टिनेज की कड़ी चुनौती होगी। मार्टिनेज ने टूर्नामेंट में अपने से उच्च रैंकिंग वाले कई खिलाड़ियों को मात दी है। हरिकृष्णा ने बताया कि उन्होंने मैक्सिको के इस खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल प्रारूप में कभी नहीं खेला है।

## अल्काराज ने शीर्ष रैंकिंग के साथ पक्का किया

स्पेन। कार्लोस अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स के ग्रुप मुकाबले में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर साल का अंत शीर्ष रैंकिंग के साथ करने को पक्का कर लिया। स्पेन के अल्काराज ने सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के अपने मुकाबले को एकतरफा अंदाज में 6-4, 6- ।जीतकर दबदबा कायम किया। अल्काराज को शीर्ष आठ खिलाड़ियों के टूर्नामेंट एटीपी फाइनल्स के ग्रुप चरण के इस मैच से पहले यानिस सिनर को शीर्ष रैंकिंग से हटाने के लिए जीत की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करने के लिए 90 मिनट से भी कम का समय लिया।

# लक्ष्य सेन जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे



कुमामोतो (जापान)। शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने 475,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 40 मिनट में 21-13, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 10 मुकाबलों में सातवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया। इस साल सितंबर में हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के अलावा डेनमार्क और हाइलो ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे दुनिया के 15वें नंबर के इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार में जापान के छठे वरीय और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोतो की चुनौती होगी। पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे लक्ष्य ने इस दौरान अपने खेल में शानदार नियंत्रण दिखाकर दबदबा कायम किया। शुरुआती गेम में दोनों 4-4 से बराबरी पर थे, लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक के समय 11-8 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद उन्होंने लगातार छह अंक हासिल किए और 18-9 की बढ़त बनाने के बाद आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया। लोह ने दूसरे गेम में अच्छी वापसी की और शुरुआत में सेन के साथ 9-9 की बराबरी पर रहे। भारतीय खिलाड़ी ने दबदबा कायम करते हुए स्कोर को 15-9 कर ली। सिंगापुर के खिलाड़ी ने अंतर को 17-18 कर दिया लेकिन लक्ष्य ने अपनी पकड़ बनाए रखते हुए गेम के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# एशियाई चैंपियनशिप: रिकर्व तीरंदाज अंकिता और धीरज ने स्वर्ण पदक जीते



ढाका। भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने शुक्रवार को यहां एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया। अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया।

भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा। अंकिता ने इससे पहले सेमीफाइनल में सीनियर साथी और दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को हराया था। दोनों 5-5 से बराबरी पर थीं और शूट-ऑफ में भी दोनों तीरंदाजों ने नौ-नौ अंक बनाए। लेकिन अंकिता का तीर केंद्र के करीब था जिससे वह खिताबी मुकाबले में पहुंच गईं। अंकिता ने फाइनल में पहला सेट 29-27 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट 27-27 से बराबरी पर रहा। नाम तीसरा सेट 28-26 से जीतकर बराबरी पर आ गईं। लेकिन चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज़ ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से 5-3 की बढ़त बना ली। इस भारतीय ने निर्णायक सेट में भी दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। अंकिता ने इस तरह एशिया की लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली तीरंदाजों में से एक के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। भारत ने संगीता की बदौलत महिला रिकर्व का कांस्य पदक भी हासिल किया जिसमें इस तीरंदाज ने हमवतन और अनुभवी पांच बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में 6-5 से शिकस्त दी। पुरुषों के वर्ग में धीरज ने 33 वर्षीय अनुभवी जंग चैहवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में धीरज ने पहला सेट एक अंक से गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। उन्होंने तीसरा सेट 29-27 से जीतकर स्कोर 4-2 कर दिया। फिर 10 अंक की एक और हैट्रिक लगाकर स्वर्ण पदक पक्का किया।

# 16 नवम्बर को आयोजित होगी एसके लखनऊ मैराथन




लखनऊ। राजधानी लखनऊ तैयार है ऊर्जा, उत्साह और फिटनेस से भरपूर रविवार का स्वागत करने के लिए। एसके लखनऊ मैराथन 2025 का आयोजन इंस्टिट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर ), एसके फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्थान के सह-प्रायोजन से किया जा रहा है। इस मैराथन की थीम लखनऊ मुस्कराएगा भी, दौड़ेगा भी फिटनेस और एकजुटता का प्रतीक है, जो शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सामूहिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़े के लिए प्रेरित करती है। मैराथन का उद्देश्य ट्रैफिक अवेयरनेस, वुमन सेफ्टी और क्लीन लखनऊ जैसे गंभीर मुद्दों को युवाओं के बीच और भी प्रभावशाली तरीके से पहुँचाना है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आईआईईएमआर निदेशक मुकेश मिश्रा ने कहा एसके लखनऊ मैराथन हर उस व्यक्ति के लिए है जो खुद को बेहतर बनाना चाहता है। यह दौड़ सिर्फ कदमों की नहीं, जज्बे और अनुशासन की कहानी है। रन का फ्लैग ऑफ 16 नवम्बर को 1090 चौराहे से होगा। एसके फाइनेंस के मार्केटिंग हेड अंशुल जैन ने कहा एसके लखनऊ मैराथन सिर्फ एक स्पोर्ट्स इवेंट नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिकता और जागरूकता का संदेश है।

# जूनियर हॉकी विश्व कप युवाओं के लिए भावी सफलता का मील के पत्थर होगा




नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने शुक्रवार को अपनी टीम को आगामी विश्व कप को अपने कैरियर का अहम पड़ाव समझने और अपना फोकस 2028 लॉस एंजिलिस और 2032 ब्रिसबेन ओलंपिक पर रखने की सलाह दी।

चार ओलंपिक खेल चुके और तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे अनुभवी गोलकीपर श्रीजेश ने कहा कि जूनियर विश्व कप में दबाव का सामना करना और अनुभव हासिल करना युवा खिलाड़ियों के लिये सबसे बड़ा सबक होगा। श्रीजेश ने कहा कि जूनियर खिलाड़ियों के लिये यह उनके कैरियर का सबसे अहम पड़ाव होगा क्योंकि यहां से सीनियर स्तर के सफर की शुरूआत होती है। मैं इन खिलाड़ियों से हमेशा कहता हूं कि 2028 या 2032 का सपना देखो क्योंकि आप हमेशा जूनियर ही नहीं रहोगे। उन्होंने तमिलनाडु में 28 नवंबर से शुरू हो रहे जूनियर विश्व कप के लिये भारतीय टीम के ऐलान के बाद मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, यह टूर्नामेंट उनके कैरियर के लिये मील का पत्थर होगा जहां से वे अपने सफर की शुरूआत कर सकते हैं। श्रीजेश ने कहा, मैं उनसे हमेशा कहता हूं कि बड़े सपने देखो। सीनियर टीम में कई खिलाड़ी हैं जिन्होंने जूनियर विश्व कप नहीं खेला है। यह विश्व कप है और यहां से अनुभव मिलेगा। इससे उन्हें चुनौतियों और दबाव का सामना करना आयेगा। यह उनके लिये बेहतरीन मंच है। सैतीस वर्ष के श्रीजेश ने अपने कैरियर में सफलता, नाकामी, दबाव और निराशा सब कुछ देखा है और एक कोच के तौर पर वह खिलाड़ियों को सीखा रहे हैं कि इनसे कैसे पार पाना है। उन्होंने कहा, हम उन्हें जीतना और अपेक्षाओं पर खरा उतरना सिखा रहे हैं। हम टूर्नामेंट जीतने के लिये काफी मेहनत कर रहे हैं ताकि आत्मविश्वास बढे।

जूनियर विश्व कप शुरूआत है। महत्वपूर्ण यह है कि ये उससे क्या सीखते हैं। भारत को पूल बी में चिली, स्विटजरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान के नाम वापिस लेने के बाद ओमान को जगह दी गई है। जूनियर विश्व कप क्वार्टर फाइनल से शुरू होगा। इस बार छह पूल होने से यह पेचीदा है। हमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर फोकस करना है और किसी मैच को हलके में नहीं लेना है।

# आंख और हाथ का तालमेल बेहतर करने के लिए डॉक्टर काल्डेर के साथ काम करेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

नयी दिल्ली। खिलाड़ियों की आंख और हाथ का तालमेल बेहतर करने के लिये हॉकी इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका की मशहूर नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर शेरिले काल्डेर को अगले साल होने वाले एशियाई खेलों तक पुरूष हॉकी टीम के साथ काम करने के लिये नियुक्त किया है। आंख - हाथ और पैर तथा शरीर के तालमेल की विशेषज्ञ डॉक्टर काल्डेर गोल्फर अर्नी एल्स और मर्सीडीज एफवन ड्राइवर वाल्टेरी बोटास के साथ काम कर चुकी हैं। केपटाउन में जन्मी और ब्लोमफोंटेन में पली बढी काल्डेर ने दक्षिण अफ्रीका की रग्बी और क्रिकेट टीमों के साथ भी काम किया है। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने पीटीआई से कहा कि हम स्ट्राइकरों और गोलकीपरों का शिविर लगायेंगे और दिसंबर में केपटाउन में डॉक्टर काल्डेर उनके साथ काम करेंगी। उन्होंने कहा कि वह हाथ और आंख का तालमेल बेहतर करने में विशेषज्ञ हैं। कोई भी फैसला लेने से पहले आपको गेंद को देखना है और दिमाग को ऐसे तैयार करना है जो तुरंत प्रतिक्रिया दे। गोलकीपरों के लिये तो यह बहुत जरूरी है। कोच ने कहा, जिस तरह से क्रिकेटर हाथ से छूटते ही गेंद को देखकर पल भर में फैसला लेते हैं, हम भी उसी तरह से विश्व कप और एशियाई खेलों के लिये टीम को तैयार करने पर काम कर रहे हैं। दिसंबर से डॉक्टर काल्डेर विश्व कप और एशियाई खेलों तक हमारे साथ काम करेंगी। वह आनलाइन सत्र लेंगी जिन्हें खिलाड़ियों को पूरा करना होगा और जरूरत पड़ने पर वह टीम के साथ आफलाइन भी जुड़ेंगी। दक्षिण अफ्रीका के फुल्टोन के मार्गदर्शन में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता। अब उनकी नजरें अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में पदक जीतने पर लगी हैं। फुल्टोन ने कहा कि हमारा लक्ष्य विश्व कप जीतना है। हम देखना चाहते हैं कि हम विश्व में कहां ठहरते हैं। इस समय रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। हमें अगले छह महीने में कुछ सुधार करने होंगे ताकि विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी हो सकें। उन्होंने कहइा कि विश्व कप जीतने के लिये अपने से ऊपर वाली छह टीमों और नीचे की सभी टीमों को हराना होगा। मुझे यकीन है कि अच्छी तैयारी करके हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं।

# उपचुनावः नेकां को 2 सीटों पर हार, कांग्रेस जीती



नयी दिल्ली। विभिन्न राज्यों की आठ विधानसभा सीटों में से चार पर उपचुनावों में सत्तारूढ़ दलों को हार का सामना करना पड़ा है, जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राजस्थान की एक सीट और जम्मू-कश्मीर की दो सीट शामिल हैं। इन सीटों पर 11 नवंबर को मतदान हुआ था।

राजस्थान में उपचुनाव में कांग्रेस ने भाजपा से एक सीट छीन ली है वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस को उसके ही गढ़ बडगाम में पहली बार हार का स्वाद चखाया। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की सीट पर जीत दर्ज की जबकि मिजोरम की मुख्य विपक्षी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के उम्मीदवार आर लालथंगलियाना ने सत्तारूढ़ जोरम पीपुल्स मूवमेंट की वनलालसैलोवा को 562 मतों के अंतर से हराया। इसके अलावा अंता (राजस्थान), घाटशिला (झारखंड), जुबली हिल्स (तेलंगाना), तरनतारन (पंजाब) और नुआपाड़ा (ओडिशा) में भी उपचुनाव हुए। कांग्रेस और भाजपा ने एक-एक सीट और जीती जबकि आम आदमी पार्टी (आप) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भी एक-एक सीट जीती। ओडिशा के नुआपाड़ा सीट पर भाजपा के जय ढोलकिया ने कांग्रेस के घासी राम माझी को 83,748 मतों के बड़े अंतर से हराया। जय बीजद के दिवंगत विधायक राजेंद्र ढोलकिया के बेटे हैं, जिनके निधन के कारण उपचुनाव हुआ था। भाजपा की देवयानी राणा ने जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) के उम्मीदवार हर्ष देव सिंह को 24647 मतों से हराया। 10872 वोट पाने वाली नेकां प्रत्याशी शमीम बेगम की जमानत जब्त हो गई। राणा पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह राणा की बेटी हैं, जिनके निधन के कारण उपचुनाव हुआ था। जम्मू-कश्मीर में बडगाम उपचुनाव में विपक्षी पीडीपी के आगा सैयद मुंतजीर ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार आगा सैयद महमूद को 4,478 मतों के अंतर से हराया। बडगाम में उपचुनाव की जरूरत इसलिए पड़ी थी क्योंकि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पिछले साल विधानसभा चुनाव में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल करने के बाद यह सीट खाली कर दी थी और अपने परिवार के गढ़ गांदरबल को बरकरार रखा था। साल 1957 में विधानसभा के लिए पहला चुनाव होने के बाद से यह पहली बार है जब नेकां मध्य कश्मीर के बडगाम में अपने गढ़ में हार गई है। कांग्रेस ने राजस्थान की अंता विधानसभा सीट और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट पर जीत दर्ज की है। अंता में प्रमोद जैन भाया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाजपा उम्मीदवार मोरपाल सुमन को 15,612 मतों के अंतर से हराया। एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद भाजपा विधायक कंवर लाल मीणा को अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जिसके बाद यह उपचुनाव जरूरी हो गया था। जुबली हिल्स सीट पर कांग्रेस के वी नवीन यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीआरएस प्रतिद्वंद्वी मगंती सुनीता को 24,729 मतों के अंतर से हराया। जून में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ के निधन के कारण यह उपचुनाव जरूरी हो गया था। पंजाब में आप ने तरनतारन विधानसभा सीट बरकरार रखी और उसके उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार सुखविंदर कौर रंधावा को 12,091 मतों के अंतर से हराया। तरनतारन सीट जून में आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हुई थी।

# नीतीश के पोस्टरों से पटा पटना समर्थकों ने कहा- टाइगर जिंदा है




पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी बढ़त के बीच पटना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टरों से पट गया।

जनता दल (यूनाइटेड) ने कहीं ने कहीं यह संदेश देने का प्रयास किया है कि बिहार की सत्ता का प्रमुख चेहरा नीतीश हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर एक विशाल पोस्टर लगाया गया है, जिसमें दर्शाया गया है कि नीतीश कुमार एक बैठे हुए बाघ के पास खड़े हैं। इस पर टाइगर अभी जिंदा है लिखा हुआ है। दिनभर शहर की मुख्य सड़कों, पार्टी कार्यालयों और मोहल्लों में जद (यू) ने ऐसे कई पोस्टर लगाए हैं। एक अन्य पोस्टर पर लिखा था कि हमारे बिहार में एक स्टार, हर बार नीतीश कुमार। इसमें नीतीश की बड़ी तस्वीर थी और पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छोटी तस्वीर थी। पटना में लगे एक पोस्टर पर बिहार मतलब नीतीश कुमार लिखा हुआ था। राजनीतिक विश्लेषक अरुण कुमार पांडे ने कहा कि इन दृश्य संकेतों ने जद (यू) का साफ संदेश दिया है कि बिहार की राजनीति के मंच पर नीतीश कुमार सिर्फ मुख्य पात्र ही नहीं, पूरी कथा हैं। जद (यू) के एक कार्यकर्ता ने कहा कि हमारे बिहार में एक स्टार सिर्फ प्रशंसा नहीं है। यह याद दिलाना है कि केंद्र में जो भी अंकगणित हो, बिहार की बागडोर नीतीश जी के हाथ में है। इन पोस्टरों ने उन अटकलों के जवाब में रूप में भी देखा जा रहा है कि चुनाव बाद भाजपा द्वारा नीतीश को मुख्यमंत्री नहीं बनने देगी। भाजपा और जद (यू) ने इन अटकलों को पहले ही खारिज किया था, लेकिन शुक्रवार सुबह के ये दृश्य मानो इसे निर्णायक रूप से शांत करने के लिए तैयार किए गए थे। मुख्यमंत्री आवास के बाहर लगे टाइगर जिंदा है।

## संक्षेप

### ईडी के समन पर पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

नयी दिल्ली। रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी फेमा मामले में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए, जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 17 नवंबर के लिए नया नोटिस जारी किया। ईडी सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने अंबानी के शुक्रवार को डिजिटल माध्यम से हाजिर होने की पेशकश को अस्वीकार कर दिया। कारोबारी अनिल अंबानी (66) के एक प्रवक्ता द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने संघीय जांच एजेंसी को पत्र लिखकर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत की जा रही जांच में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। यह जांच जयपुर-रींगस राजमार्ग परियोजना से संबंधित है। हाल ही में धन शोधन निरोधक कानून के तहत अंबानी और उनकी कंपनियों की 7,500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के बाद ईडी ने एक बयान में कहा था कि आर-इंफ्रा के खिलाफ (फेमा के तहत की गई) तलाशी कार्वाई में पाया गया कि राजमार्ग परियोजना में कथित तौर पर 40 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई थी। एजेंसी ने कहा था, सूरत स्थित फर्जी कंपनियों के माध्यम से धन दुबई पहुंचाया गया। इससे 600 करोड़ रुपये से अधिक के व्यापक अंतरराष्ट्रीय हवाला नेटवर्क का पता चला है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने कुछ कथित हवाला डीलरों सहित कई लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

# राजग की ऐतिहासिक जीत, डबल इंजन सरकार पर विश्वास की मुहर



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी और कल्याणकारी नीतियों के प्रति विश्वास की मुहर है।

नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव में राजग को मिला प्रचंड बहुमत इस बात का भी प्रमाण है कि बिहार की जनता ने महागठबंधन के जंगलराज व भ्रष्टाचार को पूरी तरह से नकार दिया और सत्तारूढ़ गठबंधन के सुशासन, स्थिरता और विकास के आयामों को अपनाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, बिहार में राजग को मिला ऐतिहासिक जनसमर्थन प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास की मुहर है। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व जनादेश बिहार को एक विकसित राज्य और भारत को एक विकसित देश बनाने के राजग के संकल्प को साकार करने के लिए एक ठोस रूप प्रदान करेगा। बिहार विधानसभा चुनावों में राजग ने कुल 243 सीट में से लगभग 200 से अधिक सीट पर बढ़त हासिल की है, जिसमें भाजपा 90 सीट पर आगे होकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। राजद, कांग्रेस और तीन वामप दलों वाले महागठबंधन को 35 सीट का आंकड़ा पार करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बिहार में राजग की जीत के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई ने शुक्रवार को दावा किया कि पार्टी के पक्ष में लहर अब पड़ोसी राज्य तक पहुंचेगी, जहां लोग ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। भाजपा की राज्य इकाई के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास आने वाले दिनों में बिहार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित अन्य राज्यों में विकास का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार में जनता के समर्थन की यह प्रचंड लहर पश्चिम बंगाल भी पहुंचेगी। बंगाल की जनता बदलाव चाहती है। बंगाल की जनता तृणमूल के अभिशाप से मुक्ति चाहती है। वे विकास और रोजगार चाहते हैं। उन्होंने कहा, बंगाल फिर से भारत में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता है।

# बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का खाता अब भी नहीं खुला



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में एक्स फैक्टर मानी जा रही प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जसुपा) 243 सदस्यीय सदन में अब तक खाता खोलने में विफल रही है।

निर्वाचन आयोग से मिले रुझानों के अनुसार, जसुपा के अधिकांश उम्मीदवार कुल डाले गए मतों के सापेक्ष 10 प्रतिशत से भी कम वोट हासिल कर पाए हैं। पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार द्वारा गठित इस पार्टी को बेरोजगारी, पलायन और उद्योगों की कमी जैसे मुद्दों पर जोरदार प्रचार के बावजूद मतदाताओं का पर्याप्त समर्थन नहीं मिल सका। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 238 सीट पर चुनाव लड़ने वाले जसुपा के अधिकांश उम्मीदवार अपनी जमानत गंवाने की स्थिति में पहुंच गए हैं। नियमों के अनुसार, किसी भी उम्मीदवार को जमानत बचाने के लिए कुल डाले गए मतों का कम से कम छठवां हिस्सा हासिल करना आवश्यक है। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि 10,000 रुपये और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यह 5,000 रुपये निर्धारित है। एक अधिकारी ने बताया कि निर्धारित नियम के अनुसार वोट नहीं पाने पर जमानत राशि जब्त हो जाती है। कई सीट पर जसुपा उम्मीदवारों को मिले मत नोटा (इनमें से कोई नहीं) से भी कम हैं। फारबिसगंज सीट पर जसुपा के मोहम्मद इकरामुल हक को 24वें चरण की गिनती के बाद केवल 789 मत मिले, जबकि नोटा के पक्ष में 2,253 मत पड़े। बहुत कम जसुपा उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने 10 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल किए। इनमें चनपटिया सीट से त्रिपुरारी कुमार तिवारी उर्फ मनीष कश्यप शामिल हैं, जिन्हें 18वें चरण की गिनती के बाद 16.58 प्रतिशत मत मिले। जोकीहाट सीट से सरफराज आलम को 23वें दौर की गिनती के बाद 16.34 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। किशोर ने पहले दावा किया था कि उनकी पार्टी 150 सीट जीतेगी। बाद में उन्होंने यह भी कहा कि सीट अर्जित करने वाले दलों की सूची में जसुपा या तो सबसे ऊपर होगी या सबसे नीचे, लेकिन मध्य स्थिति की कोई संभावना नहीं है। जसुपा के प्रवक्ता पवन के वर्मा ने कहा कि पार्टी बिहार चुनाव में अपने प्रदर्शन की गंभीर समीक्षा करेगी।

# राजग कार्यालयों में जश्न, राजद में सन्नाटा





पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे शुक्रवार को जैसे-जैसे स्पष्ट होते गए, राजनीतिक गतिविधियों के केंद्र पटना का वीरचंद पटेल मार्ग दो बिल्कुल अलग-अलग दुनिया में बंट गया। एक ओर केसरिया और हरे रंग की खुशी थी तो दूसरी ओर मायूसी पसरी हुई थी।

एक ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालयों में ढोल पटाखों और ताज़ा लड्डुओं की खुशबू के साथ उत्सव का माहौल था, तो दूसरी ओर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) मुख्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था, जहां हर नए रुझान के साथ मायूसी बढ़ती जा रही थी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की स्पष्ट बढ़त के बीच भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न चरम पर पहुंच गया था। पार्टी के कार्यकर्ता शहर के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे कुछ साइकिलों पर, तो कुछ झंडों से भरे ऑटो-रिक्शाओं से उतरते हुए। पटाखों की रोशनी में परिसर के रंग बदलते रहे कभी केसरिया, कभी भूरा, तो कभी गुलाल का लाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुखौटे लगाए कार्यकर्ता हर बार बड़े एलईडी स्क्रीन पर भाजपा के आंकड़े बढ़ते ही नाच उठते। मोदी का परिवार उ के नारों के बीच महिलाएं भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी ज़िंदाबाद का जयघोष कर रही थीं। ढोल की थाप इतनी तेज थी कि पटाखों की आवाज़ भी धीमी पड़ गई। पूर्णिया से आई एक महिला कार्यकर्ता ने कहा, एकतरफा बढ़त के साथ राजग अजेय दिख रहा है। जनता ने झूठ और भ्रम की राजनीति को नकार दिया है। एक युवा कार्यकर्ता चिल्लाया, यह ठगबंधन के खिलाफ जनादेश है। भाजपा नेताओं के चेहरों की मुस्कानें धीरे-धीरे चौड़ी होती गईं, जैसे-जैसे पार्टी 101 में से 90 सीटों के आंकड़े को पार करती गई, लड्डू बांटे गए और कार्यकर्ता कह रहे थे कि पार्टी बिहार में अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत की ओर है।

## इंटरटेनमेंट...

# अभिनेत्री कामिनी कौशल का निधन



मुंबई। फिल्म नीचा नगर से 1946 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली हिंदी सिनेमा की शुरुआती अभिनेत्रियों में से एक मशहूर अदाकारा कामिनी कौशल का उनके मुंबई स्थित घर में निधन हो गया। एक करीबी पारिवारिक मित्र ने यह जानकारी दी।

वह 98 वर्ष की थीं। कामिनी कौशल ने 2022 तक कई फिल्मों में अभिनय किया। 1940 के दशक के अंत और 1950 की शुरुआत में इंडस्ट्री में सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक कामिनी कौशल ने दिलीप कुमार, देव आनंद और राज कपूर की तिकड़ी के साथ अभिनय किया। 1960 में उन्होंने फिल्मों में मुख्य किरदार निभाने शुरू किये थे। कामिनी ने 95 वर्ष की आयु में आमिर खान की 2022 में आई फिल्म लाल सिंह चड्ढा में काम किया था, जिसके साथ ही उन्होंने फिल्मों में 76 साल पूरे किये। परिवार के एक करीबी मित्र साजन नारायण ने बताया, बृहस्पतिवार देर रात मुंबई स्थित घर में कामिनी का निधन हो गया। फरवरी में वह 99 वर्ष की होने वाली थीं। कामिनी कौशल का जन्म 24 फरवरी, 1927 को लाहौर में हुआ था और उनका उस समय नाम उमा कश्यप था। कामिनी के पिता, शिव राम कश्यप को व्यापक रूप से भारतीय वनस्पति विज्ञान का जनक माना जाता है और वह विभाजन-पूर्व लाहौर में पंजाब विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में पढ़ाते थे। दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी कामिनी ने लाहौर के सरकारी कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। कामिनी के फिल्मी करियर की शुरुआत 1946 में आई फिल्म नीचा नगर से हुई। कामिनी को उनके पारिवारिक मित्र और फिल्म निर्माता चेतन आनंद ने फिल्म में काम के लिए संपर्क किया था। फिल्म ने 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रां प्री डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म पुरस्कार जीता था। फिल्म में कामिनी ने अभिनेता रफीक अनवर और आनंद की पत्नी उमा के साथ अभिनय किया था। चेतन आनंद ही थे, जिन्होंने फिल्म में काम कर रही दो उमा के बीच भ्रम से बचने के लिए उनका नाम कामिनी कौशल रखा था।

# सिनेमाघरों में फिल्म आगरा को नहीं मिल रहे शो




नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता कनु बहल ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा किया और बताया कि समीक्षकों द्वारा प्रशंसित उनकी फिल्म आगरा को इसलिए नहीं दिखाया जा रहा है क्योंकि छोटी फिल्में मल्टीप्लेक्स चेन प्रोग्रामिंग में फिट नहीं बैठतीं। बहल और अतिका चौहान द्वारा लिखित यह फिल्म एक परिवार के भीतर यौन मुद्दों को दर्शाती है। यह शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। बहल ने मल्टीप्लेक्स चेन प्रोग्रामिंग की व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि यह छोटी फिल्मों के बजाय बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को तरजीह देती है।

# धर्मेंद्र से जुड़ी भ्रामक खबरों को लेकर भड़के अमिताभ



नयी दिल्ली। अभिनेता अमिताभ बच्चन के आधिकारिक ब्लॉग पर नवीनतम पोस्ट में लिखा गया है, न कोई नैतिकता, न कोई जिम्मेदारी का भाव बस निजी लाभ का एक जरिया।

उन्होंने शुक्रवार को यह रहस्यमयी पोस्ट साझा की, लेकिन किसी का नाम नहीं लिया। बच्चन (83) ने लिखा, न कोई नैतिकता, न कोई जिम्मेदारी का भाव, बस निजी लाभ का एक जरिया, बिना किसी पल की परवाह किए, परेशान करने वाला और घिनौना। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न कोई नैतिकता, कोई भी आचार-नीति नहीं। बच्चन का यह पोस्ट शोले फिल्म में उनके साथ रहे अभिनेता धर्मेंद्र के स्वास्थ्य को लेकर मीडिया में लगातार हो रही कवरेज के बीच आया है। धर्मेंद्र को पिछले दिनों ब्रीच कैंडी अस्पताल में जांच के लिए भर्ती कराया गया था और बुधवार को छुट्टी दे दी गई।

# पर्दे पर महिला प्रधान किरदार दिखाने की जरूरत



मुंबई। जागरण फिल्म फेस्टिवल (जेएफएफ) ने दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को सम्मानित करते हुए एक विशेष सत्र आयोजित किया, जिसमें उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि पितृसत्ता किस प्रकार महिलाओं और पुरुष दोनों को प्रभावित करती है और इसे पर्दे पर दिखाने की जरूरत क्यों है। पांच बार की राष्ट्रीय पुरसकार विजेता शबाना आजमी ने अपने सफर, सिनेमा में स्त्रीत्व को समझने की उनकी बढ़ती समझ और भारतीय सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के बदलते स्वरूप पर बातचीत की। बृहस्पतिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत एक अजीब देश है, जहां एक ओर कुछ महिलाएं असाधारण उंचाइयां छू रही हैं, वहीं दूसरी ओर आज भी कुछ लड़कियों को जन्म लेते ही दफन कर दिया जाता है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब यह समझ बढ़ रही है कि हमें ऐसी महिलाओं को पर्दे पर दिखाना चाहिए जो हमारे समय को अधिक सटीक रूप से दर्शाती हों। लेकिन भारत एक अजीब देश है, यह कई सदियों को एकसाथ जीता है। एक तरफ आप देखेंगी कि महिलाएं कितनी उंचाई तक पहुंची हैं और दूसरी तरफ आज भी लड़कियों को जन्म के समय ही दफन कर दिया जाता है, सिर्फ इसलिए कि वे लड़की पैदा हुईं। यह विरोधाभास गहराई से पितृसत्ता में निहित है। आज़मी ने यह भी कहा कि पितृसत्ता केवल महिलाओं को ही नहीं बल्कि पुरुषों को भी प्रभावित करती है और वह अब एक ऐसे संतुलन को पर्दे पर देखना चाहती हैं। उन्होंने कहा, हम अक्सर भूल जाते हैं कि पितृसत्ता की शिकार महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी होते हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com